जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 14 | वर्ष : 28 | अंक : 297

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook | YouTube | twitter

www.mahanagartimes.com | जयपुर, गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 | जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित



2

### ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को मिली सरकार की मंजूरी

# नए नगर निगम जयपुर के 150 वार्डों की सीमा तय

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार ने ग्रेटर और हेरिटेज निगम का परिसीमन करने के बाद नए नगर निगम की सीमा तय कर दी है। इस बारे में स्वायत्त शासन विभाग ने ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को मंजूर कर दिया है। इस संबंध में अधिसूचना जल्द जारी होगी। नए नगर निगम जयपुर में कुल 150 वार्ड बनाए गए हैं। क्षेत्र की सीमा तय होने के बाद जनसंख्या की दृष्टि से वार्ड नंबर 31 सबसे छोटा, जबकि वार्ड नंबर 135 सबसे बड़ा वार्ड होगा। छह माह पहले सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी करके हेरिटेज और ग्रेटर निगम को एक करने का फैसला लिया था। इसके बाद सरकार ने इसके परिसीमन पर काम करते हुए वार्डों का क्षेत्र निर्धारित करके लोगों से आपत्तियां मांगी थीं। आपत्तियों का निपटारा करने के बाद परिसीमन प्रस्ताव को मंजूरी देकर गजट नोटिफिकेशन के लिए भेजा गया है।







### वार्ड 135 सबसे बड़ा, वार्ड 31 सबसे छोटा

जयपुर नगर निगम के पुनर्गठन के बाद वार्डों का निर्धारण कर दिया गया है। जनसंख्या के लिहाज से वार्ड नंबर 135 सबसे बड़ा है, जहां कुल जनसंख्या 32,272 है। वहीं, 13,499 की जनसंख्या के साथ वार्ड नंबर 31 को सबसे छोटा वार्ड बनाया गया है। करीब 5 महीने पहले जब ड्राफ्ट प्लान तैयार किया गया था, तब वार्ड नंबर 19 को सबसे बड़ा वार्ड प्रस्तावित किया गया था, जिसकी जनसंख्या 37,711 रखी गई थी। वहीं, सबसे छोटा वार्ड नंबर 132 को बनाया गया था, जहां जनसंख्या 10,371 रखी गई थी। अब अंतिम रूप से वार्ड 135 सबसे बड़ा और वार्ड 31 सबसे छोटा होगा।

### आरक्षित वार्डों का जल्द होगा निर्धारण

गजट नोटिफिकेशन के बाद जिला निर्वाचन शाखा की ओर से वार्डों का आरक्षण (एसटी, एससी वर्ग के लिए) निर्धारित किया जाएगा। ये निर्धारण वार्ड में मौजूद जनसंख्या के आधार पर किया जाएगा। जिन वार्डों में इन आरक्षित वर्ग की जनसंख्या ज्यादा होगी, उन्हें आरक्षित श्रेणी में रखा जाएगा। इसके बाद स्वायत्त शासन विभाग और जिला निर्वाचन शाखा की ओर से इन सभी वार्डों में से ओबीसी वर्ग और महिला वार्ड आरक्षण के लिए लॉटरी की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

### नवंबर में पूरा होगा कार्यकाल

जयपुर हेरिटेज और ग्रेटर दोनों ही निगम का कार्यकाल इसी साल नवंबर में पूरा होगा। राज्य सरकार के वन स्टेट-वन इलेक्शन के तहत प्रदेश की सभी नगरीय निकायों में एक साथ चुनाव करवाने की योजना है। संभावना है कि अगले साल सभी नगरीय निकायों में एक साथ चुनाव हो सकते हैं।

आपका इलाका किस वार्ड में आएगा... यह जानने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

### जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के धार से समूचे देश को किया संबोधित, पाक को एक बार फिर दिखाया आइना

# परमाणु धमकियों से नहीं डरता नया भारत : मोदी

महानगर संवाददाता

**धार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने स्वीकार किया है कि उनके हैडक्वाटर पर भारत ने हमला किया। हमारे सैनिकों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। पीएम मोदी ने कहा कि यह नया भारत है और इसे परमाणु ब्लैकमेल का डर नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश मां भारती की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। पीएम ने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने भी ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया। हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों के बल ला दिया। कल ही देश और दुनिया ने देखा कि एक पाकिस्तानी आतंकी यानी जैश-ए-मोहम्मद ने रो-रो कर अपना हाल बताया है। पीएम ने कहा कि यह नया भारत है, यह किसी की परमाणु धमकियों से डरता नहीं है। यह नया भारत है, घर में घुसकर मारता है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने 17 सितंबर हैदराबाद की घटना और सरदार पटेल को अमर कर दिया। हमने इस दिन को हैदराबाद लिबरेशन डे मनाने की शुरुआत की है। आज हैदराबाद में लिबरेशन डे का आयोजन किया जा रहा है। मां भारती की आन-बान-शान से बढ़कर कुछ नहीं है। इस दौरान मोदी ने स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मनाए जा रहे राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के लिए सिंगल क्लिक पर राशि ट्रांसफर की।



### विकसित भारत के 4 प्रमुख स्तंभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के धार से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' और 'राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान की शुरुआत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा विकसित भारत के 4 प्रमुख स्तंभ है। भारत की नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान। यहां से स्वस्थ नारी और सशक्त परिवार एक महाअभियान का प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा देश की माताओं और बहनों ने मुझे बहुत आशीर्वाद दिया है, आपका आशीर्वाद मेरा रक्षा कवच है। इस दौरान पीएम ने जनसभा में मौजूद महिलाओं से कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर मैं आपसे कुछ मांगने आया हूं। उन्होंने स्वास्थ्य कैंप में जाकर जांच कराने का आग्रह किया।

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के धार से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रतापनगर स्थित आरयूएचएस चिकित्सालय परिसर से वर्चुअली जुड़े। उन्होंने आयुष्मान भारत-स्वस्थ राजस्थान की दिशा में विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के स्वस्थ होने पर ही देश, जिला और गांव स्वस्थ होंगे। प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना प्रमुख रूप से शामिल हैं। वहीं लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की जो पहल की गई है, वह भी प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता का परिणाम है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने थैलेसीमिया कुटुंब योजना का शुभारंभ किया। साथ ही राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मनदर्पण कार्यक्रम की भी शुरुआत की।

### सीएम ने की 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025' की शुरुआत

# सभी नागरिक देश-प्रदेश को स्वच्छ बनाने में निभाएं सक्रिय भूमिका : भजनलाल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025' का शुभारंभ किया। सीएम शर्मा बुधवार को जयपुर के सिटी पार्क में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025' के शुभारंभ समारोह में कहा कि प्रधानमंत्री के प्रभावशाली और कुशल नेतृत्व ने भारत की तस्वीर बदली है। उनका सदैव स्वच्छता पर जोर रहा है और स्वच्छ भारत अभियान इसकी मिसाल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में गरीब कल्याण, आतंकवाद-नक्सलवाद का खात्मा, दुनिया में भारत के बढ़ते गौरव से विश्व में हमारी साख बढ़ी है। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और एक पेड़ मां के नाम अभियान से देश में सकारात्मक परिवर्तन आया है।



### गत 11 वर्षों में 38 से लगभग 100 प्रतिशत पहुंचा शौचालय निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2 अक्टूबर, 2014 को शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान आज जन आंदोलन बन चुका है। वर्ष 2014 में भारत में केवल 38 प्रतिशत घरों में शौचालय थे, वहीं 11 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण से आज यह आंकड़ा 100 प्रतिशत के करीब पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में जयपुर टॉप-20 में शामिल

सीएम शर्मा ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में राजस्थान ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। जयपुर के दोनों नगर निगम (जयपुर ग्रेटर और जयपुर हेरिटेज) राष्ट्रीय स्तर पर टॉप-20 में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि डूंगरपुर को सुपर स्वच्छ लीग शहरों में राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। वहीं जयपुर ग्रेटर और जयपुर हेरिटेज दोनों को कचरा मुक्त शहर की श्रेणी में 3-स्टार रेटिंग मिली है। उन्होंने कहा कि जयपुर ग्रेटर को पहली बार वाटर प्लस सर्टिफिकेट भी मिला है जो भविष्य की रैंकिंग में हमारी स्थिति और मजबूत बनाएगा।

# दुर्घटना में 2 भाइयों की मौत सदमे में पिता ने भी तोड़ा दम

### ट्रक ने बाइक को मारी थी टक्कर, तीनों की एक ही चिता पर अंत्येष्टि

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** चौमूं के कालाडेरा थाना इलाके में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार 2 भाइयों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घर पर पिता को दोनों बेटों की मौत की सूचना मिली तो सदमे से उनकी तबीयत बिगड़ गई। करीब 4 घंटे बाद सदमे में पिता ने भी दम तोड़ दिया। गमगीन माहौल में तीनों का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। गोविंदगढ़ सीओ राजेश जांगिड़ ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे लालचंद कुमावत व रामेश्वरलाल पुत्र दुर्गालाल कुमावत निवासी हस्तेड़ा गांव चौमूं किसी काम से चौमूं की तरफ जा रहे थे। इस दौरान कालाडेरा थाना क्षेत्र में चौमूं-रेनवाल रोड पर दूध डेयरी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। घर पर पिता को हादसे की सूचना मिली तो सदमे से उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। सदमे में शाम करीब 5 बजे पिता ने भी दम तोड़ दिया।



# कर्नाटक में एसबीआई से 21 करोड़ की डकैती

**बेंगलुरु (मसं)।** कर्नाटक के विजयपुरा की एसबीआई ब्रांच में 21 करोड़ से ज्यादा की डकैती हो गई। बैंक अफसरों के मुताबिक इसमें 1.04 करोड़ कैश और 20 करोड़ से ज्यादा का 20 किलो सोना शामिल है। पांच हथियारबंद लुटेरे मंगलवार शाम बैंक में लूट कर फरार हो गए। एसपी लक्ष्मण बी निंबारगी के अनुसार लुटेरे सेना जैसी ड्रेस और मास्क पहनकर आए थे। घटना शाम 6:30 से 7:20 बजे के बीच हुई। तीन लोग बैंक में घुसे और कैश और सोना बैग में भरा और बैंक को बाहर से ताला लगाकर भाग निकले। घटना के दौरान गोलियां भी चलाई।

**नवाचार** चुनाव आयोग ने मौजूदा दिशा-निर्देशों में किया संशोधन, बिहार चुनाव से होगी शुरुआत

# अब ईवीएम पर होंगी उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** देश में होने वाले चुनावों में अब ईवीएम पर उम्मीदवारों के रंगीन और पहले के मुकाबले बड़े फोटो लगाए जाएंगे, ताकि मतदाता प्रत्याशी को अच्छे ढंग से पहचान सकें। ईवीएम बैलेट पर यह बदलाव बिहार चुनाव से ही लागू हो जाएगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने ईवीएम मतपत्रों के डिजाइन और मुद्रण के लिए आचार संहिता, 1961 के नियम 49बी के तहत मौजूदा दिशानिर्देशों में संशोधन किया है, ताकि उनकी स्पष्टता और पठनीयता बढ़ाई जा सके। यह पहल पिछले 6 महीनों में ईसीआई द्वारा मतदाताओं के लिए चुनाव प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और बेहतर बनाने के लिए उठाए गए 28 उपायों के क्रम में की गई है।



### यह होगा बदलाव

अब ईवीएम मतपत्र पर उम्मीदवारों की तस्वीरें रंगीन होंगी और आसानी से नजर आएं, इसके लिए फोटो के लिए निर्धारित स्थान के तीन-चौथाई हिस्से में फोटो होगा। साथ ही अंतरराष्ट्रीय अंक प्रारूप में क्रम संख्या दी जाएगी। अंकों की एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए फॉन्ट बोल्ड होगा और इसका आकार 30 पॉइंट रहेगा। इसके साथ ही एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए, उम्मीदवारों/नोटा के नाम भी उसी फॉन्ट प्रकार और फॉन्ट आकार में मुद्रित किए जाएंगे, ताकि वे आसानी से पढ़े जा सकें। बेहतर छपाई के लिए ईवीएम मतपत्र 70 जीएसएम पेपर पर मुद्रित किए जाएंगे। विधानसभा चुनावों के लिए पिंक-टिंटेड पेपर का उपयोग किया जाएगा, जो विशेष आरजीबी के होंगे।

### बिहार की तरह देशभर में होगा एसआईआर

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) बिहार की तर्ज पर देशभर में होगा, लेकिन ज्यादातर राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को किसी प्रकार का दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके नाम पिछली एसआईआर की वोटर लिस्ट में शामिल हैं। ज्यादातर जगह यह प्रक्रिया 2002 से 2004 के बीच हो गई थी। जिन लोगों के नाम उस समय की वोटर लिस्ट में थे, उन्हें अपनी जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए कोई नया कागज नहीं देना होगा। जो नए वोटर बनना चाहते हैं, उन्हें डिक्लेरेशन फॉर्म भरना होगा। इसमें उन्हें बताना होगा कि वे भारत में कब जन्मे हैं। 1987 के बाद जन्मे लोगों को पैरेंट्स के दस्तावेज दिखाने होंगे।



श्रीमद् जगद्गुरु दिवाकर द्वाराचार्य अवधेशदास महाराज के सान्निध्य में दिव्य शक्ति यज्ञ से सेवा पखवाड़ा शुरू

# विधायक गोपाल शर्मा के नेतृत्व में स्वदेशी अपनाने का संकल्प

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रही सेवा कार्यों की धूम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में दिव्य शक्ति यज्ञ का आयोजन किया गया। विधायक गोपाल शर्मा के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ स्वेज फार्म, नंदपुरी स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर के प्रांगण में हवन-यज्ञ के साथ किया गया। श्रीमद् जगद्गुरु दिवाकर द्वाराचार्य संत शिरोमणि अवधेशदास महाराज के सान्निध्य में विधि-विधान से हवन संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने हवन, पूजन और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में भाग लिया। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुदीर्घ, स्वस्थ और सुमंगल जीवन के साथ-साथ राष्ट्रहित और जनता की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। यज्ञ की पूर्णाहूति में अवधेशदास महाराज ने विधायक गोपाल शर्मा की उपस्थिति में सभी कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं को स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग करने का संकल्प कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल में संत समाज पूरी तरह से राष्ट्रहित के मोर्चे पर सदैव उनके साथ खड़ा है।

विधायक गोपाल शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस सेवा पखवाड़ा को एक अवसर के रूप में लें और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करें। इस अवसर पर सिविल लाइंस मंडल अध्यक्ष इंदु परमार, राधे-राधे क्लब अध्यक्ष मनोज बंसल, राजेश बंसल, भाजपा पार्षद व चेयरमैन पवन शर्मा नटराज, पूनम शर्मा, पूर्व चेयरमैन भंवरलाल सैनी, पार्षद एवं जिला मंत्री रेखा राठौड़ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।






सेवा पखवाड़े के शुभारंभ अवसर पर सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में हुए विविध आयोजन। भाजपा शांति नगर मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने काटा केक।



शास्त्री नगर के चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में की महाआरती।



गायों को खिलाया चारा व गुड़।



सिविल लाइंस क्षेत्र में दिव्य शक्ति यज्ञ में दी आहूति।

### भारत ने विश्व पटल पर बनाई नई पहचान : गोपाल शर्मा

विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर नई पहचान बनाई है। उनके विजन और समर्पण ने देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है और निश्चित तौर पर हम सभी 2047 में विकसित भारत का स्वप्न साकार होते हुए देखेंगे। शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात करें और सेवा भाव के साथ समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। इसके लिए सेवा पखवाड़े में अधिक से अधिक सक्रियता से भाग लेना है।

### विभिन्न मंडलों में सेवा कार्य

भाजपा बनीपार्क मंडल द्वारा अध्यक्ष निखिल वर्मा के नेतृत्व में शास्त्री नगर के चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद 521 दीयों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु होने की कामना के लिए महाआरती और प्रसाद वितरण कार्यक्रम हुए। भाजपा शांति नगर मंडल द्वारा अध्यक्ष पवन सैनी के नेतृत्व में केक कटिंग और नमो विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें विधायक गोपाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर प्रधानमंत्री के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इससे पूर्व, सुबह भाजपा श्याम नगर मंडल द्वारा अध्यक्ष गौरव अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गौ सेवा के अंतर्गत गायों को चारा एवं गुड़ खिलाया।

## पूर्वी राजस्थान में 4 दिन होगी हल्की से मध्यम बारिश

### मानसूनी हवाएं सक्रिय होने से बदलेगा मौसम, पश्चिम से विदाई का दौर जारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एक बार फिर मानसूनी हवाएं सक्रिय होने से पूर्वी राजस्थान के कई शहरों में चार दिन तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। हालांकि पश्चिम राजस्थान से मानसून की विदाई का दौर लगातार जारी है। पूर्वी राजस्थान से करीब एक सप्ताह बाद मानसून की विदाई हो सकती है। पूर्वी राजस्थान के कई शहरों में बुधवार को हल्के से मध्यम बादल नजर आए। इससे पारे में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। 37.7 डिग्री के साथ चूरू का दिन और 27.5 डिग्री के साथ श्रीगंगानगर की रात सबसे गर्म रही। जयपुर में दिनभर छितराए बादल छाए रहे और हल्की हवाएं चली। इससे दिन के पारे में करीब 2 डिग्री का उछाल दर्ज किया गया। जयपुर का अधिकतम तापमान 35.2 और न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 18 से 22 सितम्बर को कोटा, उदयपुर संभाग के अलावा अन्य कुछ शहरों में दोपहर बाद हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पूर्वी राजस्थान में फिर से मानसूनी हवाएं सक्रिय हो रही है। इसके बाद विदाई संभव है। बुधवार को अलवर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर सहित कुछ अन्य शहरों में हल्की बारिश दर्ज की गई।

**बीसलपुर बांध के एक गेट से 3005 क्यूसेक पानी की निकासी :** बारिश का दौर थमने से बीसलपुर बांध में पानी की आवक लगातार घटती जा रही है। बुधवार को बीसलपुर बांध का गेट नम्बर 9 0.50 मीटर खोलकर 3005 क्यूसेक पानी की निकासी गई। मंगलवार को बीसलपुर बांध का 9 नम्बर गेट एक मीटर खोलकर 6010 क्यूसेक पानी की निकासी की गई थी। वर्तमान में त्रिवेणी नदी 3.30 मीटर पर बह रही है।

## कानोता बांध के बहाव क्षेत्र से जेडीए ने हटाई मिट्टी



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए द्वारा जोन-11 के ग्राम चिरोटा में जेडीए की वेयर हाउस योजना की भूमि में आ रहे अतिक्रमणों को हटवाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-10 में कानोता बांध के भराव क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार तीन दिन से जारी है। बुधवार को तीसरे दिन भी मिट्टी हटाई गई। माफियाओं ने यहां मिट्टी भरकर कैफे सहित अन्य निर्माण कर लिया था।

सर्वर ठप होने से लेकर स्टेशनरी की कमी और पानी की व्यवस्था नहीं मिलने से परेशान होते रहे लोग

# शहरी सेवा शिविर : आमजन में उत्साह ज्यादा, राहत कम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ग्रेटर और हेरिटेज के साथ जेडीए द्वारा शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों को लेकर आमजन में खासा उत्साह नजर आया, लेकिन आमजन को शिविर में पूरी राहत नहीं मिल पा रही है। जानकारी के अनुसार शिकायत लेकर पहुंचे रहे 10 लोगों में से 6 को ही राहत मिल रही है, शेष चक्कर काटने को मजबूर हैं। विशेष बात यह है कि शिविर में सामान्य काम आसानी से हो रहे हैं, लेकिन पट्टा, लैंड यूज कन्वर्जन सहित अन्य बड़े काम को लेकर पीड़ित को नई तारीख दी जा रही है।

जेडीए और निगम के शिविरों में कई प्रकार की अव्यवस्थाएं भी देखने को मिली। कहीं पर कम्प्यूटर ठीक से काम नहीं कर रहे थे, तो कहीं सर्वर भी कई बार ठप पड़ गया। कहीं पानी पीने की व्यवस्था नजर नहीं आई तो कहीं मशीनरी और स्टेशनरी की कमी नजर आई। कई छोटे कामों को लेकर आमजन को चक्कर काटने पड़ रहे थे, हालांकि कुछ समय बाद काम हुए, तो उनके चेहरे पर खुशी भी नजर आई।

### बिना कागज नहीं मिल पाया पट्टा



जेडीए परिसर में नागरिक सेवा केंद्र में शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुछ लोगों को पट्टे जारी किए गए। इसे बाद पट्टे वाला कागज खत्म हो गया। शेष लोगों को पट्टे जारी नहीं हो सके। इससे आमजन को काफी निराशा हुई। सिरोली गांव से दो भाई कानाराम और शंकरलाल रिंग रोड में अवाप्त भूमि के बदले दिए जाने वाले पट्टों के लिए सुबह 9 बजे शिविर में आए थे। शिविर में जोन-9 के अधिकारियों ने उन्हें दो घंटे इंतजार करने को कहा। इसके बाद दोनों भाई शाम 6 बजे तक बैठे रहे। जब शाम को अधिकारियों से पट्टे के बारे में पूछा तो उन्होंने गुरुवार को आने को कह दिया। पीड़ित कानाराम ने बताया कि वह लम्बे समय से पट्टे को लेकर जेडीए के चक्कर काट रहा है। शिविर लगा तो एक उम्मीद थी कि काम तुरंत और बिना पैसा दिए हो जाएगा, लेकिन अधिकारियों ने दिनभर बैठाए रखा और पट्टा भी नहीं दिया। उसने जब कारण जानना चाहा तो सामने आया कि पट्टे वाला कागज ही समाप्त हो गया। हालांकि उसे पट्टा कागज खत्म होने की वजह से नहीं मिला या कुछ और कारण रहा। इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। वहीं एक अन्य मामले में अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन प्रिया बलराम एक बुजुर्ग महिला को यह कहती नजर आईं कि आपको पट्टा नहीं मिल सकता है। आपका मामला कोर्ट में चल रहा है। फिर भी आपके मामले को दिखवाते हैं।

### जेडीए प्रशासन ने 211 आवेदनों का किया निस्तारण

बुधवार को जेडीए में स्थित नागरिक सेवा केंद्र में शहरी सेवा शिविर में 211 आवेदनों का निपटारा किया गया। जेडीसी आनंदी ने बताया कि शिविर में जोन-1 में 2 नाम हस्तांतरण, 1 पुनर्गठन, 2 लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पट्टे, जोन-2 में 2 नाम हस्तांतरण, विभिन्न प्रकरणों में 11 मांग पत्र, 2 लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पट्टे, जोन- 4 में 5 नाम हस्तांतरण, 6 उप विभाजन व पुनर्गठन, 1 लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पट्टा, दो 90ए प्रकरण, 2 भवन मानचित्र, 9 मांग पत्र, जोन- 9 में 6 नाम हस्तांतरण, 1 संशोधित नाम हस्तांतरण, 2 उप विभाजन, 23 फ्रीहोल्ड पट्टे, 1 संशोधित लीजडीड, दो 90ए प्रकरण, 2 भवन मानचित्र, विभिन्न प्रकरणों में 65 मांग पत्र और जोन-10 में 16 नाम हस्तांतरण, 13 फ्रीहोल्ड पट्टे, विभिन्न प्रकरणों में 35 मांग पत्र जारी किए गए।

### हेरिटेज निगमः छह वार्डों में 807 प्रकरण में 687 का निस्तारण



हेरिटेज निगम की ओर से शहरी सेवा शिविर 2025 का शुभारंभ बुधवार को किशनपोल जोन के मंडी खटीकन सामुदायिक केंद्र में हुआ। इस अवसर पर सामुदायिक केंद्र पर वार्ड 60, 61, 62, 64, 65 और 66 के 807 स्थानीय निवासियों की समस्याओं को कैंप में सुना गया, जिसमें 687 जनसमस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया गया। कैम्प में सुबह से ही भीड़भाड़ का दौर रहा। कैंप में हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव और आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने भी आमजन की समस्याओं को सुन मौके पर ही अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान जन्म मृत्यु और विवाह प्रमाण पत्र की सभी 39 शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं सफाई 130, कच्ची बस्ती योजना 41, पीएम-सीएम स्वनिधि योजना 38, नफसा 38, पेंशन संबंधी कार्य 22, जन्म मृत्यु पंजीयन शाखा के 39 और 6 कार्य पट्टा संबंधी किए गए।

### आज यहां लगेंगे कैंप

वार्ड 90 से 95 तक के निवासियों के लिए शहरी सेवा शिविर अम्बेडकर भवन सामुदायिक केंद्र रोटरी सर्किल पर लगाया जाएगा।



### ग्रेटर निगम में मालवीय नगर जोन में लगा शिविर, आज मानसरोवर में

ग्रेटर निगम द्वारा बुधवार को मालवीय नगर जोन के तिलक नगर स्थित सामुदायिक केंद्र में वार्ड 133, 134, 138, 139, 142, 147, 148, 149, 150 का शिविर आयोजित किया गया। गौरतलब है कि इससे पूर्व 4 से 13 सितंबर 2025 तक प्री-कैम्प आयोजित किए गए थे। वार्डवार शिविर में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। गुरुवार को मानसरोवर जोन के वार्ड 65, 66, 67, 68, 71, 74, 83 एवं ग्राम पंचायत मुहाना, मदाऊ, गजसिंहपुरा, जगन्नाथपुरा के सम्पूर्ण राजस्व ग्राम क्षेत्र का शिविर आनंद महल मैरिज गार्डन, पत्रकार रोड, मानसरोवर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्रेटर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि मालवीय नगर जोन में शिविर में आए गोविंद का तुरंत प्रभाव से विवाह प्रमाण पत्र जारी किया गया। शिविर में नगरीय विकास कर विभाग द्वारा करदाताओं को राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2007-08 से 2010-11 तक मूल रकम में 50 प्रतिशत एवं ब्याज में छूट दी गई है। मौके पर 11 प्रकरणों में राशि जमा कर 20 लाख का राजस्व संग्रहण किया गया।

जेके लोन में प्रदेश की पहली सरकारी हॉस्पिटल की पीडियाट्रिक कार्डियक डिपार्टमेंट की डेडिकेटेड यूनिट शुरू

# अब सरकारी अस्पताल में होगा दिल की बीमारी से पीड़ित बच्चों का इलाज

### 20 करोड़ की आई है लागत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के जेके लोन हॉस्पिटल में प्रदेश की पहली सरकारी हॉस्पिटल की पीडियाट्रिक कार्डियक डिपार्टमेंट की डेडिकेटेड यूनिट शुरू हुई है।




चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जे.के. लोन हॉस्पिटल में इस यूनिट का शुभारंभ किया। इस यूनिट में 80 बेड हैं, जिन पर पूरी तरह छोटे बच्चे, जो दिल की बीमारी से पीड़ित हैं, उनका इलाज किया जाएगा। चिकित्सा मंत्री ने बताया कि इस यूनिट में जल्द एडमिशन और इलाज की प्रक्रिया शुरू होगी, जिससे छोटे बच्चे जो दिल की बीमारी से पीड़ित हैं, उनको परेशान नहीं होना पड़ेगा।

इस मौके पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि यह मॉर्डन यूनिट 20 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की गई है। जे.के. लोन हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. आरएन सेहरा के अनुसार इसमें एक सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट और एक कार्डियक सर्जन की नियुक्ति कर दी है। इसके अलावा टेक्नीशियन औ र नर्सिंग स्टाफ भी लगाए गए हैं। जल्द सीनियर रेजीडेंट्स डॉक्टर्स की नियुक्ति होने के बाद इस यूनिट में मरीजों की भर्ती और इलाज की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

इस अवसर पर चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री ए. राठौड़, चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीश कुमार, जे.के. लोन हॉस्पिटल के अतिरिक्त अधीक्षक मनीष शर्मा, उपाधीक्षक डॉ. के.के. यादव समेत अन्य अधिकारी और डॉक्टर्स मौजूद रहे।

कॅरियर काउंसलिंग को लेकर कार्यक्रम आयोजित

## 'लर्निंग विद अर्निंग' पर करें अपना ध्यान केंद्रित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजकीय महाविद्यालय सांगानेर में बुधवार को प्राचार्य डॉ. किशनसिंह शेखावत की अध्यक्षता में प्लेसमेंट सेल और कॅरियर काउंसलिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समिति प्रभारी डॉ. अलका ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एकेडमिक डिग्री के साथ-साथ कौशल विकास के लिए ट्रेनिंग, शॉर्ट कोर्स इत्यादि भी करने चाहिए, जिससे वे अपना चहुंमुखी विकास कर प्रतिस्पर्धी समाज में अपनी स्थिति मजबूत बना सके और भविष्य में अपना कॅरियर बनाने एवं परिवार तथा समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए लर्निंग विद अर्निंग पर अपना ध्यान केंद्रित करें। इस अवसर पर एयू इग्नाइट फाउंडेशन से सीनियर मोबिलाइज ऑफिसर संतोष शर्मा ने विद्यार्थियों की कौशल विकास एवं कॅरियर के लिए काउंसलिंग की। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन द्वारा सीएसआर के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के कौशल विकास के लि विभिन्न शॉर्ट टर्म कोर्स पूर्णतया निशुल्क चलाए जा रहे हैं। सभी विद्यार्थी इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ प्राप्त करें। समिति सदस्य डॉ. हर्षिता ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 'ऑपरेशन पोलो' में जोधपुर का योगदान अविस्मरणीयः शेखावत



महानगर संवाददाता

**जयपुर/हैदराबाद/जोधपुर।** हैदराबाद मुक्ति दिवस पर बुधवार को आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि 'ऑपरेशन पोलो' में जोधपुर स्टेट फोर्स का योगदान इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। भारतीय सेना में विलय के बाद इस फोर्स ने अदम्य साहस और पराक्रम का प्रदर्शन किया, जिसे आज भी भारतीय सेना गर्व से आगे बढ़ा रही है। शेखावत ने कहा कि जोधपुर स्टेट फोर्स की भूमिका केवल सैन्य अभियान तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसने भारत की एकता और अखंडता को सुदृढ़ किया। यह केवल जोधपुर का नहीं, बल्कि पूरे देश का गौरव है।

### सिकंदराबाद में सरदार पटेल और वीरों को किया नमन




समारोह में नागौर जिले के मामडोली गांव के वीर पुत्र लेफ्टिनेंट कर्नल धौंकलसिंह मेड़तिया (राठौड़) को विशेष रूप से याद किया। उन्होंने हैदराबाद मुक्ति संग्राम में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाते हुए मातृभूमि के लिए शौर्य और बलिदान का अमर उदाहरण प्रस्तुत किया। शेखावत ने कहा कि मरुधरा की माटी से निकले ऐसे सपूतों ने यह सिद्ध किया है कि छोटे गांव भी राष्ट्र की रक्षा में बड़े योगदान देते हैं। आज भी स्टेट फोर्स के परिवारों में सेना और अर्द्धसैनिक बलों की सेवा का जज्बा जीवित है। उन्होंने कहा कि डेढ़ सौ करोड़ भारतीय गणतंत्र भारत की संकल्पशक्ति का प्रतीक बनकर खड़े हैं।

## नौ ट्रक सामान किया जब्त, 23 हजार का चालान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज की सतर्कता शाखा ने बुधवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर 45 से अधिक स्थानों पर 9 ट्रक सामान जब्त किया है, साथ ही 23 हजार रुपए परिवहन शुल्क वसूल किया है। इस संबंध में हेरिटेज निगम के उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सतर्कता शाखा ने छोटी चौपड़, चांदपोल, रामगंज, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता, पानीपेच, आरपीए रोड, पंडितजी का चौराहा, हरिपुरा, सिविल लाइंस, हीदा की मोरी सहित 45 से अधिक स्थानों पर कार्रवाई कर अस्थाई अतिक्रमण हटाकर 9 ट्रक सामान जब्त किया है और 23 हजार रुपए परिवहन शुल्क वसूल किया है।

जयपुर डिस्कॉम एवं जिला पुलिस ने झालावाड़ में की कार्रवाई

# 371 मामलों में 1 करोड़ 20 लाख की भरी वीसीआर


## बिजली चोरों के खिलाफ पहली बार 'संयुक्त अभियान'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम ने बुधवार को झालावाड़ जिला पुलिस के साथ मिलकर विद्युत चोरी के खिलाफ झालावाड़ जिले में विशेष संयुक्त सतर्कता अभियान को अंजाम दिया। निगम की कुल 48 टीमों जिनमें 170 सदस्य शामिल थे, ने इस अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की। इसके साथ-साथ जिला पुलिस के 350 पुलिसकर्मी भी अभियान में शामिल रहे। मुख्यालय के निर्देश पर कोटा जोन के कोटा तथा बारां जिले के 12 अधिशासी अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं की टीम को भी झालावाड़ भेजा गया। इस कार्रवाई को 7 जोन में बांटा गया था। पुलिस द्वारा विशेष रूप से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई जो राजपासा, हार्डकोर मादक पदार्थों की तस्करी एवं आपराधिक प्रवृत्ति के होने के साथ-साथ संगठित रूप से बिजली चोरी में भी लिप्त हैं। प्रत्येक जोन में विद्युत वितरण निगम की ओर से एक अधिशासी अभियंता अथवा सहायक अभियंता तथा जिला पुलिस की ओर से वृत्ताधिकारी को कमान सौंपी गई। जिला पुलिस ने इस ऑपरेशन को ऊर्जा प्रहार का नाम दिया।

रात 12 बजे से ही शुरू हो गया अभियान

यह संयुक्त अभियान रात करीब 12 बजे से ही शुरू कर दिया गया। जो करीब 10 घंटे तक चला। इस दौरान संयुक्त टीमों ने करीब 700 स्थानों पर कार्रवाई की। जिसमें से बिजली चोरी के 371 मामलों में 1 करोड़ 20 लाख रुपए की वीसीआर भरी गई। इस दौरान जयपुर विद्युत वितरण निगम तथा झालावाड़ जिला पुलिस ने झालावाड़ शहर, झालरापाटन, बकानी, रटलाई, भवानीमंडी, मिश्रोली, पगारिया, गंगधार, डग, उन्हेल, पिड़ावा, सुनेल, रायपुर, असनावर, मनोहरथाना, भालता, अकलेरा, खानपुर आदि स्थानों पर संयुक्त कार्रवाई की।



### शिक्षा विभाग इस वर्ष खरीदेगा करीब पौने चार लाख साइकिलें

## बच्चियों को केसरिया रंग की ही मिलेगी साइकिल

**जयपुर, (मसं.)।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नवीं कक्षा में पहुंची बच्चियों को मिलने वाली साइकिलें केसरिया रंग की ही होंगी। शिक्षा विभाग इस वर्ष करीब पौने चार लाख पूरी तरह से केसरिया रंग में रंगी साइकिलें खरीदेगा। इसके लिए 138 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया गया है। प्रदेश में बच्चियां आठवीं कक्षा के बाद अपनी पढ़ाई जारी रख सकें, इसके लिए शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में नवीं में प्रवेश पाने वाली छात्राओं को साइकिलें वितरित करता है। इस बार भी करीब पौने चार लाख साइकिलें खरीदी जाएंगी। इसके लिए खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आपूर्तिकर्ताओं से पूरी तरह केसरिया रंग में रंगी साइकिलें देने को कहा गया है। इसकी सीट, फ्रेम, चेनकवर और मडगार्ड आदि केसरिया रंग के ही होंगे।

### सरकार बदलने के साथ बदलता है रंग

यह योजना प्रदेश में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने अपने पहले कार्यकाल में शुरू की थी। उस समय उन्होंने केसरिया रंग की ही साइकिलें वितरित कराई थीं। इसके बाद कांग्रेस की सरकार आई और कांग्रेस को साइकिलों के केसरिया रंग में भाजपा का भगवा एजेंडा नजर आया तो उसने साइकिलों का रंग काला करा दिया। इसके बाद भाजपा के राज में ये फिर केसरिया और कांग्रेस के राज में काली हो गईं। अब मौजूदा सरकार फिर केसरिया रंग की साइकिलें वितरित करने जा रही है।

### पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की ओर से कार्यक्रम

## 126 स्थानों पर मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव, सीएम ने किया उत्साहवर्धन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गुलाबी नगरी में रक्तदान-महादान की मुहिम में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद (अभातेयुप) की ओर से बुधवार को रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 का आयोजन किया गया। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और परिषद के 61वें स्थापना दिवस पर आयोजित इस रक्तदान अभियान के तहत 126 शिविरों की शुरुआत आगरा रोड स्थित हेवन गार्डन से हुई, जिसके बाद अन्य सेंटर्स पर भी लोगों का हुजूम लगता दिखा। इसी के साथ सीतापुरा स्थित लोढ़ा इमपेक्स के सेंटर पर भी मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का सेंटर बनाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सांसद मंजू शर्मा, विधायक कैलाश वर्मा, उप महापौर ग्रेटर नगर निगम पुनीत कर्णावत, पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल ने शिरकत कर रक्तदाताओं और आयोजकों का हौसला बढ़ाया। आयोजकों में लोढ़ा इमपेक्स से दलपत लोढ़ा, लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक बैद, सीतापुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन से निलेश अग्रवाल, आरिफ कागजी, राजीव दीवान, तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष रवि छाजेड़, तेरापंथ युवक परिषद मंत्री शरद बरड़िया, एमबीडीडी टीम जयपुर के संयोजक सुरेंद्र नाहटा और करण नाहटा ने अतिथियों का सत्कार किया। वहीं विद्याधर नगर स्थित रामेश्वर गार्डन में सेंटर पर उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने शिरकत की।

## अधिवक्ता केदार सोलंकी पर हमले की निंदा

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता केदार सोलंकी पर अज्ञात बदमाशों द्वारा किया गया हमला निंदनीय, शर्मनाक एवं वकील समाज पर सीधा हमला है। राजस्थान बार काउंसिल के चेयरमैन डॉ. भुवनेश शर्मा ने इस कायराना हमले की निंदा की है। वरिष्ठ अधिवक्ता केदार सोलंकी हमले में गंभीर घायल हुए हैं। यह घटना ना केवल अधिवक्ताओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि न्यायिक व्यवस्था में विश्वास को भी आघात पहुंचाती है। काउंसिल चेयरमैन डॉ. शर्मा ने कहा कि हर अधिवक्ता बार काउंसिल परिवार का एक अभिन्न सदस्य है। किसी भी अधिवक्ता पर किया गया हमला पूरे अधिवक्ता समाज पर हमला माना जाएगा। उन्होंने राज्य प्रशासन एवं पुलिस विभाग से घटना की तात्कालिक एवं निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के साथ अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### जयपुर में आयोजित हुआ 'राजस्थान मिलेट एंड मस्टर्ड कॉन्क्लेव-2025

# भारत को बनाना है मिलेट्स-मस्टर्ड का वैश्विक हब : भागीरथ चौधरी

फिक्की राजस्थान और कृषि विभाग के सहयोग से हुआ आयोजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** हमारा लक्ष्य भारत को मिलेट्स और मस्टर्ड (सरसों) का वैश्विक हब बनाना है। इसके लिए ना केवल पारंपरिक खेती के तरीकों को सहेजने की जरूरत है, बल्कि तकनीकी अनुसंधान और नवाचार को भी बढ़ावा देना होगा। यह बात केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने जयपुर में आयोजित 'राजस्थान मिलेट एंड मस्टर्ड कॉन्क्लेव 2025' के उद्घाटन सत्र में वीसी के जरिए संबोधित करते हुए कही। यह कार्यक्रम फिक्की राजस्थान द्वारा कृषि विभाग (डीओए) के सहयोग से 'रेजिलिएंट क्रॉप्स विद इनोवेटिव टेक्नोलॉजीस' विषय पर आयोजित किया गया था।

मंत्री चौधरी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने मिलेट्स को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। वर्ष 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के रूप में मनाकर यह संदेश दिया गया कि मिलेट्स ना केवल पोषण सुरक्षा का आधार है, बल्कि कृषि और खाद्य सुरक्षा की दिशा में भी अहम कदम है। भारत आज विश्व का सबसे बड़ा मिलेट उत्पादक देश है, जिसमें राजस्थान की भागीदारी सबसे अधिक है। कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक (एक्सटेंशन) एस.एस. शेखावत ने कहा कि राजस्थान सरसों (रैपसीड-मस्टर्ड) उत्पादन में देश में लगातार अग्रणी बना हुआ है और तिलहन उत्पादन में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने राजकिसान साथी पोर्टल के माध्यम से पूरी तरह पेपरलेस आवेदन प्रणाली शुरू की है। अब 100 फीसदी कृषि योजनाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं और किसान वेबसाइट या मोबाइल एप के जरिए अपने आवेदन की स्थिति रियल टाइम में देख सकते हैं। इससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक हो गई है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि राजस्थान में कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्थापित किया जा रहा है, जिससे उत्पादकता बढ़ाने और संसाधनों के बेहतर उपयोग में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) 10-12 जनवरी, 2026 को सीतापुरा स्थित जेईसीसी में एक बार फिर आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 70 हजार किसान भाग लेंगे।




### 'तिलहन क्षेत्र को बनाना होगा अधिक सशक्त'

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, निदेशक (तिलहन) शरद द्विवेदी ने वीसी के जरिए तिलहन क्षेत्र को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस कॉन्क्लेव के माध्यम से व्यावहारिक रणनीतियां और समाधान सामने आएंगे, जो नीतिगत सुधार और तकनीकी नवाचार के लिए उपयोगी साबित होंगे।

### 'भारत में प्रति व्यक्ति खाने वाले तेल की बढ़ी खपत'

श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय (एसकेएनएयू) जोबनेर के वाइस चांसलर डॉ. बलराज सिंह ने बताया कि 1980-1990 के दशक में भारत में प्रति व्यक्ति खाने वाले तेल की खपत लगभग 7-8 किलो सालाना थी, लेकिन बदलती जीवनशैली और बढ़ती आय के चलते आज यह बढ़कर 17-18 किलो हो गई है। उन्होंने इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि देश की तेल की जरूरतों का बड़ा हिस्सा अब भी आयात से पूरा होता है, जिससे भारत विदेशी बाजारों पर काफी हद तक निर्भर है। सिंह ने इस निर्भरता को कम करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

### इन्होंने भी रखे विचार

अतिरिक्त निदेशक कृषि ईश्वर लाल यादव, संयुक्त निदेशक कृषि अजय पचौरी, साउथ एशिया मार्केटिंग डायरेक्टर (सीड्स), एपीएसी सीड पोर्टफोलियो एंड एग्रोनॉमी लीडर और कंट्री लीड फॉर बांग्लादेश, कॉर्टेवा एग्रीसाइंस सुरभि राणा, फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल के को-चेयरमैन सुरेंद्र सिंह शाहपुरा ने भी विचार रखे। कॉन्क्लेव के दौरान दो प्लैनेरी सत्र आयोजित हुए। वहीं महिला किसानों द्वारा बाजरा केक कटिंग सेरेमनी आयोजित की गई। इस अवसर पर फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल के निदेशक एवं हेड अतुल शर्मा ने आभार जताया।

## जीवन जागृति फाउंडेशन ने पिंकसिटी रत्न अवॉर्ड से किया सम्मानित



महानगर संवाददाता

जयपुर। समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली देश की 31 प्रतिभाओं को जीवन जागृति फाउंडेशन की ओर से पिंकसिटी रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर चेयरपर्सन राधा सैनी व शंकर सैनी ने कहा कि जिन लोगों की ख्याति देश की सीमाओं को लांघ देती है, ऐसी प्रतिभाओं को वे प्रतिवर्ष इस तरह का सम्मान प्रदान करते हैं, ताकि वे समाजसेवा में सदैव उत्साहित रहें। समारोह की मुख्य अतिथि माया ठाकुर सीईओ आईसीईएस चेयरपर्सन चरणस्पर्श फाउंडेशन भाजपा नेता ओम प्रकाश शर्मा, प्रिंसी, इंकलाब राइटर व एक्टर अहमदाबाद रहे। इसी बीच सम्मानित किए गए जसविन सोइन, आभा सैनी, डॉ. बरखा गोयल, विशाल शर्मा, सीए राधिका, उषा कुमारी मेकअप आर्टिस्ट, डॉ. विजय नायर और डॉक्टर गोविंद शर्मा मुदुल, अशोक खंडका व सतीश खंडका भी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाया



महानगर संवाददाता

जयपुर। मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं ऑल इंडिया वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में अपना घर आश्रम, जामडोली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्रालय की राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य डॉ. निर्मल जैन रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का जीवन समाजसेवा, समर्पण और राष्ट्रप्रेम का प्रेरणादायक उदाहरण है। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ आचार्य, सदस्य तथा ट्रस्ट मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि आश्रम में लगभग 211 माताओं के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया एवं उनको भोजन कराया गया। इस दौरान नवनीत जैन, कविता मीना, कौशल सत्यार्थी, रितु जैन, पृथ्वी, रामेश्वर, कमल सहित अन्य गणमान्य नागरिक, स्वयंसेवक तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जवाहर कला केंद्र की सुरेख आर्ट गैलरी में कला प्रदर्शनी का शुभारंभ



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की सुरेख आर्ट गैलरी में बुधवार को कला प्रदर्शनी 'विस्तार : ट्रांसफॉर्मिंग द मेंटल कैनवास' का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सुषमा महाजन (निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, रेडियोलॉजी, भगवान महावीर कैंसर अस्पताल एवं वरिष्ठ वॉटरकलर आर्टिस्ट) और विशिष्ट अतिथि देवेंद्र मोहन माथुर (अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जयपुर) ने संयुक्त रूप से प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी प्रख्यात कलाकार दीपाली एस. माथुर की कलाकृतियों पर आधारित है। प्रदर्शनी का विषय जयपुर 'रंगों और आकृतियों का मनोविज्ञान' है, जिसमें भगवद्गीता के श्लोक 'मामनुस्मर युद्ध च' की गहन व्याख्या की गई है। 'मामनुस्मर' भाग शांति, धैर्य और आत्म-नियंत्रण का प्रतीक है। 'युद्ध' भाग निराशा और असफलता से शक्ति, सामर्थ्य और नई शुरुआत की ओर प्रेरित करता है। सेंटर फॉर स्टोन डवलपमेंट के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक विवेक जैन ने कहा कि यह प्रदर्शनी कला के प्रति एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। जीवन एवं व्यक्तित्व रणनीतिकार सुमन उपाध्याय ने कहा कि यह प्रदर्शनी कला जगत में एक क्रांतिकारी पहल है। इनके अलावा वेलनेस विशेषज्ञ अभिषेक इंदौरिया ने भी विचार रखे। प्रदर्शनी 17 से 21 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह 9 से शाम 7 बजे तक सुरेख आर्ट गैलरी, जेकेके में कला प्रेमियों के लिए खुली रहेगी।

## कर सलाहकार संघ की मांग- बढ़ाई जाए ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तिथि



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कर सलाहकार संघ, जयपुर के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (पीसीसीआईटी) से मुलाकात कर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तिथि बढ़ाने की मांग की है। अध्यक्ष सीए पवन गोयल के अनुसार ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तिथि 30 सितंबर से 30 नवंबर तक बढ़ाने की मांग की गई। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पीसीआईटी (ऑडिट) आईआरएस शैलेंद्र शर्मा से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में सचिव सीए सुनील गोगरा, आरटीसीए के पूर्व अध्यक्ष सीए सतीश गुप्ता, आयकर विशेषज्ञ सीए अनूप भाटिया, सीए निखिलेश कटारिया और कार्यकारी सदस्यों में सीए अखिल पचोरी, सीए मनमोहन महिपाल, सीए नरेंद्र जैन, एडवोकेट मुजाहिद अख्तर, एडवोकेट राहुल सिगची और सीए शुभम मौजूद रहे। इस दौरान बैठक में बताया गया कि पोर्टल में कई तकनीकी गड़बड़ियां हैं तथा एकल समय में उपयोगकर्ता लॉगन की फाइलिंग क्षमता बहुत कम है। वित्तीय विवरणों को अंतिम रूप देने से पहले, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को लेखापरीक्षिती के लेखा-बही का विस्तृत विश्लेषण और सत्यापन करना आवश्यक है। अब शेष 14 दिन बहुत कम हैं और 30 सितंबर की वर्तमान नियत तिथि तक यह कार्य पूरा करना बहुत कठिन है। इसलिए तिथि को बढ़ाया जाए।

## जेडीए में खाली होने वाले पदों पर अब लगेंगे यूडीएच सेवा के अधिकारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए में संवर्ग के अधिकारियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। इससे जेडीए के काम प्रभावित हो रहे हैं। इसी को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने नए निर्देश जारी किए हैं। अब किसी भी पद के खाली होने पर उस पद को यूडीएच सेवा के अधिकारी से भरा जाएगा। पद चाहे प्रमोशन होने, रिटायमेंट होने सहित अन्य कारणों से खाली हुआ हो। इसके अलावा जेडीए के केंडर स्ट्रेन्थ बढ़ाने के साथ ही यूडीएच अधिकारियों के 35 नए पदों का सर्जन किया गया है। इसमें (सिविल) मुख्य अभियंता के तीन, अतिरिक्त मुख्य अभियंता के 11, अधीक्षण अभियंता के 15 और अधिशासी अभियंता के 6 पद शामिल हैं।

### रेलवे द्वारा त्योहरों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए उपलब्ध कराई जा रही सेवाएं

# पुणे-सांगानेर (जयपुर)-पुणे सुपरफास्ट 2 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का होगा संचालन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रेलवे की ओर से आगामी त्योहरों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए पुणे-सांगानेर (जयपुर)-पुणे 2 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। इनमें गाड़ी संख्या 01411 पुणे-सांगानेर (द्वि-साप्ताहिक) सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 25 सितंबर से 6 नवंबर तक (13 ट्रिप) पुणे से प्रत्येक गुरुवार व रविवार को 9:45 बजे रवाना होकर शुक्रवार व सोमवार को 7:40 बजे सांगानेर पहुंचेगी। इसी प्रकार 01412 सांगानेर-पुणे (द्वि-साप्ताहिक) सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 26 सितंबर से 7 नवंबर तक (13 ट्रिप) सांगानेर से प्रत्येक शुक्रवार व सोमवार को 11:35 बजे रवाना होकर शनिवार व मंगलवार को 9:30 बजे पुणे पहुंचेगी। इस गाड़ी में 4 थर्ड एसी, 6 द्वितीय शयनयान, 6 द्वितीय साधारण श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बे होंगे। इसके अलावा गाड़ी संख्या 01405 पुणे-सांगानेर सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 26 सितंबर से 7 नवंबर तक (7 ट्रिप) पुणे से प्रत्येक शुक्रवार को 9:45 बजे रवाना होकर शनिवार को 7:40 बजे सांगानेर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01406, सांगानेर-पुणे सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 27 सितंबर से 8 नवंबर तक (7 ट्रिप) सांगानेर से प्रत्येक शनिवार को 11:35 बजे रवाना होकर रविवार को 9:30 बजे पुणे पहुंचेगी। इस गाड़ी में 4 थर्ड एसी, 6 द्वितीय शयनयान, 6 द्वितीय साधारण श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बे होंगे।



### रेलसेवाएं मार्ग परिवर्तित, रीशेड्यूल, रेगुलेट रहेंगी

रेलवे द्वारा जोधपुर मंडल के भगत की कोठी-लूनी रेलखंड के मध्य लूनी-हनंवत-सालावास स्टेशनों के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग कार्य के कारण ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इनमें 22 सितंबर को काठगोदाम से प्रस्थान करने वाली 15014 काठगोदाम-जैसलमेर ट्रेन परिवर्तित मार्ग वाया फुलेरा-डेगाना-मेड़ता रोड-जोधपुर होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन मकराना, डेगाना व मेड़ता रोड स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसी तरह 74839 भगत की कोठी-बाड़मेर ट्रेन 23 सितंबर को भगत की कोठी से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे 40 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। वहीं 22 सितंबर को ऋषिकेश से प्रस्थान करने वाली 14887 ऋषिकेश-बाडमेर ट्रेन बीकानेर-जोधपुर स्टेशनों के मध्य 2 घंटे रेगुलेट रहेगी। इसके अलावा 23 सितंबर को साबरमती से प्रस्थान करने वाली 14822 साबरमती-जोधपुर ट्रेन मारवाड़ ज.-जोधपुर स्टेशनों के मध्य 1 घंटे रेगुलेट रहेगी।

### ओखा-शकूरबस्ती-ओखा सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के समय में आंशिक परिवर्तन

रेलवे ने ओखा-शकूरबस्ती-ओखा सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल के मार्ग के स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया किया है। गाड़ी संख्या 09523 ओखा-शकूरबस्ती सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल 23 सितंबर से 25 नवंबर तक (10 ट्रिप) ओखा से प्रत्येक मंगलवार को 10:00 बजे रवाना होकर बुधवार को जयपुर स्टेशन पर 4:05 बजे आगमन व 4:15 बजे प्रस्थान कर 10:35 बजे शकूरबस्ती पहुंचेगी। इसी प्रकार 09524 शकूरबस्ती-ओखा सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल 24 सितंबर से 26 नवंबर तक (10 ट्रिप) शकूरबस्ती से प्रत्येक बुधवार को 13:15 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 18:20 बजे आगमन व 18:30 बजे प्रस्थान कर गुरुवार को 13:00 बजे ओखा पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 09524 शकूरबस्ती-ओखा सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ओखा, द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट, सुरेन्द्रनगर, विरमगाम, महेसाना, ऊंझा व सिद्धपुर स्टेशनों के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है।

### कोयंबटूर-जयपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक स्पेशल की संचालन अवधि में 4 ट्रिप का विस्तार

रेलवे प्रशासन ने कोयंबटूर-जयपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि में 4 ट्रिप का विस्तार किया है। इसके अनुसार गाड़ी 06181/06182 कोयंबटूर-जयपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि में कोयंबटूर से 16 अक्टूबर से 6 नवंबर तक (4 ट्रिप) एवं जयपुर से 19 अक्टूबर से 9 नवंबर तक (4 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। इस ट्रेन का संचालन समय व ठहराव यथावत रहेगा।

### जम्मूतवी-साबरमती ट्रेन रद्द रहेगी

उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल पर कठुआ-माधोपुर पंजाब स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या 17 पर तकनीकी समस्या के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है। इस कारण रैक की कमी होने से उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाड़ी 19224 जम्मूतवी-साबरमती ट्रेन 18 सितंबर को रद्द रहेगी।

# 'शहरी-ग्रामीण सेवा शिविरों का अधिकाधिक फायदा उठाएं आमजन'

## 'कोई व्यक्ति योजनाओं से नहीं रहे वंचित'

### बाड़मेर नगर परिषद कार्यालय में प्रभारी सचिव एवं जिला कलेक्टर ने किया शिविर का शुभारंभ

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** 'राज्य सरकार की ओर से आमजन को राहत पहुंचाने के लिए शहरी सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अधिकाधिक आमजन जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा उठाएं।' बाड़मेर जिले के प्रभारी सचिव सुबीर कुमार ने बुधवार को बाड़मेर नगर परिषद कार्यालय में शहरी सेवा शिविरों के शुभारंभ के अवसर पर यह बात कही।

प्रभारी सचिव सुबीर कुमार ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों के दौरान राज्य सरकार की ओर से आमजन को राहत देने के लिए दिशा-निर्देशों में शिथिलता प्रदान गई है, जिसका लाभ आमजन को लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे, इस बात का ध्यान रखा जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शहरी सेवा शिविर को गंभीरतापूर्वक लेकर अधिकतम समस्याओं का मौके पर समाधान करवाएं। जहां भी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, वहां साफ-सफाई, रोड पेचवर्क के कार्य करवाए जाएं। नगर परिषद आयुक्त श्रवणसिंह राजावत ने बताया कि शहरी सेवा शिविर में भूखंडों के पट्टे, सार्वजनिक शौचालय, पार्कों की साफ-सफाई, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवारा पशुओं को पकड़ने, स्ट्रीट लाइट मरम्मत एवं नई लगवाने, रैन बसेरा आदि सार्वजनिक स्थलों के रखरखाव का कार्य, लीज राशि पर छूट, उप विभाजन, पुनर्गठन में छूट, भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क में छूट, 69 ए के पट्टों के शुल्क में छूट, पुनर्ग्रहण शुल्क में छूट का लाभ दिया जाएगा।

इससे पहले प्रभारी सचिव सुबीर कुमार एवं जिला कलेक्टर टीना डाबी ने शहरी सेवा शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चौक वितरित किए गए। समाजसेवी दीपक कड़वासरा ने शिविरों में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से कोई पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहे। नगर परिषद में बुधवार से प्रारंभ हुए शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की विभिन्न समस्याओं का मौके पर समाधान करके राहत पहुंचाई गई।




## पंचायतों में लगे ग्रामीण सेवा शिविर, मौके पर हुआ समस्याओं का समाधान

**नवलगढ़।** तहसील की ग्राम पंचायत सैनी नगर और बड़वासी में ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और कई विकास कार्यों का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया।

सैनी नगर ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा सीवर परियोजना का शुभारंभ प्रभारी सचिव सुमित शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि प्रधान दिनेश सुंडा रहे, जिन्होंने ग्राम पंचायत समिति द्वारा कराए गए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। अध्यक्षता संपत देवी एवं प्रशासक राजकुमार ने की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य बीरबल गोदारा, पंचायत समिति सदस्य, उप सरपंच बजरंग लाल सैनी, भागचंद सैनी एवं जेएसएस सदस्य सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



### बड़वासी ग्राम पंचायत में कई विभागों ने दी सेवाएं

बड़वासी ग्राम पंचायत में आयोजित सेवा शिविर का शुभारंभ सुबह 10 बजे हुआ। इस शिविर में नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा, जिला परिषद झुंझुनूं के एसीईओ रामनिवास जाट, बड़वासी सरपंच प्रकाश देवी, पंचायत समिति सदस्य सुभिता सीगड़, सरपंच प्रतिनिधि विजेंद्रसिंह दूत तथा ग्राम विकास अधिकारी पृथ्वीराज चारण सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने शिविर के माध्यम से त्वरित सेवाओं और समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन का आभार जताया।

## 75 वर्षीय वृद्धा को मिला विरासत नामांतरण

**सवाई माधोपुर।** ग्राम लोरवाड़ा निवासी 75 वर्षीय वृद्ध महिला भूली देवी की जीवन यात्रा वर्षों तक कठिनाइयों से घिरी रही। तीन बच्चों में से दो बच्चे सुदामा और फतेहलाल के निधन तथा उनकी पत्नियों के अन्यत्र चले जाने से विरासत का नामांतरण कराना लगभग असंभव सा प्रतीत हो रहा था। उन्हें सरकारी योजनाओं और आवश्यक दस्तावेजों का लाभ भी नहीं मिल रहा था। ग्रामीण सेवा शिविर में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने के बाद जिला प्रशासन ने तत्परता से कार्यवाही की। पटवारी दिनेश शर्मा, भू-अभिलेख निरीक्षक रामजीलाल और तहसीलदार नीरू सिंह ने मौके पर सुनवाई कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। नियमों के अनुसार मात्र दो घंटे में नामांतरण का कार्य पूरा कर जमाबंदी की नकल तैयार की गई। जिला कलेक्टर कानाराम ने स्वयं लाभार्थी भूली देवी को दस्तावेज सौंपकर उन्हें राहत प्रदान की।



## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े की शुरुआत

### कृषि एवं आपदा राहत मंत्री ने सवाई माधोपुर में किया सेवा शिविरों का शुभारंभ

**सवाई माधोपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा और जनकल्याण की भावना से सवाई माधोपुर जिले में बुधवार को सेवा पखवाड़ा शिविरों का शुभारंभ किया गया। कृषि एवं आपदा राहत मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा एवं जिला कलेक्टर कानाराम ने आदर्श नगर स्थित गीतादेवी अग्रवाल बालिका माध्यमिक विद्यालय में सेवा शिविर का उद्घाटन किया।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता, अथक परिश्रम और निस्वार्थ सेवा भावना से देशभर में करोड़ों लोगों के जीवन में समृद्धि और खुशहाली आई है। इसी भावना से प्रेरित होकर राज्य सरकार ने आमजन को राहत देने के लिए सेवा पखवाड़े की शुरुआत की है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके।



#### वन-स्टॉप समाधान केंद्र के रूप में उभरे शिविर

कृषि मंत्री ने बताया कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र के तहत शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों में नागरिकों को एक ही स्थान पर अनेक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ये शिविर प्रधानमंत्री के गरीब के उत्थान और 'विकसित भारत' की संकल्पना को साकार करने का माध्यम बनेंगे।

#### जनकल्याण की दिशा में निर्णायक पहल

कृषि एवं आपदा राहत मंत्री एवं जिला प्रशासन ने शिविर में जलभराव, नालियों की सफाई, पट्टा रजिस्ट्री, स्वरोजगार से जोड़ने, विद्युत लाइन शिफ्टिंग सहित विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर आमजन को राहत प्रदान की। जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों को व्हाट्सएप ग्रुप पर समन्वय करते हुए आगामी शिविरों की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### स्थाई समाधान की दिशा में प्रयास

जिला कलेक्टर कानाराम ने गीतादेवी अग्रवाल बालिका माध्यमिक विद्यालय आदर्श नगर, ग्राम पंचायत लोरवाड़ा एवं अजनोटी में ग्राम पंचायत बलरिया में शिविरों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीण सेवा शिविर अजनोटी में जल संसाधन विभाग एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी वर्षा ऋतु तक जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान को स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर प्रस्ताव बनाकर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करें। उन्होंने मनरेगा, अटल पेंशन, विश्वकर्मा योजना और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में अधिक से अधिक नागरिकों से आवेदन लेकर लाभान्वित करने के लिए ग्राम विकास अधिकारियों और सरपंचों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। जटवाड़ा शिविर के दौरान जिला कलेक्टर ने क्षय रोगियों को निक्षय/पोषण किट, विरासत नामांतकरण, आयुष्मान कार्ड वितरित किए।

ग्रामीण सेवा शिविर 2025

## लालामाण्डी पंचायत में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई



**नीमकाथाना/ खेतड़ी।** ग्रामीण सेवा शिविर अभियान 2025 के अंतर्गत लालामाण्डी ग्राम पंचायत, ब्लॉक बुहाना में कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण के विरुद्ध जनजागरण और सुपोषित भारत के संकल्प को सशक्त करने के उद्देश्य से तीन गर्भवती महिलाओं मनीषा, पुष्पा और मनेश देवी की गोद भराई रस्म संपन्न करवाई गई। यह रस्म पंचायत समिति बुहाना के प्रधान हरिकृष्ण, उखण्ड अधिकारी पूनम मीणा एवं सीडीपीओ संजय चेतानी के कर कमलों से सम्पन्न हुई।

इस दौरान सुरक्षित और सुखद मातृत्व की कामना करते हुए गर्भवती महिलाओं को शगुन की वस्तुएं एवं फल भेंट किए गए। उपस्थित महिलाओं ने पारंपरिक मंगल गीत गाकर वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

सीडीपीओ संजय चेतानी ने बताया कि बुधवार से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आठवें राष्ट्रीय पोषण माह एवं स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान की भी शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक सुपोषित भारत का निर्माण करना है। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षक सोफिल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज, सुमित्रा, निशा एवं सरोज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## आज सीकर जिले के 20 गांवों में लगेंगे ग्रामीण सेवा शिविर

**सीकर।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि जिले के उपखण्ड क्षेत्रों की विभिन्न 20 ग्राम पंचायतों में 18 सितम्बर को ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होंगे, जिसमें 16 विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर रहकर आमजन की समस्याओं का निदान करेंगे।

### इन गांवों में लगेंगे शिविर

सीकर उपखण्ड के पिपराली पंचायत समिति की धर्मशाला, तारपुरा, धोद के टाटनवां, ताजसर खेजडोलियान, फतेहपुर के हिरणा, गांगियासर, श्रीमाधोपुर के लिसाड़िया, बागरियावास, सिहोड़ी, गढटकनेत, नीमकाथाना के प्रीतमपुरी, बासड़ी खुर्द, पाटन की न्योराणा, राजपुरा, नेछवा की मंगलूणा, गाडोदा, लक्ष्मणगढ़ की बठोठ, बादुसर, दांतारामगढ़ उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत धींगपुर, लाडपुर में ग्रामीण सेवा शिविर लगाए जाएंगे।

## वाल्मीकि बस्ती में सफाई कर मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

**झुंझुनूं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा द्वारा मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत बुधवार को नगर मण्डल भाजपा द्वारा मण्डल अध्यक्ष कमलकान्त शर्मा के नेतृत्व में एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी व पूर्व विधायक रणवीर सिंह गुढ़ा के आतिथ्य में दो नम्बर रोड स्थित बाल्मीकि बस्ती में केक काटकर एवं सफाई कर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर हर्षिनी कुलहरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े में जिलेभर में ब्लड डोनेशन कैंप, स्वच्छता कार्यक्रम सहित अनेक सेवा सरोकार के कार्य किए जा रहे हैं इसके अंतर्गत नगर मण्डल झुंझुनूं में बाल्मीकि बस्ती में सफाई कर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि घर, बस्ती व मोहल्ले साफ होंगे, तो जिला सुंदर होगा और जिला व प्रदेश साफ होगा, तो देश सुंदर होगा। हमें अपने आस-पास सफ़ाई रखकर प्रधानमंत्री मोदी की स्वच्छ भारत की सोच को साकार करना है। पूर्व विधायक रणवीरसिंह गुढ़ा ने सभी कार्यकर्ताओं को स्वच्छता का संकल्प दिलाया।

नगर अध्यक्ष कमलकान्त शर्मा ने कहा कि बाल्मीकि समाज के जो लोग बस्ती, शहर, जिले को स्वच्छ रखने में सदैव अपना योगदान देते हैं, आज उनके मोहल्ले में स्वच्छता अभियान चला कर भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने एक संदेश दिया है। सेवा पखवाड़ा अभियान के मण्डल संयोजक रवि लांबा ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर केक काटकर सफाई अभियान चलाया और बाल्मीकि बस्ती की महिलाओं और बच्चों का दुपट्टा पहनाकर केक खिलाकर सम्मान किया। इस अवसर पर मण्डल प्रभारी अरुणा सिहाग, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सावित्री सैनी, मंजू चौहान, ममता शर्मा, सुधा पंवार, किरण चौधरी, द्रौपदी गरवा, मुन्नी देवी बाल्मीकि, विमला, सुमन बाल्मीकि, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, सोशल मीडिया जिला संयोजक चंद्र प्रकाश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती: आज पलसाना व पाटन के अभ्यर्थी लेंगे भाग

महानगर संवाददाता

**सीकर।** जिला रोजगार कार्यालय सीकर व भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली की ओर से सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक राकेश खर्रा ने बताया कि भर्ती 18 सितंबर को प्रातः 11 बजे से जिला रोजगार कार्यालय सीकर में होगी। इस दिन पलसाना व पाटन के अभ्यर्थियों को भाग लेने का मौका दिया जाएगा।

### आज नहीं होगी जिला स्तरीय जनसुनवाई

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए ग्रामीण सेवा शिविर एवं शहरी सेवा शिविर के चलते प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए 18 सितम्बर (तृतीय गुरुवार) को होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित किया गया है।

## विधायक यादव बने राज्य ओबीसी कांग्रेस सलाहकार परिषद के सदस्य

महानगर संवाददाता

**शाहपुरा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने शाहपुरा विधायक मनीष यादव को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की 'राज्य ओबीसी कांग्रेस सलाहकार परिषद' का सदस्य मनोनीत किया है। इस सलाहकार परिषद में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, अशोक गहलोत व गोविन्दसिंह डोटासरा समेत कुल 31 सदस्य शामिल किए गए हैं।



## सरकारी भूमि से हटाया अतिक्रमण

महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में पटवारी हल्का जोरावरनगर हरिप्रसाद यादव व भू-अभिलेख निरीक्षक तेजपाल मीना की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पंचायत जोरावरनगर में सरकारी कुएं की भूमि खसरा नंबर 117 से जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाकर कब्जा खाली करवाया गया।

तहसीलदार ने बताया कि परिवादी बनवारीलाल यादव व ग्रामीणों द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान पटवारी हल्का द्वारा पाबंद करने के बावजूद सरकारी कुएं की भूमि पर दीवार व गेट लगाकर अतिक्रमण करने की शिकायत की गई थी, जिस पर न्यायालय तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध बेदखली के आदेश पारित किए गए थे। न्यायालय निर्णय की पालना में पुलिस जाब्ते की उपस्थिति में उक्त अतिक्रमण को शांतिपूर्वक हटाया गया। अतिक्रमण हटने पर ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन का आभार व्यक्त किया।




## स्वास्थ्य जांच शिविर में 82 लोगों का बीएमडी टेस्ट

**श्रीमाधोपुर (मसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा नेता डॉ. माधव सिंह द्वारा बोन मैरो डेंसिटी (बीएमडी) जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 82 लोगों का बीएमडी टेस्ट किया जाकर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। डॉ. सिंह ने बताया कि यह शिविर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के तहत लगाया गया है। शिविर में उपस्थित लोगों को बीएमडी जांच की सहायता से ओस्टियोपोरोसिस की पहचान, फ्रैक्चर की पहचान और इसके जोखिम को कम करने के लिए आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में पार्षद राजेश कुमार, प्रदीप शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, रोहित कुमावत, राधेश्याम बरवड़, दीपक जाटावत समेत अनेक लोग मौजूद रहे।




## युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर प्रदेश महासचिव सुबहसिंह सैमाड़ा एवं जिलाध्यक्ष जितेंद्र मीणा के नेतृत्व में 'राष्ट्रीय बेरोज़गारी दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पकौड़ी का ठेला लगाकर लोगों को पकौड़े बांटे और बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज करवाया। प्रदर्शन के दौरान 'नौकरी चोर-गद्दी छोड़', 'बेरोज़गारों का हक दो', 'युवा कांग्रेस जिंदाबाद' के नारे भी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए।

प्रदेश महासचिव सुबह सिंह सैमाड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के नाम पर सिर्फ छलावा किया है। करोड़ों पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार घूम रहे हैं, लेकिन सरकार कोई ठोस योजना नहीं ला रही। आज पकौड़ी का ठेला लगाकर हमने यह संदेश दिया है कि पकौड़े बेचना रोजगार नहीं है। युवाओं को सम्मानजनक और स्थायी रोजगार चाहिए। जिलाध्यक्ष जितेंद्र मीणा ने कहा कि युवा कांग्रेस बेरोज़गारी के मुद्दे को लेकर लगातार सड़क से संसद तक संघर्ष कर रही है। मोदी सरकार युवाओं को उनका हक नहीं दे रही है। इस दौरान प्रदेश सचिव रईस अहमद, रविंद्रसिंह तंवर, मनीष सोनी सहित दर्जनों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## अग्रसेन जयंती महोत्सव के पांच दिवसीय कार्यक्रम का आगाज



महानगर संवाददाता

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर अग्रवाल समाज के पदाधिकारी एवं नवयुवक मंडल द्वारा भगवान श्री अग्रसेन महाराज के जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संरक्षक मगनलाल जैन, अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग एवं जिलाध्यक्ष जगदीश अग्रवाल द्वारा प्रथम महाराजा अग्रसेन के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना व आरती की गई। इसके उपरांत समाज का ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ।

जिलाध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यक्रमों में विभिन्न इंडोर प्रतियोगिताएं, म्यूजिकल चेयर, काउंटिंग गेम, 1 मिनट पासिंग दा पार्सल आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन अग्रवाल सेवा सदन में किया जाएगा। इस अवसर पर राजेंद्र गर्ग, संरक्षक मगनलाल जैन ने अग्रवाल समाज की एकता, व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए, समाज के स्वाभिमान व सम्मान के लिए, युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए, समाज के राजनीतिक अस्तित्व के लिए एवं अग्रवाल के विकास के निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महामंत्री गिरीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश गर्ग, गिर्राज अग्रवाल, विनोद गर्ग, सतीश ऐरण, नवयुवक अध्यक्ष सौरभ गर्ग, दीपक गोयल, मनीष गोयल सहित महिला मंडल अध्यक्ष बबली, महामंत्री ललित अग्रवाल, उपाध्यक्ष बीना मंगल, मिथिलेश गर्ग और कई अग्रवाल बंधु उपस्थित रहे।

ORGANIZER

PLASTIC MANUFACTURERS' ASSOCIATION RAJASTHAN

CO-ORGANIZER

PHDCCI — HARMONY DEVELOPMENT PROGRESS — Estd. - 1905

# RAJ PLAST 2025

AN INTERNATIONAL EXHIBITION ON PLASTIC & AGRO INDUSTRY

GROWTH WITH SUSTAINABILITY

## Mega Exhibition

Sept. 19 20 21 2025

Jaipur Exhibition And Convention Centre, Sitapura, Jaipur, Rajasthan



# भव्य शुभारंभ

## श्री भजन लाल शर्मा जी

माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान के कर कमलों द्वारा

दिनांक 19 सितम्बर 2025 • समय प्रातः 10:30 बजे

स्थानः जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर, सीतापुरा, जयपुर, राजस्थान



**श्री किरोड़ी लाल मीना** — माननीय मंत्री, कृषि एवं बागवानी राजस्थान सरकार

**श्री कन्हैया लाल चौधरी** — माननीय मंत्री, पीएचईडी, राजस्थान सरकार

**डॉ. अरुण चतुर्वेदी** — माननीय मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, राजस्थान सरकार

**श्री विजय सिंह चौधरी** — माननीय राज्य मंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण, राजस्थान सरकार

**श्री सतीश पूनिया** — पूर्व अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी-राजस्थान

**श्री अशोक परनामी** — पूर्व अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी-राजस्थान

**श्री लाल चंद कटारिया** — पूर्व कैबिनेट मंत्री, कृषि, पशुपालन, राजस्थान सरकार



**श्री मुकेश दाधीच** — प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी

**श्रीमती रमा देवी चोपड़ा** — जिला प्रमुख भारतीय जनता पार्टी

**श्री श्रवण कुमार शर्मा** — अध्यक्ष, प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन राजस्थान

**श्री दिग्विजय ढाबरिया** — अध्यक्ष, PHDCCI - राजस्थान चैप्टर और सीएमडी, ढाबरिया पॉलीवुड लि.

**श्री तोलाराम गट्टानी** — महासचीव, प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन राजस्थान

**श्री सुमेर सिंह शेखावत** — अध्यक्ष, राज- प्लास्ट-2025

SPONSORED BY

SAI MACHINE TOOLS PVT LTD SMT • AUTOMAT • RIICO • Vrundavan • MOHIT • Ambika • DAGAR

SPONSORED BY

jjindustriesindia.com • POLYWOOD • GAIL • PODDAR PIGMENTS • QUANTA • TATA SHAKTEE • Rex PIPES & CABLES • INOVA • Tirupati SPRINKLERS

# इनाम जीतने का सुनहरा मौका




समाचार पत्र की कटिंग साथ लाएँ और RAJPLAST लकी ड्रॉ मेंरोमांचक इनाम जीतने का सुनहरा मौका पाएं!

COMPANY NAME: ...........................

ADDRESS: ...........................

OWNER'S NAME: ...........................

MOBILE NO.:. ....................GST NO.:....................

* नियम एवं शर्तें :- • प्रतिभागी को समाचार पत्र की कटिंग साथ लाना अनिवार्य है। • प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक बार लकी ड्रॉ में भाग ले सकता है। • पुरस्कार हस्तांतरणीय (transferable) नहीं होंगे और न ही नकद में बदले जा सकते हैं। • विजेताओं का चयन लकी ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम होगा। • आयोजक किसी भी नियम में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। • लकी ड्रॉ में भाग लेने का अर्थ है कि प्रतिभागी सभी नियम एवं शर्तों को मानता है। • लकी ड्रॉ कूपन पूरी तरह से भरना और कंपनी का वैध GST नंबर देना अनिवार्य है। • लकी ड्रॉ के समय मान्य ID Proof प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

Jaipur Exhibition And Convention Centre, Sitapura, Jaipur, Rajasthan

RAJ PLAST 2025 AN INTERNATIONAL EXHIBITION ON PLASTIC & AGRO INDUSTRY — GROWTH WITH SUSTAINABILITY — Mega Exhibition Sept. 19 20 21 2025

PLASTIC MANUFACTURERS ASSOCIATION RAJASTHAN

## 5th E.C. Committee Meeting on 09-SEP-2025

OFFICE BEARERS: -:

| SHARWAN SHARMA | VIKRAM BAID | SANJAY KUMAR SAXENA | TOLA RAM GATTANI | ANUJ JAIN | SANJAY SHARMA |
|---|---|---|---|---|---|
| PRESIDENT | SR. VICE PRESIDENT | VICE PRESIDENT | GENERAL SECRETARY | JOINT SECRETARY | TREASURER |

EXECUTIVE MEMBERS

• AMIT GOYAL • ANKUR GARG • ASHOK KHATRI • ASHOK KR. SHARMA • D.P. SAXENA • DEVRAJ DAGAR • GOPAL LATH • JITENDRA YADAV • NAVRATAN KUMAWAT • RAJESH BANSAL • RAVI PERIWAL • SANJAY CHAUMAL • SITARAM CHOUDHARY • VIKAS SUROLIA • VINOD KR. SHARMA

CO-OPTED MEMBERS • DEEPAK MAHESHWARI • DHURV SEHGAL • MUKESH AGARWAL • TARUN GOYAL • VIKAS SHARMA

# प्लास्टिक मैन्यूफेक्चरर्स एसोसिएशन राजस्थान

www.rajplast.org • rajplast@pmar.in • 70734-78536

SHAKUN

# चौतरफा बरपा कुदरत का कहर!

## रौद्र रूप में नदियां, बादल फटने से आसमान से बरस रही आफत

**हिमाचल**, पंजाब, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बादल फटने और भारी बाढ़ से बर्बादी के पुराने मंजर अभी हमारी स्मृतियों से ओझल भी नहीं हुए थे कि एक बार फिर सोमवार देर रात से लेकर मंगलवार सुबह तक हिमाचल व उत्तराखंड में कुदरत ने तबाही के नए दृश्य गढ़ दिए। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के सहस्त्रधारा और मालदेवता में बादल फटने, भारी बारिश और सौंग व तमसा नदी में आई अचानक बाढ़ ने जान-माल को काफी क्षति पहुंचाई है, तो हिमाचल में जगह-जगह से भू-स्खलन और बसों के नदी में बहने की सूचनाएं मिल रही हैं। देहरादून में टोंग नदी की लहर इतनी वेगवान हो गई कि वह सड़कों और पुलों को बहाती चली गई। देहरादून-मसूरी और देहरादून-हरिद्वार मार्ग इससे काफी प्रभावित हुए हैं। मानसूनी बारिश के कारण उत्तराखंड में जबरदस्त तबाही देखने को मिल रही है। साथ ही यह स्थानीय लोगों पर भी कहर बनकर के टूट रही है। उत्तराखंड में आपदा के कारण 21 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से सर्वाधिक मौतें देहरादून में हुई है। देहरादून में अलग-अलग जगहों पर आई आपदा के कारण अब तक 15 लोगों के मौत हो गई है। वहीं 15 से ज्यादा लोग लापता हैं और कई घायल हुए हैं। इसके अलावा नैनीताल और उधम सिंह नगर में एक-एक लोगों की मौत हुई है। देहरादून में अब तक 400 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। यहां पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की संयुक्त टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। देहरादून के प्रेम नगर क्षेत्र में सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। यहां की आसन नदी में करीब 15 मजदूर बह गए। एसडीआरएफ ने आठ शवों को बरामद किया है। दो लोगों को एसडीआरएफ ने बचाया है और पांच अभी भी लापता हैं। इस हादसे का शिकार हुए सभी लोग नदी में खनन करने के लिए गए थे, लेकिन नदी में पानी ज्यादा आने की वजह से यह सभी लोग बह गए। बता दें कि उत्तराखंड के पहाड़ों की गोद में बसा शांत मालदेवता और सहस्त्रधारा अचानक कुदरत के कहर से चीख उठा। सहस्त्रधारा की वादियों में बारिश कहर बनकर बरस रही है। बादल फटा तो सिर्फ पानी नहीं बरसा बल्कि ऊपर से आफत भी बरसी। वहीं मालदेवता में नदी भी अपने उफान पर है। नदी देहरादून मालदेवता और टिहरी जाने वाले रोड को बहाकर ले गई। 10 से 15 साल में ऐसा पहली बार है जब टोंग नदी का इतना रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। संतोष की बात है, जिला प्रशासन मुस्तैद रहा और पूरी रात लोगों को राहत पहुंचाने व खतरे की जगहों से सुरक्षित स्थान पर ले जाने का काम चलता रहा। चिंता की बात यह है कि अब तक ऊंचे पहाड़ी इलाकों में बादल फटने की घटनाएं घटती रही हैं, पर अब सहस्त्रधारा जैसे मैदानी क्षेत्रों को भी इसका प्रकोप झेलना पड़ रहा है। इस बार के मानसून ने धराली से लेकर थराली तक उत्तराखंड के तमाम हिस्सों को गहरे जख्म दिए। पहाड़ पर बरपे कुदरत के कहर के बाद मानसून अब ढलान पर आता दिख ही रहा था कि राजधानी दून पर चौतरफा आफत टूट पड़ी। सहस्त्रधारा और इससे सटे कार्लीगाड़ में आधी रात के करीब जब लोग नींद के आगोश में आए ही थे कि तेज वर्षा के बीच भारी आवाज के साथ दोनों जगह बादल फट गया। पानी के तीव्र वेग और मलबे ने सभी को चपेट में ले लिया। किसी को भी संभलने का मौका नहीं मिला। वहीं, प्रभावितों को मजाड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए राहत शिविर के साथ ही सहस्त्रधारा रोड पर अधिग्रहीत किए गए होटलों में शिफ्ट किया गया है। कुदरत का कहर यहीं शांत नहीं हुआ। प्रेमनगर क्षेत्र में उफान पर आई टोंग नदी ने एक तरफ देहरादून-पांवटा साहिब राजमार्ग पर नंदा की चौकी के पास पुल का एक हिस्सा भरभराकर ढह गया, तो वहीं मंगलवार तड़के खनन के लिए ट्रैक्टर-ट्राली से नदी की तरफ जा रहे 14 लोग उफान में फंस गए। निस्संदेह, इस नुकसान का सटीक आकलन मानसून के खत्म होने के बाद ही हो सकेगा, जब नदियों की धारा अपने पुराने स्वरूप में लौटेगी और बह गए मकानों-दुकानों और संस्थानों का सूक्ष्म लेखा-जोखा होगा। मगर इस वर्ष कुदरती कहर जिस तरह टूटा है, उससे न सिर्फ शासन-तंत्र को, बल्कि नागरिक समाज को भी अनिवार्य रूप से सबक लेने की जरूरत है। शासन-तंत्र को गंभीरता से सोचना पड़ेगा कि पर्वतीय इलाकों की विकास योजनाएं बनाते समय अब क्या-क्या सावधानियां अपनाई जाएं। खासकर ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव से ग्लेशियरों में हो रहे परिवर्तनों पर सुदीर्घ चिंतन की जरूरत है। पहाड़ी इलाकों में मानव गतिविधियों से वहां की पारिस्थितिकी प्रभावित होती है, इसे जानने के लिए अब किसी नजूमी की जरूरत नहीं है। इसलिए एक दीर्घकालिक नीति अपनाने की जरूरत है। हमारे नागरिक समाज को यह सीखने की जरूरत है कि मानसून के दौरान तफरीह के लिए ऐसे संवेदनशील इलाकों में न जाएं। भारतीय परंपरा में चतुर्मास की आध्यात्मिक अवधारणा यही संकेत करती है कि हमें कुदरत को चुनौती देने की हिमाकत नहीं करनी चाहिए। इन दिनों में भू-स्खलन और अतिवृष्टि की घटना पहले भी होती थी। लेकिन तब मानसून के दौरान मनुष्यों की आवाजाही थम जाती थी। मगर भौतिक तरक्की और आर्थिक उन्नति के साथ मानव समाज ने रोमांच का ऐसा मायाजाल रचा कि लोग जोखिम उठाने के प्रति आकर्षित होते गए। नदियों के बहाव क्षेत्र में जाकर बसने के अविवेकपूर्ण फैसले तक लोग प्रकृति से लोहा लेने को आमादा हो गए। अब कुदरत का रौद्र रूप सामने आ रहा है और हमसे बड़ी कीमत वसूलने लगा है। इसलिए आबादी के नियंत्रण के साथ-साथ सैलानियों का प्रबंधन भी बहुत जरूरी हो गया है। जिस तरह से पहाड़ी इलाकों में खास अवसरों पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है और उससे वहां की नागरिक व्यवस्थाएं चरमरा उठती हैं, वह भी एक संकेत है कि मौजूदा उपभोक्तावादी संस्कृति को विवेक की कितनी जरूरत है। उत्तर भारत में मानसून चंद दिनों का मेहमान है। तब तक मौसम विभाग की चेतावनियों को न सिर्फ स्थानीय प्रशासन को संजीदगी से लेना होगा, बल्कि लोगों को भी खतरे वाली जगहों पर जाने से बचना चाहिए। नहीं भूलना चाहिए कि विकसित देशों का तंत्र भी कुदरती कहर के आगे बौने पड़ जाते हैं।



**इस वर्ष कुदरती कहर जिस तरह टूटा है, उससे न सिर्फ शासन-तंत्र को, बल्कि नागरिक समाज को भी अनिवार्य रूप से सबक लेने की जरूरत है। शासन-तंत्र को गंभीरता से सोचना पड़ेगा कि पर्वतीय इलाकों की विकास योजनाएं बनाते समय अब क्या-क्या सावधानियां अपनाई जाएं। पहाड़ी इलाकों में मानव गतिविधियों से वहां की पारिस्थितिकी प्रभावित होती है, इसे जानने के लिए अब किसी नजूमी की जरूरत नहीं है। इसलिए एक दीर्घकालिक नीति अपनाने की जरूरत है। हमारे नागरिक समाज को यह सीखने की जरूरत है कि मानसून के दौरान तफरीह के लिए ऐसे संवेदनशील इलाकों में न जाएं। भारतीय परंपरा में चतुर्मास की आध्यात्मिक अवधारणा यही संकेत करती है कि हमें कुदरत को चुनौती देने की हिमाकत नहीं करनी चाहिए।**

# प्रधानमंत्री मोदी ने भविष्य के शासन के अनुरूप तैयार किया 'कर्मचारी' से 'कर्मयोगी' तक का खाका

आर. बालासुब्रमण्यम

**देश** लोक प्रशासन में सुधार के अभूतपूर्व प्रयास कर रहा है। अब न केवल अधिकारियों के प्रशिक्षण के तरीके बदल रहे हैं, बल्कि उनकी सेवा के मायनों में भी बदलाव आ रहा है। मिशन कर्मयोगी- लोक सेवा क्षमता निर्माण का राष्ट्रीय कार्यक्रम है और इस बदलाव में इंजन की भूमिका निभा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच झलकती है। 25 वर्षों से अधिक समय तक सरकार चलाने और पांच दशकों से अधिक सार्वजनिक जीवन का अनुभव रखने वाले मोदी, व्यवस्थाओं के प्रति एक संचालक जैसी समझ, जड़ आदतों के प्रति एक सुधारक जैसी अधीरता, और ध्रुव तारे की तरह स्पष्ट –नागरिक-प्रथम, विकसित भारत के उद्देश्य को सामने रखते हैं। मिशन कर्मयोगी की खासियत यह है कि यह केवल दिखावे भर के लिए मानव संसाधन सुधार नहीं है। यह देश की लोक सेवाओं की मूल्य-आधारित परिवर्तनकारी पुनर्रचना है और इसका मुख्य ध्यान प्रदर्शन पर है। यह कार्यक्रम तीन निर्णायक बदलावों को संहिताबद्ध करता है: पहला बदलाव सरकारी अधिकारियों की मानसिकता में बदलाव है, यानी स्वयं को कर्मचारी मानने से लेकर कर्मयोगी मानने तक का सफर है। दूसरा बदलाव कार्यस्थल में बदलाव है, इसमें प्रदर्शन के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी सौंपने से लेकर प्रणालीगत प्रदर्शन बाधाओं का निदान और उन्हें दूर करने तक का बदलाव शामिल है। तीसरा बदलाव सार्वजनिक मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली और उससे जुड़ी क्षमता निर्माण प्रणाली को नियम-आधारित से भूमिका-आधारित बनाना है। यह संरचना स्पष्ट रूप से मोदी के 21 वीं सदी के शासन की मांगों के दूरदर्शी ढांचे से उभर कर सामने आई है। यह जीवंत नेतृत्व का परिणाम है। मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के रूप में, मोदी ने एक समग्र सरकारी संस्कृति को बढ़ावा दिया–अलग-अलग क्षेत्रों में अलगाव को खत्म किया, मंत्रियों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बहस पर बल दिया, और फाइलों को आगे बढ़ाने की बजाए सिस्टम समाधानों को प्राथमिकता दी। यह भावना महामारी के दौरान दिखाई दी, जब सरकार, उद्योग, नागरिक समाज और नागरिक स्वयंसेवकों के सभी स्तरों पर 'टीम इंडिया' एक साझेदारी मॉडल के रूप में आगे बढ़ी। यही सहयोगात्मक शक्ति अब जीईएम और गतिशक्ति जैसे सुधारों को संस्थागत रूप दे रही है। उन्होंने नेतृत्व की आदतों को संरचनाओं में भी ढाला। जो चिंतन शिविर–आवासीय, पदानुक्रम-समतल विचार-मंथन सत्र–गुजरात में शुरू किए गए थे वे अब केंद्र सरकार की कार्यपुस्तिका का हिस्सा हैं। निरंतर सीखने पर उनका बल व्यक्तिगत है। अपने ज्ञान और कौशल का निरंतर विस्तार करने के अलावा, वे यह भी जांचने के लिए जाने जाते हैं कि क्या प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारी आईजीओटी डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। संस्थागत स्मृति के साथ उनके व्यवहार में बहुत समावेशीता है। पदभार ग्रहण करने के




तुरंत बाद, उन्होंने मंत्रियों से दशकों तक एक तरह से व्यवस्था से भली-भांति परिचित अपने सहायकों और अनुभाग अधिकारियों से सीखने का आग्रह किया। व्यवहार में संस्कृति परिवर्तन ऐसा ही दिखाई देता है। जमीनी स्तर पर, सुधार की रीढ़ उद्देश्यपूर्ण तकनीक है। आईजीओटी -कर्मयोगी प्लेटफॉर्म एक व्यापक, कभी भी और कहीं भी सीखने का ईको सिस्टम है। इसमें 3,000 से ज्यादा स्व-प्रगति पाठ्यक्रम हैं जो सभी के लिए सुलभ हैं और सीखने को लोकतंत्रात्मक बनाते हैं। यह सीखने को मानव संसाधन कार्यों जैसे योग्यता मानचित्रण, करियर नियोजन और मार्गदर्शन से जोड़ता है–देश को प्रदर्शन पुलिसिंग से सक्षम क्षमता की ओर ले जाता है। यह पहले से ही बड़े पैमाने पर शक्ति प्रदान कर रहा है। लाखों अधिकारियों को नए कानूनी ढांचों के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया है; देशभर में लाखों पुलिस, डॉक्टर और अन्य कर्मचारी नागरिक संपर्क को मजबूत कर रहे हैं और सेवाभाव कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं; और बड़ी संख्या में लोग एआई और आईओटी जैसी उभरती तकनीकों में प्रमाणपत्र प्राप्त कर रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री की 'तकनीक-अनुकूल' प्राथमिकता संस्थागत ताकत में परिवर्तित हो चुकी है। दार्शनिक सार भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मिशन कर्मयोगी प्राचीन सभ्यतागत ज्ञान को आधुनिक शासन-कला के साथ जोड़ता है–विकास, गर्व, कर्तव्य और एकता जैसे संकल्पों के साथ-साथ स्वाध्याय, सहकार्यता, राजकर्म और स्वधर्म (नागरिकों पर ध्यान) जैसे व्यक्तिगत गुणों को भी समाहित करता है। यह कोई पुरानी यादें नहीं हैं; यह उच्च तकनीक युग के लिए एक व्यावहारिक नैतिकता है, जो यह सुनिश्चित करती है कि योग्यता चरित्र में समाहित हो। नागरिक-केंद्रितता–जनभागीदारी–दूसरा स्तंभ है। प्रधानमंत्री मोदी बार-बार इस बात पर जोर देते रहे हैं कि प्रत्येक सार्वजनिक निर्णय के केंद्र में नागरिक होने चाहिए। यही उनका शासन मंत्र है। व्यवहार में नागरिक सहभागिता दोतरफा समझौता बन जाती है। नीति और क्रियान्वयन में लोगों की भागीदारी होती है और अधिकारी अंतिम छोर पर खड़े अंतिम नागरिक की सेवा के लिए तैयार होते हैं। मिशन कर्मयोगी इस समझौते के लिए मानसिकता और तरीके विकसित करने का राज्य का साधन है। आत्मनिर्भरता इसकी पूरक है। यह एकाकीपन नहीं है; यह खुलेपन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा से प्रेरित क्षमता और आत्मविश्वास है। यही दृष्टिकोण क्षमता निर्माण के प्रयासों और माईगव जैसे प्लेटफॉर्म के व्यापक प्रसार में भी दिखाई देता है, जो नागरिकों को निष्क्रिय प्राप्तकर्ता नहीं, बल्कि सह-निर्माता बनाता है।

यह कथा भारत के सभ्यतागत लोकाचार में निहित है–और संस्थानों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में फलने-फूलने के लिए तैयार करती है। कार्यक्रम की संस्थागत संरचना प्रधानमंत्री मोदी की व्यावहारिकता को दर्शाती है। डिजिटल आधार और बाजार को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष प्रयोजन वाहन, कर्मयोगी भारत, समन्वय के लिए एक मंत्रिमंडल सचिवालय इकाई; संरक्षक और मानक-निर्धारक के रूप में क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी); और शीर्ष-स्तरीय संचालन के लिए प्रधानमंत्री ने मानव संसाधन परिषद का नेतृत्व किया। इसकी संरचना सहयोगात्मक, लेखा-परीक्षण योग्य और परिणाम-उन्मुख है–एक ऐसा शासन ढांचा जो 'कहीं से भी काम करने' वाले देश के लिए उपयुक्त है। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जो सीखता है उसे संचित नहीं कर रहा है। वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के अनुरूप, देश अपने ज्ञान, अनुभव और उपकरणों को साझा करने की तैयारी कर रहा है। इन्हें लोक प्रशासन में एक आदर्श के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण है, वहां तकनीकी व्यवधानों के बीच देशों को समान क्षमता की कमी का सामना करना पड़ रहा है। मॉरीशस को इस दिशा में पहले ही सहायता की पेशकश की जा चुकी है–यह एक प्रारंभिक संकेत है कि मिशन कर्मयोगी विकासशील लोकतंत्रों में एक अभ्यास समुदाय का निर्माण कर सकता है। सीधे शब्दों में कहें तो, मिशन कर्मयोगी एक दूरदर्शी विचार को एक व्यवस्था में बदल देता है। यह प्रधानमंत्री मोदी के शासन के लंबे दायरे–उनकी सीमाओं को तोड़ने की सहज प्रवृत्ति, तकनीक के साथ उनका सहज व्यवहार, संस्थागत स्मृति के प्रति उनके सम्मान और उनकी नैतिक शब्दावली–को एक दोहराए जाने योग्य संचालन मॉडल में बदल देता है: भूमिका-आधारित मानव संसाधन; निरंतर, डिजिटल शिक्षा; नागरिक भागीदारी; और सभ्यता पर आधारित नैतिकता इसमें समाहित हैं। इस तरह आप किसी देश को भविष्य के लिए तैयार करते हैं।

अगर भारत इसी राह पर चलता रहा, तो इसका फायदा सिर्फ तेज गति से आगे बढ़ने वाली काम की फाइलों और व्यवस्थित संगठनात्मक चार्ट में ही नहीं, बल्कि भरोसे में भी दिखेगा। नागरिक एक ऐसी सरकार का अनुभव करेंगे जो सुनती है, सीखती है और काम करती है। यही प्रधानमंत्री मोदी के दांव का मूल है। और यही वजह है कि मिशन कर्मयोगी, हाल के दशकों के किसी भी प्रशासनिक सुधार से ज्यादा, अपने असली रूप में देखा जाना चाहिए। यह लोगों की सेवा करने वाले लोगों में एक पीढ़ीगत निवेश है और इसे एक ऐसे नेता ने तैयार किया है जिसने अपना जीवन लोगों की सेवा में ही लगा दिया है।

# वैचारिक पहचान की तलाश करता नेपाल

प्रभु चावला

**नेपाल** के शासकों को एक कठोर सबक मिला है। जब वादे टूटते हैं और लोगों का विश्वास आहत होता है, तब सत्ता बिखर जाती है। सोशल मीडिया की प्रचंड ताकत से लैस नेपाल के युवाओं ने सरकार गिरा दी। नतीजतन केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देकर भागना पड़ा। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और नेपाल की आर्थिक बदहाली के बीच राजनीतिक एलीटों द्वारा संपत्ति जमा करने की होड़ से क्षुब्ध इन युवाओं ने अनियंत्रित सत्ता को बेनकाब कर दिया। पिछले सोलह साल से राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक अपंगता से ध्वस्त नेपाल में संदेश स्पष्ट है : जो सत्तारूढ़ शासक जनता को धोखा देते हैं, वे उन्हीं लोगों द्वारा हटाए जाते हैं, जिनकी वे अनदेखी करते हैं। वैसे में हिंसा ही परिवर्तन की आवाज बनती है। नेपाल के युवाओं ने एक चुनी हुई सरकार को हटाकर एक विश्वसनीय विकल्प को सत्ता सौंपी है। उन्होंने बेहद स्वच्छ छवि वाली एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया है।

नेपाल की हिंसा को क्रांति नहीं कह सकते। यह सामूहिक गुस्से का, नेताओं द्वारा छले गए परेशान लोगों का अनुभवहीन और नेतृत्वविहीन विस्फोट था। देश का सत्तारूढ़ गठबंधन इसके दबाव से ढह गया और ओली ने सिर्फ इस्तीफा ही नहीं दिया, बल्कि उनके छिप जाने की भी खबरें हैं। नेपाली युवाओं के गुस्से के हिंसक दृश्य विनाशकारी थे। मंत्रियों को निशाना बनाया गया और सरकारी भवनों को आग के हवाले कर दिया गया। यह अशांति एक गहरी बीमारी के साथ-साथ उस राजनीतिक व्यवस्था के प्रति अविश्वास का संकेत करती है, जिसने न सिर्फ सोलह साल में चौदह सरकार दिए, बल्कि दुखद यह भी कि हर सरकार अपनी पूर्ववर्ती सरकार की तुलना में नाकारा साबित हुई। 2008 में धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी गणतंत्र के लिए अपने राजतंत्रात्मक अतीत से छुटकारा पाने वाला नेपाल आज अपनी स्वतंत्र पहचान के लिए संघर्ष कर रहा है। नेपाल के मौजूदा संकट की जड़ें उसके अस्थिर राजनीतिक इतिहास में हैं। राजशाही से लोकतंत्र में रूपांतरण के दौरान भी नेपाल खून-खराबा और धोखाधड़ी का गवाह बना था। 2001 में राजकुमार दीपेंद्र ने शाही परिवार की नृशंस हत्या कर दी थी। उस त्रासदी ने नेपाल को संवैधानिक संकट में धकेल दिया था,



जिसके बाद ज्ञानेंद्र नेपाल के नरेश बने। लेकिन उनका शासन माओवादी आंदोलन पर अंकुश लगाने में नाकाम रहा। 1990 में शुरू हुए उस आंदोलन में 16,000 से अधिक जानें गईं। 2005 में संसद को विघटित कर पूरी ताकत खुद में केंद्रित करने के ज्ञानेंद्र के फैसले का भारी विरोध हुआ। भारी जनविरोध को देखते हुए ज्ञानेंद्र को सत्ता छोड़नी पड़ी। 2008 में राजशाही को खत्म कर नेपाल ने पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व में खुद को एक धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी गणतंत्र के रूप में स्थापित किया।

नेपाल में स्थायित्व और प्रगति के नए युग का वादा बहुत आकर्षक था, पर वह छलावा ही साबित हुआ। 2008 से आज तक वहां कोई सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई है और अंदरूनी प्रतिद्वंद्विता, भ्रष्टाचार और अवसरवादी गठबंधनों के दबाव से गिरती रही है। मौजूदा संकट इन सबका मिला-जुला परिणाम है। युवाओं द्वारा विरोध प्रदर्शन की शुरुआत सोशल मीडिया पर सरकारी प्रतिबंध के खिलाफ हुई थी। निरंतर सत्ता संघर्ष और समन्वयकारी एजेंडे के अभाव में शासन व्यवस्था अपंग हो गई है, जिस कारण नेपाल के बाहरी ताकतों से प्रभावित होने की आशंका बहुत बढ़ गई है। इनमें से चीन और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप के आरोप ज्यादा खतरनाक हैं, जो नेपाल में भारत का असर कम करने के लिए सक्रिय हैं।

चीन ने जहां बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव के जरिए नेपाल में भारी निवेश किया है, वहीं पाकिस्तान नेपाल सीमा के जरिए भारत के खिलाफ साजिश रचने में लगा है। आर्थिक रूप से नेपाल भीषण संकट में है। इस वर्ष उसकी विकास दर लगभग 3.3 फीसदी रहने वाली है, जो दक्षिण एशिया में सबसे कम है। भारत में प्रतिव्यक्ति 2,700 डॉलर और बांग्लादेश में प्रतिव्यक्ति 2,500 डॉलर के मुकाबले नेपाल की प्रतिव्यक्ति आय 1,400 डॉलर है। बेरोजगारी की दर वहां 19.2 फीसदी है। राजनेताओं के भव्य रहन-सहन और आम जनों के मुश्किल जीवन के अंतर को ही उन युवाओं ने अपने आंदोलन का आधार बनाया, जो भ्रष्टाचार और परिवारवाद को सारी बुराइयों की जड़ मानते हैं।

नेपाल की अशांति श्रीलंका और बांग्लादेश की याद दिलाती है। उन दो देशों में भी आर्थिक संकट और लोगों के गुस्से ने सरकार पलट दी। 2022 में श्रीलंका में आर्थिक संकट से उपजे जनविद्रोह ने गोटबाया राजपक्षे की सरकार पलट दी थी, तो 2024 में बांग्लादेश में हुए सत्ता विरोधी छात्र आंदोलन के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता छोड़कर भागना पड़ा। उन दोनों ही देशों में आंदोलनों के पीछे विदेशी हस्तक्षेप और सेना द्वारा समर्थित सरकार बनने की आशंकाएं जताई गई थीं। नेपाल में भी ऐसी ही आशंका जताई गई। लोकतांत्रिक रूप से चुने गए नेता या वैकल्पिक सरकार के अभाव में नेपाल में मौजूदा असंतोष लंबे समय तक बना रह सकता है। इस संकट के बीच वहां राजशाही की वापसी और हिंदू राष्ट्र की पहचान की मांग भी एक समूह ने की है। विगत नौ मार्च को काठमांडू में राजशाही की वापसी के पक्ष में एक प्रदर्शन भी हुआ था। नेपाल के संकट से भारत में भी सुरक्षा चिंता बढ़ी है। नेपाल के अस्थिर होने से वहां भारत-विरोधी गतिविधियां बढ़ेंगी और सीमापार आतंकवाद व स्मगलिंग बढ़ने के साथ भारत के उत्तरी राज्यों में सुरक्षा चिंता भी बढ़ेगी। भारत को चाहिए कि वह नेपाल की अर्थव्यवस्था को स्थिरता प्रदान करने के लिए वित्तीय मदद दे, साथ ही, रोजगार सृजन, ढांचागत विकास में सहायता करे। तकनीकी और अक्षय ऊर्जा में भारत की विशेषज्ञता नेपाल के ढांचागत सुधार में बहुत कारगर हो सकती है। ऐसे ही, शिक्षा तथा कौशल प्रशिक्षण में निवेश से युवा बेरोजगारी में कमी आ सकती है। कूटनीतिक तौर पर भारत को नेपाल में राजनीतिक पार्टियों, सिविल सोसाइटी, यहां तक कि राजशाही समर्थकों से भी संवाद करना चाहिए। इसका लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर विचार-विमर्श होना चाहिए, जिससे नेपाल में स्थिरता की गारंटी मिले। हिंदू-बौद्धों की साझा विरासत के आधार पर सांस्कृतिक कूटनीति से दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली संभव है।

## राशिफल


**आज दिनांक 18 सितंबर, 2025, गुरुवार, विक्रम संवत् 2082, आश्विन माह कृष्ण पक्ष द्वादशी, पुष्य नक्षत्र, कौलव करण, शिव योग, राहुकाल: दोपहर 1:51 से 3.22 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:18 बजे, सूर्यास्त सायं 6:23 बजे, चंद्रोदय रात 2:49 बजे, चंद्रास्त अपराह्न 4:57 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:57 बजे से 12:45 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:41 से 5:29 बजे तक, चंद्रमा कर्क राशि में संचार करेगा।**




आज का दिन आपको जो मार्गदर्शन मिल रहा है, उससे बड़ी चिंताओं पर काबू पाना संभव होगा। निजी जीवन में सकारात्मकता रहेगी। जिन बातों का जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था वे कम होने लगेंगी। आपको सावधान रहना होगा। ननिहाल से धन लाभ मिलेगा। विलासिता की चीजों पर खर्च करेंगे।




आज का दिन सोने चांदी के व्यापार से जुड़े लोगों को बड़ा फायदा हो सकता है। पार्टनर के कारण निजी जीवन में आ रही परेशानी का प्रभाव कम होने लगेगा। बढ़ते वजन को रोकने के लिए संतुलित भोजन करें।




आज का दिन कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद आप अपने निर्णय पर अडिग रहेंगे। मन में उठ रहे किसी विचार के कारण आप निर्णय बदलने की कोशिश कर सकते हैं जिससे आपको पछताना पड़ेगा। आज कारोबार में दिन-दुनी रात चौगुनी प्रगति होगी।




आज काम पर पूरा फोकस बढ़ाने की जरूरत होगी। संबंधों को लेकर उठ रहे विचारों को ठीक से देखें। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। काम का बोझ महसूस होता रहेगा। जिम्मेदारियों को ठीक से पूरा करने के साथ ही मिल रहे क्रेडिट से मानसिक रूप से भी कमजोर महसूस करेंगे।




मानसिक रूप से आज का दिन आपके लिए कठिन हो सकता है। नौकरी बदलने के लिए आपको प्रयास बढ़ाने होंगे। रिश्तों से जुड़ी बातों को समझना आपके लिए मुश्किल होगा। कमर दर्द की समस्या से निजात पाने के लिए फिजियोथेरेपी की जरूरत पड़ सकती है। व्यवसाय में उधार देने से नुकसान होगा। आज बीमारी से परेशान रहेंगे।




आज का दिन व्यवसाय या नौकरी और काम का एक ही क्षेत्र चुनने की आवश्यकता है। आपके द्वारा दिया गया प्रस्ताव शीघ्र ही स्वीकार कर लिया जाएगा। पैरों में सूजन हो सकती है, कारण जानने की कोशिश करें। ध्यान रखा जाना चाहिए कि नया ऋण आपको प्राप्त न हो। आज बहुत पुराना पैसा मिलेगा।




आज के दिन आपके द्वारा दिखाए गए संयम के कारण महान परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। वहीं जल्द ही किसी को कोई तोहफा प्राप्त होगा, जो आपकी आर्थिक समस्याओं का अच्छा समाधान साबित होगा।





आज का दिन पुरानी प्रथाओं के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं को दूर करने की आवश्यकता होगी। पैसों से जुड़ी किसी भी बात को नजरअंदाज न करें। कोई खरीदारी करने की सोच रहे हैं तो नुकसान हो सकता है। जरूरी बातों का पहले ध्यान रखना होगा।




स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।




आपसे जुड़े लोग मिल रहे अनुभव से अपने काम में बदलाव ला सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य के खिलाफ जाकर रिश्ते को लेकर फैसला लेना अब मुश्किल होगा। पेट संबंधित विकार बढ़ने की संभावना है।




आज छात्रों को असफलता को भूलकर नए सिरे से तैयारी शुरू करनी होगी। आपको महसूस होगा कि आपका पार्टनर आपकी बातों को समझ नहीं पा रहा है। शारीरिक कमजोरी के कारण परेशानी हो सकती है। आज नौकरी में काम की प्रशंसा होगी।




आपसे जुड़े लोग मिल रहे अनुभव से अपने काम में बदलाव ला सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य के खिलाफ जाकर रिश्ते को लेकर फैसला लेना अब मुश्किल होगा। पेट संबंधित विकार बढ़ने की संभावना है। व्यवसाय में उधार देने से नुकसान होगा। आज बीमारी से परेशान रहेंगे।

## सच्चे ज्ञान की खोज

प्रेरक प्रसंग

**एक** राजा ने अपने मंत्री-परिषद के समक्ष तीन प्रश्न किए-
पहला - सबसे अच्छा मित्र कौन?
दूसरा - सबसे अच्छा समय कौन?
तीसरा - सबसे अच्छा काम कौन?

प्रत्येक मंत्री ने उत्तर अलग-अलग सुझाए। किसी ने कहा ज्योतिषी द्वारा निर्धारित समय, कर्म तथा मित्र सर्वश्रेष्ठ है, किसी ने राजा के मित्र के रूप में मंत्री और सेनापति के नाम सुझाए। इन बातों से राजा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। वह जंगल की ओर चला, जहां एक ऋषि रहते थे। शाम के समय राजा अपने सिपाहियों सहित घोड़े पर सवार होकर वन में पहुंचा। देखा ऋषि तो वहां नहीं, लेकिन एक कुटिया के बगल में एक बूढ़ा व्यक्ति अपना खेत जोत रहा है। वह अपने सिपाहियों को बाहर खड़ा रहने का आदेश देकर उस बूढ़े के निकट गया। ऋषि के बारे में पूछा-बूढ़े ने कहा यह नाम तो उसी का है। राजा ने तीनों प्रश्न ऋषि से किए। ऋषि बीज बो रहे थे, राजा से भी मदद करने को कहा।

राजा बीज बोता रहा, लेकिन उसे अपने प्रश्नों का कोई उत्तर नहीं मिला। जब अंधेरा घना हो गया, तो एक घायल के कराहने, चिल्लाने की आवाज सुनाई पड़ी। ऋषि ने राजा से कहा, चलें इसकी मदद करें। घायल व्यक्ति कराह रहा था।

जब उसे होश आया तो वह राजा को देखते ही उसके चरणों में गिर पड़ा और क्षमा मांगने लगा।

राजा को आश्चर्य हुआ यह कौन मनुष्य है। वस्तुत: वह राजा को मारने आया था, लेकिन सिपाहियों ने उसे घायल कर दिया था। अब वह राजा से ही क्षमा याचना करने लगा।

राजा को अपने प्रश्नों का उत्तर अभी तक नहीं मिला था। उन्होंने ऋषि से पूछा- ऋषि ने कहा आपके प्रश्नों का उत्तर तो मिल गया। सबसे अच्छा मित्र आपके सामने वाला है।

सबसे अच्छा समय वर्तमान और सबसे अच्छा कर्म उपस्थित कर्म है। यदि ऐसा न होता, तो यह व्यक्ति आपका मित्र कैसे हो जाता, जो आपकी हत्या करने आया था?

## सुडोकु 2033

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 | | 5 |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 7 | | | | 8 | | | 9 | |
| | | | | 5 | 8 | | | 9 |
| | | 2 | 9 | 1 | 3 | | 8 | |
| | | | | | | | 5 | |
| | | 4 | | 9 | | | 3 | |
| 9 | | | 4 | 3 | | | | 1 |
| | 8 | | 7 | | | | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2032 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 5 | 2 | 6 | 8 | 4 | 1 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 1 | 8 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 4 | 5 | 1 | 2 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 6 | 9 | 3 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 | 4 | 2 | 8 |

भाजपा प्रत्याशी उपेन यादव की मेहनत ला रही रंग

## शाहपुरा क्षेत्र के स्कूलों को विज्ञान प्रयोगशालाओं की सौगात

महानगर संवाददाता

**शाहपुरा।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। क्षेत्र के विभिन्न राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों को भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान की प्रयोगशालाओं की सौगात मिली है। गोविंदपुरा बासड़ी, शाहपुरा, सुराणा, बिलान्दरपुर और खोरालाड़खानी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रत्येक प्रयोगशाला के लिए 67.50 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इस निर्णय से विद्यार्थियों को अब बेहतर वातावरण में विज्ञान विषयों की पढ़ाई और प्रयोगात्मक शिक्षा का लाभ मिलेगा। इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी उपेन यादव की लगातार मेहनत और क्षेत्र की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का परिणाम है कि आज शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों को यह बड़ा तोहफा मिला है। भाजपा प्रत्याशी उपेन यादव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त किया।

## सैनी समाज के पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए दैया



**सीकर।** सैनी समाज संस्था, सीकर की बुधवार को सैनी विश्राम सदन में आयोजित साधारण सभा की बैठक में वर्तमान अध्यक्ष राजकुमार दैया को पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। सभा के प्रारंभ में सभाध्यक्ष प्रेमप्रकाश सैनी 'मिलन' ने समाज को कुशल नेतृत्व प्रदान करने वाले वर्तमान अध्यक्ष राजकुमार दैया के नाम का प्रस्ताव किया, जिसका गोविंदराम कटारिया, आनंद कुमार टाक, रामगोपाल राकसिया, मंगलचंद समर्थपुरा, मदनलाल काकड़वाल, मदनलाल सैनी मैनेजर सहित समस्त सदस्यों ने समर्थन किया। तत्पश्चात निर्वाचन अधिकारी भोलाराम सैनी ने राजकुमार दैया के सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मत निर्वाचन की घोषणा की तथा निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। संरक्षक भंवरलाल गार्ड ने दैया का साफा पहनाकर स्वागत किया।

## छात्र-छात्राओं के लगाया टिटनेस का टीका



**लालसोट।** उपखंड के राजकीय विद्यालय लालपुरा में टिटनेस टीकाकरण अभियान के दौरान 28 छात्र-छात्राओं को टीके लगाए गए। इस दौरान उपस्वास्थ्य केंद्र लालपुरा एएनएम प्रमोद चौधरी, आशा सहयोगिनी शिमला शर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी राकेश गौतम के नेतृत्व में हरिशंकर शर्मा, मुस्कान शर्मा, लोकेश गवारिया, ट्विंकल गवारिया, मनीषा मीणा, नेहा मीना, दीपिका जांगिड़, विशाल महावर, खुशी सेन, कोमल बैरवा, अंजू बैरवा मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा पूजा दिवस बना सेवा और सहयोग की मिसाल

पूजा-अर्चना कर विश्व मंगल की कामना, रक्तवीरों ने किया रक्तदान



महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** विश्वकर्मा ग्रुप झुंझुनूं एवं सर्व समाज के सहयोग से बुधवार को श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस के अवसर पर कारूंडिया रोड स्थित खातियों की बगीची में स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर झुंझुनूं में सुबह 9 बजे से द्वितीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में राजकीय भगवानदास खेतान अस्पताल की टीम ने रक्त संग्रह किया। मुख्य अतिथि चंचलनाथ टीला के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्वाह्न सवा 11 बजे पं. रवि शर्मा के सान्निध्य में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर विश्व मंगल की कामना की गई। संयोजक विनोद सिद्धड़ ने बताया कि सर्व समाजबंधुओं के सहयोग से शिविर में रक्तवीरों द्वारा रक्तदान किया गया।

### विश्वकर्मा मंदिर पर हुई भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा अर्चना

**नीमकाथाना।** शहर में शाहपुरा रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण पर विश्वकर्मा पूजा दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जांगिड़ समाज के प्रबुद्ध लोगों ने शिरकत कर विशेष पूजा अर्चना कर समाज की खुशहाली की मन्नत मांगी। इस मौके पर श्रद्धालु जांगिड़ समाज समिति संयोजन में भगवान विश्वकर्मा की आराधना के साथ ही पंडितों द्वारा हवन पूजन आरती भी की गई। मुख्य अतिथि आदमपुर हरियाणा विधायक चंद्रप्रकाश का समिति पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं ने साफा पहना कर, स्मृति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर स्वागत किया।

## अजीतगढ़ थानाधिकारी रिया चौधरी बनीं सीआई

महानगर संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** राज्य सरकार ने राजस्थान पुलिस में पुलिस उप निरीक्षकों को पदोन्नति देकर पुलिस निरीक्षक बनाया है। इस क्रम में पुलिस उप निरीक्षक पद पर कार्यरत अजीतगढ़ थानाधिकारी रिया चौधरी निवासी फतेहपुर को पदोन्नति देकर पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। उनकी इस पदोन्नति की उपलब्धि पर थानाक्षेत्र अजीतगढ़, फतेहपुर सहित क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई, उन्हें लगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए बधाई संदेश मिल रहे हैं। थानाधिकारी रिया चौधरी अजीतगढ़ से पहले सीकर जिले के दादिया, खाटूश्यामजी, थोई, जीणमाता एवं झुंझुनूं में ट्रैफिक इंचार्ज, मंडावा, बिसाऊ में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।

## विप्र संवाद संयोजक पाराशर ने मनाया जन्म दिवस

महानगर संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** विप्र संवाद ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संयोजक अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज पाराशर ने बुधवार को अपना जन्म दिवस सेवा कार्य के साथ मनाया। जन्म दिवस पर उन्होंने पौधरोपण, गौ सेवा एवं गणेश जी मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद चेतना दिव्यांग संस्था के दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर जन्म दिन मनाया। उन्होंने बच्चो को गिफ्ट, मिठाइयां, पाठ्य सामग्री एवं चॉकलेट वितरित कीं। चेतना संस्था के संस्थापक रवीन्द्र बसावतिया सहित अन्य उपस्थित लोगों ने पाराशर को जन्म दिवस की बधाई दी। राष्ट्रीय संयोजक पाराशर के जन्म दिन पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, ज्योति किरण शुक्ला सहित सामाजिक एवं अधिकारीजनों ने बधाई दी।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर हुए कई कार्यक्रम

### लालसोट विधायक मीणा ने किया सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

महानगर संवाददाता





**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सभापति पिंकी चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सेवा पखवाड़ा अभियान का आगाज किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने जनता के बीच बैठकर सादगी का परिचय दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रवि हांडा ने प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं देते हुए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।

पूर्व आईएएस ब्रजमोहन मीना ने सभा को संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री परसादीलाल मीणा पर हमला बोलते हुए कहा कि ऐसे लोगों को पहचानने की जरूरत है, जो अंदर से कुछ और हैं और बाहर से कुछ और दिखते हैं।

सभापति प्रतिनिधि सोनू बिनोरी ने कहा कि आरोप लगाने वाले अपने गिरेबां में झांक कर देखें कि पूर्व में नगरपालिका एक भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ था। कौन कितनी दलाली लेता था ये तो काले शीशे की गाड़ी लोगों को बता रही है।

अभिनव त्रिपाठी ने शायराना अंदाज में पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस वालों का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है, जिससे प्रधानमंत्री पर वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। इनको सोचना चाहिए कि वोट चोरी होते तो पंजाब में भाजपा की सरकार बन जाती। वहीं हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, तो दौसा में सांसद कांग्रेस का है।

लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा लगाए गए आरोपों का मंच से जवाब देते हुए कहा कि इतनी हैसियत नहीं है कि मेरे परिवार पर उंगली उठाएं. उन्होंने पूर्व शिक्षा मंत्री को निशाना बनाते हुए कहा कि पहली बार मंत्री बनने पर पूर्व चिकित्सा मंत्री ने मेरे परिवार पर गिरफ्तारी की तलवार लटकाई। उन्होंने केरोसिन डीलरशिप के श्रेय लेने की बात पर कहा कि भारत सरकार द्वारा डीलरशिप आवंटित की जाती है। पूर्व चिकित्सा मंत्री अब मेरे परिवार को बचाने की बातें करते हैं।

लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने पूर्व शिक्षा मंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आप पार्षदों को बिकने की बात करते हो, वो बिके नहीं। वो तो आपको लात मारकर अहंकार और मनमानी से त्रस्त होकर छोड़ भाजपा में आए हैं।

इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रवि हाड़ा, एडवोकेट हरिनारायण माठा, जिला महामंत्री हरकेश मटलाना, पूर्व मंडल अध्यक्ष पोखरमल सैनी, पूर्व पार्षद मुरारी लाल सोनी, मोहनलाल, पूर्व आईएएस ब्रजमोहन मीणा, जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद बगड़ी, भाजपा के वरिष्ठ नेता शंभूलाल कुई वाला, पूर्व पालिका अध्यक्ष महेंद्र जैन, विधानसभा मीडिया प्रभारी अभिनव त्रिपाठी, जिला कार्य समिति सदस्य सतपाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष अनिल बैनाड़ा, भोले खां, भणभूंज्या सुंवालाल गुर्जर, संजय कोराका, सभापति प्रतिनिधि सोनू बिनोरी, शिव शंकर उर्फ बल्या जोशी, पार्षद जेपी सैनी, प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सुमन खुर्रा उपस्थित रहे।

## जिला प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने किया ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण

### नगर परिषद सीकर में शहरी सेवा शिविर का भी किया अवलोकन

**सीकर।** डिस्कॉम अध्यक्ष, जयपुर विद्युत वितरण निगम एवं जिले की प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने सीकर उपखण्ड के कोलीड़ा गांव में ग्रामीण सेवा शिविर तथा नगर परिषद सीकर में शहरी सेवा शिविर अभियान का बुधवार को निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर शिविर से निराश नहीं होकर जाए। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों का लाभ वास्तविक रूप से आमजन तक पहुंचे और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो सके।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर अधिकारियों से उनके विभाग की योजनाओं और प्राप्त हो रहे आवेदनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिविरों को केवल औपचारिकता न मानें, बल्कि इसे




जनसुनवाई और त्वरित समाधान का एक प्रभावी मंच बनाएं। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, अधीशासी अभियन्ता प्रतिभा सहित नगर परिषद के अधिकारी, कार्मिक उपस्थित रहे।

## अतिरिक्त कलेक्टर साख ने किया शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ



### परिवेदनाओं पर कार्रवाई कर जन-जन को दी जाए राहत

**नीमकाथाना।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ साख के सुपरविजन में नगर पालिका की ओर से बुधवार को शहरी सेवा शिविर 2025 का शुभारंभ मेंगोतिया धर्मशाला पर किया गया। इस दौरान विभिन्न परिवेदना लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं पर पत्रावलियां ली गई और अवलोकन पर निस्तारण किया गया।

अधिशासी अधिकारी एवं तहसीलदार अभिषेक सिंह ने बताया कि शिविर के पहले दिन कृषि भूमि पट्टा पत्रावली के तीन प्रकरण, नामांतरण के 2 प्रकरण निस्तारित किए गए। जन्म मृत्यु के 40 आवेदन प्राप्त हुए, वहीं कुल 88 जारी किए गए। चार फायर एनओसी जारी की गई। स्वास्थ्य कैंप में 150 लोगों ने चेकअप करवाया।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 'स्वच्छोत्सव' शुरू



**नीमकाथाना।** स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत नगर पालिका नीमकाथाना द्वारा बुधवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 'स्वच्छोत्सव' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 'शहरी सेवा शिविर' के शुभारम्भ स्थल मेंगोतिया धर्मशाला से की गई। अभियान की शुरुआत में चिन्हित किए गए सीटीयू को हटाया गया। कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में सहायक अभियंता मामराज जाखड़, वरिष्ठ प्रारूपकार डॉ. सत्यपाल जीतरवाल, कनिष्ठ अभियंता महेंद्र गुर्जर, कनिष्ठ सहायक अनिल अभय, फायरमैन मनीष शर्मा, सावरमल सामोता, गोपाल सिंह, सोहनलाल, शशिकांत महारानियां, राजेंद्र कुमार व स्वच्छ भारत मिशन अभियंता एवं पालिका समस्त कर्मचारियों नें श्रमदान करके स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया।

विधानसभा अध्यक्ष पर झूठे आरोपों पर बोले यूडीएच मंत्री

## 'लगातार हार से कुंठाग्रस्त है कांग्रेस'

महानगर संवाददाता



**सीकर।** यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कांग्रेसी नेताओं द्वारा विधानसभा अध्यक्ष पर लगाए आरोपों को लेकर कहा कि कांग्रेस लगातार हो रही हार की कुंठा से ग्रस्त है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं का बयान इस बात को संकेत है कि लगातार कांग्रेस की हार से उनमें कुंठा पैदा हुई है। यह बात यूडीएच मंत्री खर्रा ने बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता में पत्रकारों से कही।

उन्होंने कहा कि कुंठा व्यक्त करना या अपने में समाहित कर अपना व्यवहार शालीन रखना यह उस व्यक्ति पर निर्भर करता है कि कुंठा में वह अपना व्यवहार खराब करता है या शालीनता से रहता है। उन्होंने कहा कि सदन जब चलता है, तो सभी विधायक सदन में उपस्थित रहते हैं। उस समय कैमरों से लाइव प्रसारण होता है। उसमें देखा जाता है कि कौन विधायक क्या कर रहा है, व्यवस्था में है या अव्यवस्था फैला रहे हैं। यह सारी जानकारी जनता के बीच लाइव देखी जाती है। उन्होंने कहा कि उस कांग्रेस के पदाधिकारी कुंठा की अभिव्यक्ति अपने छोटे कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, प्रदेश पदाधिकारियों व विधायकों के माध्यम से व्यक्त कर रहे हैं। कांग्रेस की दो महिला विधायकों ने बात रखी है कि विधानसभा अध्यक्ष उनको देखते हैं, जबकि सदन में सभी आपस में देखते हैं कि कौन कैसे आया है, कौन क्या पहनकर आया है।

## सांसद अमराराम ने नीमकाथाना में की जनसुनवाई

### मास्टर प्लान 2047 को रद्द कराने के संघर्ष में रहेंगे साथ

महानगर संवाददाता



**नीमकाथाना।** सीकर सांसद कॉमरेड अमराराम ने पंचायत समिति नीमकाथाना में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में मास्टर प्लान रद्द करवाने, सड़क, लाइट, ताइवान में फंसे हुए व्यक्ति को लाने, स्कूलों में प्रार्थना टीन शेड, चारदीवारी, बोरवेल लगाने, खनन माफियाओं, योग शिक्षकों में धांधली, दिव्यांग बच्चों के लिए जगह, बिजली विभाग की शिकायतें, पर्यावरण, अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना, रास्तों, अतिक्रमण, गौशालाओं में टीन शेड की कमी, सड़के, रींगस से नीमकाथाना होते हुए जम्मू कटारा ट्रेन चलाने, पानी आपूर्ति सहित सैकड़ों समस्याएं लोगो ने सांसद के समक्ष रखी।

माकपा तहसील सचिव कॉमरेड गोपाल सैनी ने बताया कि सांसद कॉमरेड अमराराम समय-समय पर सीकर लोकसभा के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच जाकर जनसुनवाई करते हैं। बुधवार को नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र की जनसुनवाई 11 बजे से 2 बजे तक पंचायत समिति में की गई।

इस दौरान नीमकाथाना नगरपालिका मास्टर प्लान 2047 को रद्द करवाने को लेकर संघर्ष समिति के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने सांसद अमराराम को ज्ञापन दिया।

इस पर सांसद अमराराम ने कहा कि सरकार ने बिना सोचे समझे धरातल पर बिना आए बिना मौका देखे किसानों के खेतों, पार्क, अस्पताल, सरकारी संस्थाएं, सुविधाओं के लिए जगह चिन्हित कर दी है।

यह सब मजदुर-किसान को लूटने के लिए हो रहा है। यहां की जनता को सीकर की जनता की तरह संगठित होकर संघर्ष करना होगा। इस संघर्ष में हमेशा साथ रहूंगा। संघर्ष समिति रणनीति बनाकर मास्टर प्लान के खिलाफ जोरदार आंदोलन का आगाज करें।

## स्पोर्ट्स

## जोधपुर ने बीकानेर को हरा जीती राज्य स्तरीय अंडर 19 ट्रॉफी

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डीडी कुमावत के अनुसार जयपुर में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता के एसएमएस स्टेडियम पर खेले गए फाइनल मैच में जोधपुर ने बीकानेर को 5 विकेट से हराकर प्रतियोगिता जीत ली। फाइनल मैच में बीकानेर टीम पहले खेलते हुए 183 रन पर ऑल आउट हो गई।

जवाब में जोधपुर टीम ने पांच विकेट पर 184 रन बनाकर मैच जीत लिया। प्रेजेंटेशन समारोह में डीडी कुमावत, सदस्य पिंकेश पोरवाल ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व मोमेंटो प्रदान किए।

**सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजः** कुशाग्र ओझा (भीलवाड़ा)

**सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजः** गौरव (जोधपुर)

**प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीः** सचिन लखेसर (बीकानेर)

**फाइनल मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीः** जगदीश चौधरी।



## श्री कृष्ण विद्या मंदिर के सिद्धार्थ यादव ने जीता गोल्ड मेडल

**मनोहरपुर (मसं)।** 69वीं 14 वर्षीय साइकिलिंग जिला स्तरीय प्रतियोगिता (जयपुर शहर एवं जयपुर ग्रामीण) में श्री कृष्ण विद्या मंदिर, मनोहरपुर के छात्र सिद्धार्थ यादव (पुत्र कालूराम याद) ने शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। सिद्धार्थ ने 500 मीटर रेस में स्वर्ण पदक तथा 10-15 किलोमीटर और 5-7 किलोमीटर रेस में रजत पदक हासिल किए।

## राजस्थान सीनियर वीमेन टीम घोषित

**जयपुर (मसं.)।** आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डीडी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की सीनियर वीमेन क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर वीमेन टीम का चयन राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन ट्रॉफी, सीनियर वीमेन चैलेंजर ट्रॉफी व सीनियर वीमेन प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया। टीम के चयनित खिलाड़ीः आयुषी गर्ग, डिंपल कंवर, सुमित्रा कुमारी जाट, चंद्र ज्योत्सना भाटी, आरजू, कंचन हुड्डा, संगीता कुमावत, सिद्धिपवन शर्मा, सुमन मीणा, ज्योति चौधरी, उषा परेरिया, सोनल कलाल, शानू सेन, कौशल्या चौधरी, अक्षिता माहेश्वरी, बबीता मीणा, गंगा, भावना मीणा, अर्चना योगी, याना वर्मा।

## जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन



**जमवारामगढ़ (मसं.)।** भानपुर कलां के नेट सोल्यूशन सीनियर सेकंडरी स्कूल में बुधवार को 69वीं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि रामसहाय कांकरेलिया पूर्व सरपंच रहे। चार दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 200 टीमों के लगभग 2400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में खो-खो छात्र वर्ग में ब्लॉक शाहपुरा की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। उपविजेता रही ब्लॉक जोबनेर की टीम। छात्रा वर्ग में एमजीजीएस पड़ासोली की टीम विजेता रही और जीएसएसएस लुनियावास की टीम उपविजेता बनी। हैंडबॉल छात्र वर्ग में सिरोही टीम विजेता, देवधला की टीम उपविजेता बनी। छात्रा वर्ग में एसएमएस टीम अव्वल, और बासना टीम दूसरे स्थान पर रही। हॉकी प्रतियोगिता में अंडर-17 छात्र वर्ग में जीएसएसएस बासना टीम ने एसएनएसएस ढोढ़सर को हराकर जीत दर्ज की। अंडर-19 में भी जीएसएसएस बासना टीम ने एस ख्वारानी को हराकर खिताब पर कब्जा किया।

## आईटीएफ सीनियर मास्टर एमटी-200 टेनिस टूर्नामेंट 20 से

**जयपुर (मसं)।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन और राजस्थान टेनिस संघ, संस्कृति फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से ड्रीम हाउस टेनिस एकेडमी में 20 से 26 सितंबर तक आईटीएफ सीनियर मास्टर एमटी-200 टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट निदेशक सुमित गुप्ता ने बताया कि टूर्नामेंट में 140 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे।

## स्वर्ण पदक प्राप्त छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**झुंझुनूं।** स्थानीय अणगासर रोड, गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल में आयोजित 69वीं जिलास्तरीय ताइक्वांडो खेलकूद प्रतियोगिता में न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पूनम चौधरी ने अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक, जबकि दीपक और प्रियंका ने अंडर-19 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

पुजारी सेवक महासंघ का प्रांतीय महाधिवेशन 18-19 को, विभिन्न मांगों पर होगी चर्चा

# खाटूश्यामजी में जुटेंगे राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के पुजारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी में पुजारी सेवक महासंघ का द्वितीय प्रांतीय महाधिवेशन का आयोजन 18-19 सितंबर को जयपुर वालों की धर्मशाला किया जाएगा। महाधिवेशन में प्रदेश के लगभग पांच हजार पुजारियों के अतिरिक्त मध्यप्रदेश, गुजरात सहित अन्य राज्यों से भी पुजारी प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी। बुधवार को नारायण धाम में आयोजकों ने महाधिवेशन की जानकारी दी।

संरक्षक खाटूश्यामजी मंदिर के महंत मोहन सिंह दास महाराज ने बताया कि महाधिवेशन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी मंदिरों में कार्यरत सेवायत/पुजारियों की गंभीर समस्याओं पर विचार-विमर्श करना तथा उनके निस्तारण के लिए ठोस कदम सुझाना है। महासंघ के संरक्षक तथा विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि सनातन संस्कृति के संरक्षक पुजारी आज आर्थिक, प्रशासनिक एवं सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अनेक अराजकीय एवं भूमिहीन मंदिरों में कार्यरत पुजारी तो भगवान की नित्य पूजा-अर्चना की सामग्री की व्यवस्था तक के लिए संघर्षरत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक संकट गहराने से इनकी स्थिति और भी दयनीय हो चुकी है।




### इन मांगों पर चर्चा कर सरकार को भिजवाएंगे

- अराजकीय भूमिहीन मंदिरों के सेवायत पुजारियों को प्रतिमाह 30,000 रुपए की सहयोग राशि स्वीकृत की जाए।
- राजस्थान सेवायत/पुजारी कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन किया जाए।
- वंशानुगत वार्षिकी राशि (भोग राशि) बढ़ाकर न्यूनतम 10,000 रुपए प्रतिमाह की जाए।
- कृषि योजनाओं में सेवायत/पुजारियों को समान लाभ, मंदिर माफी भूमि को गैर-कृषि उपयोग के लिए अनुमति दी जाए।
- सेवायत/पुजारी प्रोटेक्शन बिल का शीघ्र लागूकरण हो।
- ग्रामीण मंदिरों के पट्टे वंश परंपरागत सेवायत/पुजारियों को जारी किया जाए।
- सभी अराजकीय मंदिरों को निशुल्क बिजली और पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।
- मंदिर माफी भूमि को फार्मर रजिस्ट्री में सम्मिलित किया जाए।
- मंदिर संपत्ति विवादों के शीघ्र निस्तारण के लिए मंदिर ट्रिब्यूनल का गठन किया जाए।
- सेवायत/पुजारी कल्याण कोष की स्थापना की जाए।

### मांगों से ही मिलेगी शक्ति-स्थिरता

पुजारी सेवक महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि ये मांगें केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रशासनिक सुधार, सुरक्षा और भूमि अधिकारों पर भी केंद्रित हैं। यदि इन्हें लागू किया जाता है तो ग्रामीण स्तर पर सनातन धर्म की रक्षा में पुजारियों को नई शक्ति और स्थिरता मिलेगी।

### सरकार तत्काल करे समाधान

महाधिवेशन के मुख्य संयोजक एवं खाटूश्यामजी मंदिर सेवायत महंत मोहन सिंह दास महाराज ने कहा कि श्याम बाबा की पावन भूमि पर सेवायत/पुजारियों के कल्याण की चर्चा करना दैवीय इच्छा का प्रतीक है। आज गांवों के मंदिरों की स्थिति चिंताजनक है। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि सेवायत/पुजारियों की समस्याओं पर तत्काल ध्यान देकर इन्हें दूर किया जाए।

## गोविंददेवजी मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं को चाय पिलाकर मनाया मोदी का जन्मदिन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** साहू तेली समाज ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गोविंददेवजी मंदिर में मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की।

मंदिर के बाहर दर्शनार्थियों को चाय पिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। राजस्थान तेलिक साहू महासभा की प्रदेशाध्यक्ष अनुपमा मोदी ने महिला सदस्यों के साथ मान-मनुहार कर श्रद्धालुओं को चाय पिलाई।


महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र मोदी, युवा महासंगठन के अध्यक्ष दिलीप बालोदिया, कोषाध्यक्ष हरिशंकर साहू, अनिल दिल्लीवाल, बाबूलाल पटेल, युवा विकास संस्थान के अध्यक्ष नरेंद्र साहू, कल्याण मोदी, गीता साहू, शकुंतला साहू, साधना साहू, मीना साहू, आशा साहू, पिंकी मोदी, पूजा मोदी, गीता देवी मोदी ने सेवाएं दीं। अनिल साहू और देवदत्त ने भजनों से राधे गोविंद को रिझाया। गोविंददेवजी मंदिर प्रबंधन ने सभी का दुपट्टा पहनाकर और प्रसाद देकर अभिनंदन किया।

गोविंददेवजी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, गोचारण लीला की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

# इंदिरा एकादशी पर मंदिरों में सजी विशेष झांकियां, श्रद्धालुओं ने रखा व्रत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आश्विन कृष्ण एकादशी बुधवार को इंदिरा एकादशी के रूप में भक्तिभाव से मनाई गई। श्रद्धालुओं ने श्री हरि विष्णु का पूजन कर व्रत रखा। एकादशी पर विष्णु भगवान के मंदिरों में विशेष झांकी के दर्शन हुए। आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुर राधा गोविंद का पंचामृत अभिषेक कर लाल रंग की पोशाक धारण कराई गई। गोचारण लीला का आभूषण और पुष्पों से श्रृंगार किया गया तथा फलों का भोग लगाया गया। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि इस मौके पर सुबह गीता के सामूहिक पाठ किए गए।



चौड़ा रास्ता के राधा दामोदरजी मंदिर में महंत मलय गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुरजी का मनोरम श्रृंगार किया गया। पुरानी बस्ती के गोपीनाथजी मंदिर में महंत सिद्धार्थ गोस्वामी के सान्निध्य में विशेष झांकी सजाई गई। चौड़ा रास्ता के मदनगोपालजी, त्रिपोलिया गेट के सामने स्थित विनोदीलालजी, पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथजी, गोविंददेवजी मंदिर के पीछे मुरली मनोहरजी सहित अन्य वैष्णव मंदिरों में भी इंदिरा एकादशी उत्सव के रूप में मनाया गया।

### श्याम प्रभु का हुआ कीर्तन



एकादशी पर कांवटियों का खुर्रा स्थित प्राचीन श्याम मंदिर में महंत पं. लोकेश मिश्रा के सान्निध्य में एकादशी कीर्तन हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में हाजिरी दी। चौगान स्टेडियम, विजयबाड़ी पथ नंबर सात, शास्त्रीनगर, जगतपुरा, मानसरोवर सहित विभिन्न श्याम मंदिरों में खाटू नरेश का दरबार सजाकर कीर्तन किया गया। हमारे घरां पधारो श्याम संस्था की ओर से अग्रवाल फार्म सेक्टर-113 स्थित श्याम पार्क में एक शाम पितृों के नाम अरदास कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्याम प्रभु का अनुपम श्रृंगार कर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। मुख्य अतिथि हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य रहे। महामंडलेश्वर मनोहर दास महाराज के सान्निध्य में अनेक भजन गायकों ने हाजिरी लगाई।

## तीर्थयात्रियों ने कन्याकुमारी में किया जिनाभिषेक



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन यात्रा संघ, जयपुर के तत्वावधान में दक्षिण भारत तीर्थस्थल दर्शन के लिए गए 51 सदस्यीय धार्मिक यात्रा दल ने बुधवार को कन्या कुमारी स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में जिन बिंबों का जिनाभिषेक एवं शांतिधारा कर पुण्यार्जन किया। इस अवसर पर स्थानीय जैन समाज की ओर से यात्रा दल का भावभीना स्वागत एवं सम्मान किया गया। मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने केसरिया वस्त्र धारण कर मंत्रोच्चार के साथ भगवान शांतिनाथ, भगवान वासुपूज्य एवं भगवान मुनिसुव्रतनाथ की पद्मासन प्रतिमाओं का अभिषेक किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भगवान शांतिनाथ के जयकारों से गूंज उठा। अभिषेक के बाद विश्व में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मीरा मार्ग के मंत्री राजेंद्र सेठी, दल के संयोजक जम्बू सोगानी, अशोक सेठी, विनोद जैन कोटखावदा एवं अशोक जैन आदि ने पुण्यार्जन किया। महिला श्रद्धालुओं ने भगवान की अष्टद्रव्य से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर प्रतिनिधि सचिन जैन ने सभी का तिलक लगाकर स्वागत किया।

## जयकारों के साथ रवाना हुई श्रीमहावीरजी की पदयात्रा



महानगर संवाददाता

जयपुर। भगवान महावीर के संदेश जीओ और जीने दो, अहिंसा और शाकाहार सहित जैन धर्म एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य को लेकर श्री दिगंबर जैन पदयात्रा संघ जयपुर के तत्वावधान में जयपुर से श्रीमहावीरजी की 135 किलोमीटर मार्ग की 39वीं पदयात्रा बुधवार दोपहर संघीजी की नसिया खानिया से भगवान महावीर के जयकारों के साथ रवाना हुई।

संघ के संरक्षक सुभाष चंद जैन एवं पदयात्रा संयोजक सोभाग मल जैन के नेतृत्व में प्रारंभ हुई पदयात्रा से पूर्व संघीजी की नसिया में जिनेंद्र भगवान के सामूहिक दर्शन, आरती तथा मंगल प्रार्थना का आयोजन हुआ। पदयात्रा को समाजसेवी हेम चंद-नीलू एवं आयुष छाबड़ा ने जैन ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर गणमान्यजन एवं श्रेष्ठीजन उपस्थित रहे। पदयात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन होंगे। मार्ग में अहिंसा एवं शाकाहार के संदेश का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। 18 सितंबर को मोहनपुरा दिगंबर जैन मंदिर में पूजा-अर्चना, धार्मिक प्रश्न मंच एवं हास्य कवि सम्मेलन होगा।

## प्रियाजु सांझी रची नवीनी... आज सलौनी लागे सांझी...

### श्री सरस निकुंज में सजी गोवर्धन पर्वत की सांझी

### राधा सरस बिहारी सरकार के समक्ष हुआ पदगायन

**जयपुर।** इंदिरा एकादशी पर बुधवार को सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में सांझी उत्सव मनाया गया। श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में गिर्राज पर्वत, छप्पन भोग की सुंदर सांझी के दर्शन कराए गए। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि सांझी में किशोरीजी द्वारा सखियों के साथ गिर्राज धरण महाराज और यमुना महारानी के पूजन के भाव से झांकी सजाई गई। चौकी पर गिर्राज पर्वत और छप्पन भोग की झांकी सजाई गई, वहीं एक बड़े पात्र में जल भरकर यमुना महारानी के दर्शन कराए गए। वैष्णव श्रद्धालुओं ने प्रियाजु सांझी रची नवीनी... आज सलौनी लागे सांझी...जैसे पदगायन किए। शाम को गिर्राज पर्वत के चारों ओर दीपदान किया गया। इससे पूर्व सुबह ठाकुर श्री राधा सरस बिहारी सरकार का वेदोक्त मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया गया। रामगंज बाजार स्थत लाड़लीजी मंदिर में महंत डॉ. संजय गोस्वामी के सान्निध्य में गिर्राज धरण लीला की विशाल सांझी सजाई गई। ठाकुरजी के समक्ष चौक पर प्राकृतिक रंगों से सजी सांझी को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।





## एसएस जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एसएस जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय में बुधवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेंजर्स एवं रोवर्स, रेड रिबन क्लब एवं एनसीसी के तत्वावधान में किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के एसीएस कुलदीप रांका ने किया। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना, राजस्थान क्षेत्रीय निदेशक एसपी भटनागर और राज्य संपर्क अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. नरेंद्र गुप्ता रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि जीवन में सदैव आगे बढ़ना चाहिए और रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है। विशिष्ट अतिथियों ने भी रक्तदाताओं को शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रेणु जोशी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाविद्यालय में प्रति वर्ष इस प्रकार के शिविर का आयोजन किया जाता है, ताकि छात्र-छात्राओं में सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भाव की भावना विकसित हो। इस अवसर पर 350 से अधिक छात्र-छात्राओं ने नामांकन कराया तथा 198 यूनिट रक्त राजधानी हॉस्पिटल को डोनेट किया।

## नई कार्यकारिणी चुनाव के संबंध में बैठक 2 को

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विकास समिति सेक्टर-10, प्रताप नगर सांगानेर की कार्यकारिणी की बैठक में कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर सर्वसम्मति से चुनाव कराने पर सहमति जताई गई। समिति अध्यक्ष केएल शर्मा के अनुसार चुनाव के लिए 2 अक्टूबर को बैठक आयोजित कर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष शर्मा ने कार्यकारिणी सदस्यों का अब तक दिए गए सहयोग के लिए आभार जताया।

सांगानेर स्थित चित्रकूट कॉलोनी में धर्मसभा का आयोजन

## जीवन में स्वयं को व्यवस्थित करो : आचार्य सुंदर सागर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर स्थित चित्रकूट कॉलोनी में प्रवासरत आचार्य सुंदर सागर महाराज ने बुधवार को धर्मसभा में प्रवचन करते हुए कहा कि हम दूसरों को व्यवस्थित करने में लगते हैं, पर स्वयं को व्यवस्थित नहीं करते हैं। जब-जब दूसरों की व्यवस्था में लगे, तब तक टेंशन बड़ी है और जैसे ही खुद की व्यवस्था में लग गए तब सारी टेंशन दूर हो जाएगी, इसलिए अपने जीवन में स्वयं को व्यवस्थित करो। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जीवनभर व्यवस्था बनाने लग जाता है। एक व्यवस्था पूरी हुई कि दूसरी व्यवस्था सामने आ जाती है और वह उसे पूरा करने में लग जाता है। जितनी ज्यादा व्यवस्था करने में लगोगे, उतना अव्यवस्थित हो जाओगे। प्रशासनिक समन्वयक महावीर सुरेंद्र जैन ने बताया कि इस मौके पर मुनि सुभाग्य सागर महाराज की विनयांजलि सभा भी आयोजित की गई।

## जयपुर में होगा 'रंग रात्रि 9.0' का भव्य आयोजन

200 से ज्यादा प्रतिभागी करेंगे महाआरती



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नवरात्रि के छठे दिन 27 सितंबर को जयपुर के सिटी एरिया में 'रंग रात्रि 9.0' का भव्य आयोजन होगा। इस खास मौके पर 200 से अधिक प्रतिभागी एक साथ मैदान पर उतरकर समान स्टेप्स और अनोखी मराठी धुनों पर महाआरती और गरबा-डांडिया का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन की कोरियोग्राफी प्रो डांस स्टूडियो और लकी डांस एकेडमी द्वारा की गई है। आयोजक भविषा देवानी और श्रेया देवानी ने बताया कि सिटी एरिया में इतने बड़े पैमाने पर इस तरह के आयोजन बहुत कम देखने को मिलते हैं, जिससे यह गरबा प्रेमियों के लिए एक यादगार इवेंट साबित होगा। इस भव्य प्रदर्शन के लिए प्रतिभागियों की 15 दिवसीय वर्कशॉप झूलेलाल मंदिर में चल रही है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों का उत्साह बनाए रखने के लिए अलग-अलग थीम रखी जाती हैं और बीच-बीच में प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्हें उपहार भी दिए जाते हैं। इस आयोजन का मीडिया पार्टनर जयपुर महानगर टाइम्स है। सतनाम कलेक्शन, रामा कुर्ती, जयपुर बेकर्स, श्री कृष्णा स्वीट्स, इनसाइट इंस्टीट्यूट इस कार्यक्रम के प्रायोजक हैं। यह आयोजन जयपुर की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने और प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने का एक शानदार अवसर होगा।

## देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का भक्तिभाव से मनाया पूजन दिवस

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आश्विन कृष्ण एकादशी को छोटीकाशी में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कारीगरों, शिल्पकारों और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों ने अपने औजारों, उपकरणों और कार्यस्थलों की पूजा कर भगवान विश्वकर्मा से उन्नति और समृद्धि की कामना की। भगवान विश्वकर्मा मंदिरों में सुबह अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराकर फूलों से श्रृंगार किया गया। हवन के बाद महाआरती की गई।

आगरा रोड घाट की गुणी स्थित विश्वकर्मा मंदिर में सुबह पंचामृत अभिषेक के बाद पंचरंगी ध्वजा चढ़ाई गई। भगवान को नवीन पोशाक धारण कराने के साथ पूजा-अर्चना संपन्न हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। महंत शैलेंद्र कुमार ने बताया कि विश्वकर्मा सेना द्वारा आयोजित सामाजिक सम्मेलन और सम्मान समारोह भी गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। वीकेआई रोड नंबर एक स्थित विश्वकर्मा मंदिर में जांगिड़ समाज समिति की ओर से विश्वकर्मा भगवान का पूजन किया गया। सांगानेर, प्रतापनगर, मानसरोवर स्थित विश्कर्मा मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जगह-जगह हवन, भजन-कीर्तन, प्रसादी वितरण एवं शोभायात्राएं निकाली गईं। मंदिरों को विद्युत सज्जा एवं पुष्पों से विशेष रूप से अलंकृत किया गया।



### ऑटो चालकों ने मनाई विश्वकर्मा जयंती

जयपुर महानगर तिपहिया वाहन चालक यूनियन द्वारा विश्वकर्मा जयंती का उत्सव वैशाली नगर में नर्सरी सर्किल स्थित ऑटो पार्किंग स्टैंड पर मनाया गया। इस मौके पर सभी ने विश्वकर्मा जयंती की पूजा की। इस अवसर पर यूनियन अध्यक्ष कुलदीप सिंह, रामभरोस, उपेंद्र मंडल, पंकज कुमार, धनंजय प्रजापति, किशन प्रजापति, पवन प्रजापति, छोटू, प्रदीप, भोला, सीताराम, महादेव और स्टैंड के सभी सदस्य उपस्थित रहे। हर वर्ष की तरह शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया।

# स्वदेशी चिकित्सा का बजट बढ़ाया जाए : प्रो. प्रजापति

### देशभर के चार सौ आयुर्वेद चिकित्सकों ने लिया प्रशिक्षण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विश्व आयुर्वेद परिषद राजस्थान की दो दिवसीय नाड़ी विज्ञान एवं विद्धकर्म राष्ट्रीय कार्यशाला खाटूश्यामजी में संपन्न हुई। मुंबई से आए ख्याति प्राप्त नाड़ी वैद्य डॉ. विनायक तायड़े ने नाड़ी परिक्षण का प्रशिक्षण दिया। वहीं पुणे के विद्धकर्म विशेषज्ञ डॉ. अमोल उत्तम बानसोड़े ने रोगियों का उपचार कर प्रत्यक्ष प्रमाण दिखाया। आयोजन सह सचिव एवं प्रदेश सचिव डॉ. बीएल बराला ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति रहे। विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पृथ्वीसिंह चौहान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जयपुर महानगर सेवा प्रमुख राजेंद्र शर्मा धर्मगुरु विशिष्ट अतिथि रहे।




अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली के निदेशक प्रो. प्रजापति ने कहा कि स्वदेशी चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय में आयुर्वेद का बजट बढ़ाया जाना चाहिए। आयुर्वेद संपूर्ण चिकित्सा पद्धति होने के साथ जीवन का विज्ञान भी है। स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए आयुर्वेद वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति नहीं बल्कि अनिवार्य चिकित्सा पद्धति है।

वर्तमान समय में पुनः स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की चाह, आमजन को आयुर्वेद की तरफ आकर्षित कर रही है। आयुर्वेद चिकित्सा के प्रमुख सिद्धांत दोष दुष्य को आधार बनाकर चिकित्सा करना शत-प्रतिशत पूर्ण फलदाई होता है।

वहीं समापन समारोह में प्रो. कमलेश कुमार शर्मा मुख्य अतिथि रहे। भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय प्रचारक वैद्य कृष्ण मुरारी, विद्यार्थी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. किशोरी लाल शर्मा आदि विशिष्ट अतिथि रहे। आयोजन अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह शेखावत, आयोजन सचिव डॉ. महेश इंद्रा, संयुक्त सचिव डॉ. रामावतार शर्मा, सीकर विभाग संयोजक डॉ. जितेंद्र कुमार वर्मा, जिला संयोजक डॉ. हरिराम कटारिया, डॉ. शंकरलाल शर्मा आदि आयोजन समिति पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



## प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर देशभर के उद्योग जगत के दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं और बधाई

# ‘आजादी की 100वीं वर्षगांठ तक देश का नेतृत्व करें पीएम मोदी’



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर उद्योग जगत के दिग्गजों ने भी शुभकामनाएं दी हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा है कि उनकी इच्छा है कि जब देश अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाए तो उस वक्त भी पीएम मोदी देश का नेतृत्व कर रहे हों। इसी तरह से आरपी संजीव गोयनका समूह के अध्यक्ष संजीव गोयनका ने कहा कि आपने देश के नागरिकों को नया सम्मान और नई दिशा दी है।

### देशवासियों के लिए उत्सव का दिनः मुकेश अंबानी



मुकेश अंबानी ने कहा, ‘पीएम मोदी का जन्मदिन 1.45 अरब भारतीयों के लिए एक उत्सव का दिन है। यह हमारे परम आदरणीय और प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्रभाई मोदी का 75वां जन्मदिन है। भारत के समस्त व्यापारिक समुदाय, रिलायंस परिवार और अंबानी परिवार की ओर से, मैं प्रधानमंत्री मोदीजी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यह कोई संयोग नहीं है कि मोदीजी का अमृत महोत्सव भारत के अमृत काल में आ रहा है। मेरी हार्दिक इच्छा है कि जब स्वतंत्र भारत 100 वर्ष का हो जाए, तब भी मोदीजी देश की सेवा करते रहे।

### कुमार मंगलम बिड़ला ने पीएम मोदी को बताया युगपुरुष



आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, ‘मोदी जी एक युगपुरुष हैं। वे उन लोगों में से एक हैं जिन्होंने हमारे देश के इतिहास में विकास और प्रगति के मामले में सबसे बड़ा प्रभाव डाला है। मैं पीएम मोदी से लगभग 30 साल पहले पहली बार मिला था, जब वे मुख्यमंत्री थे और मैं तब 25 साल का था। मैं उनसे मिलकर थोड़ा घबराया हुआ था, लेकिन साथ ही बहुत उत्साहित भी था। मैं गुजरात में एक परियोजना के सिलसिले में उनसे मिलने गया था। मुलाकात के शुरुआती कुछ मिनटों में ही मुझे एहसास हो गया कि उन्हें उस परियोजना के बारे में मुझसे ज्यादा जानकारी है। उन्होंने मुद्दे को तुरंत समझ लिया और उन्होंने संबंधित लोगों से बात करके इस मुद्दे को सुलझाया। मैं हैरान था, क्योंकि सार्वजनिक जीवन में मैंने पहले कभी किसी ऐसे व्यक्ति से नहीं मिला था, जिसके पास इतनी समझ और गहरी दूरदर्शिता हो। मैं बहुत प्रेरित महसूस कर रहा था। उन्हें बहुत कुछ याद है।’ इनके अलावा यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष अतुल केशप ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी।

### मोदीजी अमर रहें : संजीव गोयनका



आरपी-संजीव गोयनका समूह के अध्यक्ष और आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के मालिक, संजीव गोयनका ने कहा, ‘प्रधानमंत्री जी, आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपने देश और उसके नागरिकों को एक नया सम्मान, एक नई प्रतिष्ठा, एक नई दिशा दी है। आपकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है। आपकी नीतियां अभूतपूर्व रही हैं। आपका विजन ऐसा है जैसा हमने इस देश में पहले कभी नहीं देखा। मैं बस यही कह सकता हूं, मोदी जी अमर रहें।

### नरेश त्रेहान ने आयुष्मान भारत योजना को सराहा



मेदांता मेडिसिटी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक डॉ. नरेश त्रेहान ने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा, ‘हमारे प्रधानमंत्री, जो भारत के लिए आशा की किरण रहे हैं, उनकी आयुष्मान भारत योजनाओं से मरीजों और आम जनता की स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में व्यापक बदलाव आया है। हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने एक बहुत ही त्वरित प्रतिक्रिया टीम का गठन किया है। हमने न केवल उनकी देखभाल करना सीखा, बल्कि हमने यह भी सीखा कि कैसे बहुत कम समय में टीकाकरण किया जा सकता है। यह पहली बार था कि कोविड वायरस धरती पर पाया गया, लेकिन टीकाकरण के मामले में दुनिया के अन्य देशों से बेहतर स्थिति में रहे।

## ‘भारत में हृदय रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना बहुत जरूरी’

### सीके बिरला अस्पताल में मशहूर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. समीर कपाड़िया का किया स्वागत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सीके बिरला अस्पताल जयपुर ने हाल ही में डॉ. समीर कपाड़िया का स्वागत किया, जो क्लिवलैंड क्लिनिक यूएसए में कार्डियोवैस्कुलर मेडिसिन के चेयरमैन व कार्डियोलॉजी के डायरेक्टर हैं। सीके बिरला अस्पताल के सीईओ विपुल जैन ने कहा कि जैसे-जैसे विश्व हार्ट दिवस नजदीक आ रहा है, भारत में जल्दी हृदय रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना बहुत जरूरी है। सीके बिरला अस्पताल जयपुर में हम अपने मरीजों के लिए वैश्विक ज्ञान और उन्नत तकनीकों को लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एआई आधारित डायग्नोस्टिक्स और कम नुकसान वाली प्रक्रियाओं को अपनाकर हम सुरक्षित, तेज और प्रभावी इलाज देने का लक्ष्य रखते हैं, साथ ही लोगों को समय रहते रोकथाम के लिए प्रेरित करते हैं।

इस सत्र में न्यूनतम इनवेसिव वाल्व थेरेपी, स्ट्रक्चरल हार्ट इंटरवेंशंस, कार्डियक इमेजिंग में नवाचार और एआई आधारित निदान व जोखिम भविष्यवाणी के बढ़ते उपयोग पर बात हुई, जिसका उद्देश्य भारत के मरीजों के लिए बेहतर परिणाम लाना है। इस चर्चा का संचालन दीपिका ग्रांधी ने किया, जो कि क्लिवलैंड क्लिनिक में भारत की प्रतिनिधि हैं और जो अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ हार्ट अस्पतालों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त है।

उभरती तकनीकें और आधुनिक प्रक्रियाएं इस चुनौती का समाधान कर रही हैं। एआई का उपयोग स्क्रीनिंग टूल्स और प्रेडिक्टिव मॉडल के जरिए जल्दी जोखिम पहचान के लिए किया जाता है, जिससे इलाज की योजना और भी सटीक बनती है। वहीं, न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रियाएं जैसे टीएवीआर मरीजों को तेज रिकवरी, कम दर्द और पारंपरिक हार्ट सर्जरी की तुलना में कम अस्पताल में भर्ती का समय प्रदान करती हैं। ये प्रक्रियाएं सीके बिरला अस्पताल जयपुर और कोलकाता जैसे चुनिंदा केंद्रों में उपलब्ध हैं।

# ‘अब लोगों के पास होगी अधिक नकदी’

### अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपए आएंगे। इससे लोगों के हाथ में अधिक नकदी होगी, जो अब तक करों के रूप में चली जाती थी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को यह बात कही।

वित्त मंत्री ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर आउटरीच और इंटरेक्शन कार्यक्रम को संबोधित किया। सीतारमण ने कहा कि इन सुधारों के बाद 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के तहत 99 प्रतिशत वस्तुओं पर कर की दर पांच प्रतिशत हो गई है। वहीं, 28 प्रतिशत कर स्लैब के तहत 90 प्रतिशत वस्तुएं 18 प्रतिशत के स्लैब में आ गई हैं। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि कुछ एफएमसीजी दिग्गज कंपनियों सहित कई कंपनियां 22 सितंबर से पहले ही दरों में कटौती करने और उपभोक्ताओं को उसका लाभ देने के लिए स्वेच्छा से आगे आ रही हैं। 22 सितंबर को नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने वाली है।

#### फेरबदल से पहले पांच पहलुओं पर रखा ध्यान

वित्त मंत्री ने कहा कि इस नई पीढ़ी की कर व्यवस्था में केवल दो स्लैब 5 और 18 प्रतिशत हैं, इससे अर्थव्यवस्था में 2 लाख करोड़ रुपए आएंगे। लोगों के हाथ में नकदी होगी। उन्होंने कहा कि दरों में फेरबदल करने से पहले एनडीए सरकार ने पांच पहलुओं पर ध्यान रखा। ये पांच पहलू हैं गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दरों में कमी, मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करना, किसान समुदाय को लाभ पहुंचाना, एमएसएमई को बढ़ावा देना और ऐसे क्षेत्रों पर ध्यान देना, जो देश में रोजगार सृजन और निर्यात क्षमता में उपयोगी हों।

#### जीएसटी परिषद आजादी के बाद गठित एकमात्र संवैधानिक निकाय

वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी राजस्व वित्त वर्ष 2017-18 में 7.19 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 2025 में 22.08 लाख करोड़ रुपए हो गया। सीतारमण के अनुसार करदाताओं की संख्या पहले के 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद सहकारी संघवाद का एक प्रमुख उदाहरण है। यह आजादी के बाद से गठित एकमात्र संवैधानिक निकाय है। पूर्ववर्ती यूपीए सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने पहले की कर संरचनाओं को ‘कर आतंकवाद’ बताया और कहा कि एक राष्ट्र-एक कर के हिस्से के रूप में जीएसटी के कार्यान्वयन में बहुत अधिक कवायद की गई।

#### यूपीए सरकार 10 साल चली पर जीएसटी नहीं ला सकी

वित्त मंत्री ने कहा कि यूपीए सरकार 10 साल तक चली। आप जीएसटी नहीं ला सके और राज्यों को जीएसटी के बारे में समझा नहीं सके... मैं कठोर राजनीतिक जवाब दे सकती थी, लेकिन आज नहीं। प्रतिबंधित जीएसटी दर स्लैब 22 सितंबर से लागू होंगे। जीएसटी परिषद ने दर स्लैब को चार (5, 12, 18 व 28) से घटाकर केवल दो (5 व 18 प्रतिशत) कर दिया है।

## अगले साल 11.9 करोड़ टन पहुंच सकता है गेहूं का उत्पादन, गत वर्ष की तुलना में 3.47 फीसदी अधिक

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** सरकार ने फसल वर्ष 2025-26 के लिए रिकॉर्ड 11.9 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का लक्ष्य रखा है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 3.47 फीसदी अधिक है। फसल वर्ष 2024-25 जुलाई-जून के लिए 11.5 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का लक्ष्य रखा गया था। वास्तविक उत्पादन रिकॉर्ड 11.75 करोड़ टन होने का अनुमान है।

कृषि मंत्रालय के मुताबिक आगामी 2025-26 रबी मौसम के लिए उत्तर प्रदेश के लिए गेहूं उत्पादन का लक्ष्य 3.64 करोड़ टन रखा गया है। मध्य प्रदेश को 2.4 करोड़ टन, पंजाब को 1.8 करोड़ टन, राजस्थान को 1.15 करोड़ टन, हरियाणा को 1.15 करोड़ टन और बिहार को 72.5 लाख टन उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। रबी सत्र 2025-26 के दौरान 1.65 करोड़ टन दलहन और 1.51 करोड़ टन तिलहन उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय रबी सम्मेलन के दौरान गेहूं व चावल के बारे में कहा कि देश का उत्पादन वैश्विक स्तर पर पहुंच गया है, लेकिन दलहन व तिलहन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार फसलवार समीक्षा कर रही है और रबी फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाएगी। रबी सत्र के लिए बीज और उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति है। आगामी रबी सत्र में कृषि वैज्ञानिकों की टीमें विकसित कृषि संकल्प अभियान नामक रबी अभियान चलाएगी।

## एचएसआर लेआउट में 50 बेड की आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ

### सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल और आईकेओसी की संयुक्त पहल



महानगर संवाददाता

**बेंगलुरु।** भारत के पहले एफडीआई आधारित अस्पताल सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल बेंगलुरु ने इंटरनेशनल नी एंड ऑर्थोपेडिक सेंटर के सहयोग से बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट में 50 बेड वाला अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल शुरू किया है। इस अवसर पर कर्नाटक सरकार के उद्योग व अवसंरचना विकास मंत्री एमब. पाटिल मुख्य अतिथि रहे।

नई सुविधा में आर्थोपेडिक्स, ऑर्थोस्पाइन, जनरल सर्जरी, कार्डियक सर्जरी, यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी व न्यूरोसर्जरी जैसी प्रमुख विशेषताओं में विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध होंगी। रोगी-केंद्रित देखभाल, उन्नत तकनीक और नैदानिक उत्कृष्टता को मिलाकर यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं में नई ऊंचाइयां तय करेगी। मंत्री पाटिल ने कहा कि सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल और डॉ. चंद्रशेखर को इस नई स्वास्थ्य सुविधा के लिए बधाई। यह अत्याधुनिक संस्थान विश्व स्तरीय जोड़ों और रीढ़ की बीमारियों के उपचार में क्रांतिकारी साबित होगा।

सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक युइची नागानो ने कहा कि आईकेओसी के साथ यह सहयोग अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई शुरुआत है। हमारी विशेषज्ञता और उन्नत तकनीकों को समुदाय तक पहुंचाकर समय पर उपचार और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करेंगे। डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर केई ईयामा ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि अधिक से अधिक लोगों तक गुणवत्तापूर्ण सेवाएं पहुंचे।

## त्योहारी सीजन से पहले फ्लिपकार्ट सेलर्स की संख्या 25 प्रतिशत बढ़ी

महानगर संवाददाता



**बेंगलुरु।** भारत का घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट त्योहारी सीजन से पहले लगातार अपने सेलर इकोसिस्टम को मजबूत बना रहा है। पिछले छह महीने में प्लेटफॉर्म पर सक्रिय सेलर्स की संख्या में 25 से 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और त्योहारी सीजन से पहले की तिमाही जून-अगस्त 2025 में 30 प्रतिशत तक का विकास दर्ज किया गया है।

विकास के इस आंकड़े के साथ फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस लाखों एमएसएमई, कारीगरों और उद्यमियों को साल के सबसे बड़े शॉपिंग इवेंट के लिए तैयार होने में मदद कर रहा है। एआई-पावर्ड टूल्स, आसान सेलर सॉल्यूशंस, तेजी से सेटलमेंट और उभरते बाजारों में लगातार विस्तार के माध्यम से सेलर्स तेज विकास कर रहे हैं और आगामी त्योहारी सीजन के लिए बेहतर स्थिति में हैं। इसे प्रशिक्षण सत्रों, लाइव कॉमर्स जैसे नए फॉर्मेट और व्यापक फुलफिलमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से और गति दी जा रही है और सुनिश्चित किया जा रहा है कि त्योहारी सीजन के दौरान सेलर्स अपने कारोबार को बेहतर तरीके से बढ़ा सकें।

फ्लिपकार्ट के एसवीपी व मार्केटप्लेस हैड साकेत चौधरी ने कहा कि हमारी सेलर कम्युनिटी के लिए त्योहारी सीजन बहुत महत्वपूर्ण अवसर होता है और फ्लिपकार्ट इस दौरान सफल होने में उनकी मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनएक्सटी इनसाइट्स जैसे एआई आधारित प्लेटफॉर्म और आसान सेलर हब ऑपरेशंस के माध्यम से हम सेलर्स को सही टूल्स और जानकारियों से लैस करते हैं, जिससे उन्हें आत्मविश्वास के साथ विकास करने में मदद मिलती है। क

न्नौज और खुर्जा जैसे नए व्यापारिक केंद्रों के उभरने और फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स व बीजीएम जैसी कैटेगरी में विकास से हमारे मार्केटप्लेस के समावेश और दृढ़ता की झलक दिखती है। हम त्योहारी सीजन की ओर कदम बढ़ा रहे हैं और ऐसे में देशभर में अपने ग्राहकों को बेहतर मूल्य एवं विश्वास देने के साथ-साथ हम अवसरों को अधिकतम करने में सेलर्स का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# लो-ग्रेड आयरन अयस्क पर निर्यात शुल्क से खनन उद्योग को झटका

### एफआईएमआई बोला- राज्यों को होगा नुकसान

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** खनन उद्योग से जुड़े संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज (एफआईएमआई) ने चेतावनी दी है कि अगर निम्न-ग्रेड आयरन अयस्क (58 फीसदी से कम आयरन वाली अयस्क) पर 30 प्रतिशत तक निर्यात शुल्क लगाया गया तो कर्नाटक, गोवा और ओडिशा जैसे खनिज-समृद्ध राज्यों को 16000 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान होगा।

इसके अलावा खनन उद्योग आर्थिक रूप से अस्थिर हो जाएगा और लगभग पांच लाख लोगों की आजीविका पर संकट आ सकता है। वर्तमान में इस श्रेणी के आयरन अयस्क पर कोई निर्यात शुल्क नहीं है, लेकिन सरकार इसे बढ़ाकर 20 से 30 प्रतिशत तक करने पर विचार कर रही है। सरकार का उद्देश्य घरेलू बाजार में आयरन अयस्क की आपूर्ति बढ़ाना है। एफआईएमआई ने कहा कि यह कदम न सिर्फ खनन उद्योग पर गंभीर असर डालेगा, बल्कि इससे जुड़ी स्टील इंडस्ट्री पर भी दबाव बढ़ेगा। संगठन ने इस मुद्दे को कर्नाटक में लागू अधिकतम वार्षिक उत्पादन सीमा से भी जोड़ा।

सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में कर्नाटक में आयरन अयस्क खनन पर माइन-वाइज प्रोडक्शन कैप यानी एमपीएपी लगाया था। इसका उद्देश्य उस समय की खनन गड़बड़ियों और निगरानी की कमी को दूर करना था। यह व्यवस्था अस्थाई थी, लेकिन अब तक लागू है। पूरे देश में सिर्फ कर्नाटक पर यह पाबंदी है, किसी और राज्य में नहीं।

#### एफआईएमआई की यह है मांग

फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज का कहना है कि जब एमपीएपी लगाया गया था, तब यह जरूरी था, लेकिन अब खनन उद्योग की निगरानी व्यवस्था पूरी तरह बदल गई है। एफआईएमआई (साउथ) के निदेशक एसएस हिरेमठ ने कहा कि अब यह सीमा भेदभावपूर्ण हो गई है और आयरन अयस्क उत्पादन की वृद्धि रोक रही है। इससे घरेलू स्टील उद्योग पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।

#### सुझाए दो बड़े कदम, नहीं तो गंभीर परिणाम

इसे लेकर एफआईएमआई ने दो बड़े कदम सुझाए हैं, जिसमें पहला- निम्न-ग्रेड आयरन अयस्क पर निर्यात शुल्क न लगाया जाए और दूसरा- कर्नाटक से एमपीएपी पूरी तरह हटाया जाए। संगठन का कहना है कि अगर इन दोनों मुद्दों का सही समाधान नहीं किया गया तो खनन और स्टील उद्योग दोनों को गंभीर नुकसान होगा और बड़ी संख्या में लोगों की नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं।

**पहल** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव पर स्वामी रामदेव ने पतंजलि योगपीठ की ओर से की राष्ट्रीय स्तर की सेवाओं की घोषणा

# देशभर में फ्री मेडिकल चैकअप, योग और हेल्थ कैम्प लगाएगा पतंजलि

### भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए चलाया जाएगा स्वदेशी आंदोलन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव पर स्वामी रामदेव महाराज ने दिल्ली में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता की। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि देश के देवतुल्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिमालय जैसे व्यक्तित्व में स्वदेशी, स्वधर्म, राष्ट्रधर्म व सनातन धर्म समाहित है।

स्वामी रामदेव ने देश की नीतियों व नीयती को दिशा देने में बढ़ी भूमिका निभाने वाले प्रधानमंत्री मोदी की दीर्घायु की कामना की। स्वामी रामदेव ने स्वदेशी से आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करने में पतंजलि की भूमिका व योगदान पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही विश्व में भारत के बढ़ते प्रभाव व अग्रणी भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला।

इस दौरान पतंजलि योगपीठ की ओर से राष्ट्रीय स्तर की सेवाओं की घोषणा की गई। देश के सभी जिलों में सीबीएसई, बीएसबी व स्टेट बोर्ड के प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पतंजलि द्वारा 11 से 51 हजार से पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं देशभर में 750 स्थानों पर फ्री मेडिकल चैकअप, योग व हेल्थ कैम्प लगाए जाएंगे। देश में 750 से अधिक स्थानों पर क्रोनिक लीवर डिजीज, फैटी लीवर और लीवर सिरोसिस की




निशुल्क औषधि वितरण व उपचार कैम्प लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीनकाल से ही अर्थव्यवस्था के शिखर पर रहा है। 250 सालों में इस्ट इण्डिया कम्पनी से लेकर अनेकों कम्पनियों ने भारत की 100 ट्रिलियन से ज्यादा आर्थिक लूट केवल दो दशकों में की है। भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व में सर्वोपरि बनाने के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान वोकल फॉर लोकल व स्वदेशी के आंदोलन को गांव-गांव व घर-घर तक जनांदोलन के रूप में चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत अभियान को साकार करने के लिए संपूर्ण देशभर में स्वदेशी का अभियान चलाकर, भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए और राष्ट्र निर्माण के सभी क्षेत्रों में स्वदेशी को गौरव प्रदान करने के लिए व विदेशी ताकतों से देश की लूट को बचाएंगे, साथ ही भारत को परम वैभवशाली बनाएंगे।

स्वामी रामदेव ने दैनिक जीवन में शून्य तकनीकी की अमेरिकी व विदेशी कम्पनियों के बहिष्कार का आह्वान किया। विकसित भारत का सपना केवल प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का है। हमें अपने संकल्प व जुनून से भारत को विश्व का महानतम देश बनाना है।

रामदेव ने कहा कि मैकाले के षड्यंत्र से वैचारिक दरिद्र व गुलामी की शिक्षा व्यवस्था को बदलने के लिए भारतीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से प्रथम चरण में 1 लाख, फिर 3 लाख विद्यालयों को स्वदेशी शिक्षा व्यवस्था से जोड़कर देश को गुलामी की मानसिकता से बाहर निकालकर ऐसे आदर्श व्यक्तित्व व चरित्र का निर्माण करना है, जो पूरे विश्व का नेतृत्व कर सकें। भारत को केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक शक्ति बनाना है। भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एनपी सिंह ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के गठन व वैधानिक स्वरूप के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter


## पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े की धूम, मुख्यमंत्री ने बिराजपुरा से ग्रामीण सेवा शिविर का किया शुभारंभ

# अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना प्राथमिकता : भजनलाल

### मैराथन कार्यक्रमों में की शिरकत, सेवा और समर्पण का दिया संदेश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस राजस्थान में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार सुबह से देर शाम तक मैराथन कार्यक्रमों में शिरकत कर सेवा और समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने बस्सी के बिराजपुरा से ग्रामीण सेवा शिविर का शुभारंभ कर योजनाओं का लाभ वितरित किया। मानसरोवर सिटी पार्क में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में हिस्सा लिया। जवाहर कला केन्द्र में 'नमो प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया और मेगा रक्तदान शिविर में आमजन से रक्तदान व स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि पीएम का जनसेवा का मूलमंत्र ही शिविरों की प्रेरणा है। इन शिविरों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुशासन और विकास पहुंचाना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। वहीं राजधानी के मालवीय नगर में शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र मानते हुए सरकार ने जनता की सेवा के लिए शिविरों का शुभारंभ किया है। उधर सीएम ने बस्सी के बिराजपुरा में स्टॉल्स का निरीक्षण भी किया। लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ वितरित किया। इस दौरान नामांतकरण, सहमति विभाजन, आवासीय पट्टे, बीज मिनीकिट, बीमा राशि और सहायता चेक लाभार्थियों को सौंपे।

### खुद बनाकर पिलाई चाय



शिप्रापथ स्थित टी-स्टॉल पर उन्होंने खुद चाय बनाई, सबको पिलाई और डिजिटल भुगतान कर संदेश दिया। सीएम ने टीम-स्टॉल वेंडर राकेश मीणा से संवाद किया और अधिकारियों और क्षेत्रीय पार्षद को निर्देश दिए कि थड़ी-ठेला संचालकों को स्वनिधि योजना से जोड़ा जाए।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान



जिला परिषद जयपुर के सभागार में बुधवार को 'स्वच्छता ही सेवा अभियान- 2025' का शुभारंभ जिला परिषद के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेरसिंह लुहाड़िया ने अभियान के उद्देश्यों, महत्व तथा इसके अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास का आधार है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरूकता का संदेश दिया गया। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एमजेमएस द्वारा संचालित कार्यों को सफलतापूर्वक लागू करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ ली तथा प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया। अंत में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं नागरिक सम्मिलित हुए।

### स्वच्छता से समर्पण का संदेश



मुख्यमंत्री ने सुबह मानसरोवर सिटी पार्क में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने सफाई कर सफाई मित्रों का अभिनंदन किया, स्वच्छता की शपथ दिलाई और वेस्ट वॉटर पॉलिसी 2025 का विमोचन किया।

### नमो प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र




जवाहर कला केन्द्र में मुख्यमंत्री ने 'नमो प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, ऑपरेशन सिंदूर और राम मंदिर निर्माण जैसे अहम निर्णयों पर आधारित स्टॉल्स लगाए गए। मुख्यमंत्री ने चित्रकार द्वारा बनाया गया लाइव चित्र स्वीकार किया और पूर्व सैनिकों व उद्यमियों से मुलाकात की।

### रक्तदान महोत्सव में दिखा युवाओं का जोश




### केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी अजमेर में मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव में हुए शामिल

**जयपुर/अजमेर।** केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने किशनगढ़ में आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव में भाग लिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर जीवन का स्थायी हिस्सा बनाना चाहिए। अजमेर के पंचशील सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान के तहत महिलाओं की जांच और रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें चौधरी ने स्वयं कार्यकर्ताओं के साथ सहभागिता की।

## सेवा और समर्पण का प्रतीक पीएम का जीवन : बिरला

### थेकड़ा में नमो स्वास्थ्य जांच एवं सुपोषण शिविर का शुभारंभ




**जयपुर/कोटा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा के थेकड़ा में नमो स्वास्थ्य जांच एवं सुपोषण शिविर की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किए और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। बिरला ने मातृ-शिशु स्वास्थ्य की मजबूती और मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में कोटा के विकास की योजनाओं का भी जिक्र किया। बिरला ने शक्तिनगर में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरुआत की और जीएमए प्लाजा में विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ कर सेवा-भाव का संदेश दिया।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्वच्छता अभियान से किया शुभारंभ

### जनता संग चाय-जलेबी का स्वाद भी लिया

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बुधवार को राजधानी सहित पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा और समर्पण के भाव से 'सेवा पखवाड़ा' की शुरुआत की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने हवामहल के बाहर स्वच्छता अभियान चलाकर पखवाड़े का शुभारंभ किया और आमजन को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान विधायक बालमुकुंद आचार्य, हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव भी उपस्थित रहे। खास बात यह रही कि राठौड़ ने कार्यकर्ताओं संग चाय बनाई, राहगीरों को जलेबी खिलाई और जन्मदिन का उत्सव आमजन संग साझा किया। बाद में मुख्यमंत्री के साथ जेकेके में नमो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया।

राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि 2047 तक भारत पूर्ण विकसित राष्ट्र बने। पिछले 11 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। गरीब की सेवा, माताओं-बहनों की गरिमा और हर परिवार का कल्याण ही उनकी मोदी की गारंटी है। उन्होंने स्वदेशी पर बल देते हुए कहा कि जैसे महात्मा गांधी ने आजादी की नींव स्वदेशी से रखी, वैसे ही मोदी इसे विकसित भारत की ताकत बना रहे हैं। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 30 लाख कारीगरों को मिली मदद को ऐतिहासिक बताया।

### उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया रक्तदान



जयपुर में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रक्तदान शिविर में रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सेवा का भाव ही सकारात्मक बदलाव लाता है।

### बेटियों के सशक्तीकरण की पहल




कोटा में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटियों के खाते खुलवाए और रक्तदान शिविरों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि मोदी केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार बन चुके हैं।

## स्वच्छोत्सव कार्यक्रम में स्वच्छता सखियों का सम्मान

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया सम्मान

**जयपुर/अलवर।** केंद्रीय भूपेंद्र यादव ने अलवर में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर में रक्तदान किया और मुंगस्का स्थित वृक्ष वाटिका में 500 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही 'स्वच्छोत्सव' कार्यक्रम में अधिकारियों और स्वच्छता सखियों को सम्मानित किया। उन्होंने 2500 डस्टबिन वितरित कर नागरिकों को कचरा पृथक्करण के लिए प्रेरित किया।




## भाजपा सांगानेर विधानसभा रिद्धि-सिद्धि मंडल ने की गौसेवा




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा सांगानेर विधानसभा रिद्धि-सिद्धि मंडल ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत दुर्गापुरा गोशाला में विशेष सेवा कार्य किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा समर्पण के रूप में मनाते हुए गौमाता को चारा एवं गुड़ खिलाया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दीपा नाथावत ने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है और भाजपा कार्यकर्ता सदैव समाजसेवा एवं लोककल्याण के कार्यों में अग्रणी रहते हैं। इस अवसर पर सेवा पखवाड़े के मंडल सहसंयोजक रमाकांत कटारा, वार्ड 87 संयोजक चंद्रप्रकाश जांगिड़, बूथ अध्यक्ष कमलेश शर्मा, लोकेश शर्मा, कैलाश नारायण शर्मा, अंशु गर्ग, नंदकिशोर शर्मा, जुगल किशोर अग्रवाल, राजीव मीणा सहित मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी, वार्ड संयोजक एवं वार्ड पार्षद उपस्थित रहे।

## हेरिटेज निगम ने सीज किए छह अवैध निर्माण






महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज के हवामहल आमेर जोन ने बुधवार को बिना स्वीकृति के चल रहे छह अवैध निर्माणों को अस्थाई सीज किया है। इस संबंध में जोन उपायुक्त सीमा चौधरी ने बताया कि 217-सी कंवर कालोनी, 26 चंद्रशेखर कालोनी गंगापोल, 78 जगदीश कालोनी रामगढ़ मोड़, 12 मीणा कालोनी वार्ड नंबर 22, सिल्वर स्क्वायर शोरूम के पीछे पुराना आमेर रोड, 10 मीरा मार्ग गोविंद नगर पूर्व को अस्थाई सीज किया है। सभी जगहों पर निगम की बिना परमिशन के अवैध निर्माण किया जा रहा था। जोन कार्यालय से सभी को निर्माण कार्य रोकने के लिए नोटिस दिया था, लेकिन लगातार काम होने पर बुधवार को अस्थाई सीज किया गया है। कार्रवाई राजस्व अधिकारी पार्वती सोनी के नेतृत्व में की गई है।

## भारत विकास परिषद महेश नगर का गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम



महानगर संवाददाता

**महेश नगर।** भारत विकास परिषद महेश नगर ने बेलकिन एकेडमी के प्रांगण में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष रणवीर सिंह त्यागी और प्रांतीय संरक्षक हेमंत जोशी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में शिक्षकों और मेधावी 15 विद्यार्थियों का वंदन और अभिनंदन किया गया। महेश नगर शाखा के अध्यक्ष सीताराम गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर भारत को जानो प्रतियोगिता के द्वितीय चरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें पांच प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुदेश, महेंद्र सिंघल शाखा संरक्षक और लोकेंद्र गर्ग सचिव ने शिक्षक-छात्र संबंधों के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रांतीय अध्यक्ष रणवीर सिंह त्यागी ने विद्यालय निदेशक नरेंद्र शर्मा को आयोजन के लिए शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

## बिजली बंद आज




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** दीपावली पर्व को लेकर जयपुर शहर में 18 सितंबर को बिजली लाइनों का आवश्यक सुधार किया जाएगा। इस कारण शहर के कई इलाकों में बिजली बंद रखी जाएगी।

**सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक :** प्रतापनगर क्षेत्र में रविन्द्र नगर, आनंद बाग, चाणक्यपुरी, एयरपोर्ट एन्क्लेव, हरिओम विहार, सैंट मैरी स्कूल एवं आसपास का क्षेत्र। जगतपुरा क्षेत्र में विज्ञाननगर, रोहिणीनगर, ब्रज वाटिका, चाणक्यपुरी, शकुंतलम एवं आसपास का क्षेत्र। झोटवाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत गोविन्दपुरा, इंदु मोटर्स, आर.एस. पैराडाइस, बालाजी विहार, कमला नगर व आसपास का क्षेत्र। विधाधर नगर क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-3, एल.एस. नगर, पृथ्वी नगर, महात्मा ज्योतिबा फुले गार्डन, ग्रीन पार्क के आसपास का क्षेत्र। नींदड़ क्षेत्र के अंतर्गत नींदड़ मोड़, नींदड़ गांव व आसपास का क्षेत्र। जनता नगर, लक्ष्मी नगर, सत्येन्द्र कॉलोनी, कृष्णापुरी राकड़ी, चौधरी स्कूल, आजाद नगर, हटवाड़ा रोड, गंगा विहार, स्वर्णपुरी, ऑफिसर्स एवेन्यू, आदिनाथ नगर, आरआर होम्स, पाल वाले बालाजी, बालाजी हॉस्पिटल, सिरसी विलास, सत्य नगर, रणजीत नगर, लाल मंदिर, सफेद मंदिर, मेजर बने सिंह कॉलोनी, आजाद नगर, केसर नगर, हनुमान नगर, गणेश विहार, केशोपुरा गांव, पश्चिम विहार, केसीसी नगर, महिमा वेलेटाइन कॉलोनी, नेहरू नगर, चौधरी कॉलोनी एवं आसपास का प्रभावित क्षेत्र। विकास नगर बी, सी, जगदंबा नगर, द्रोणपुरी के आसपास क्षेत्र।

**दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक :** प्रतापनगर क्षेत्र में रविन्द्र नगर, रविन्द्र नगर-ए, टीलावला, कस्तूरी बाग एयरपोर्ट रोड एवं आसपास का क्षेत्र। जगतपुरा क्षेत्र में शकुंतलम, स्वरूप विहार, महादेव नगर, रामनगरिया जेडीए स्कीम, शिवनगर विस्तार एवं आस पास का क्षेत्र। झोटवाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत परमानंद नगर, कृष्णा विहार, गणेशम विहार, अपना आशियाना-द्वितीय व आसपास का क्षेत्र। नींदड़ क्षेत्र के अंतर्गत चेतन डूंगरी, साधुबाबा की ढाणी, बालाजी सिटी, रामबाग की ढाणी, जयरामपुरा रोड व आस-पास का क्षेत्र। विधाधर नगर क्षेत्र के अंतर्गत संपूर्ण सेक्टर-3, जेम्स कॉलोनी, अपोलो अपार्टमेंट व आसपास का क्षेत्र। जमुना नगर, अनाज मंडी सोडाला, कपूर अस्पताल, सुशीलपुरा, डूंगरी पैलेस, शिव पार्क, गजानंद विहार, कमला नगर, चांद बिहारी नगर, नवजीवन कॉलोनी, भारतेंदु नगर, खातीपुरा रोड, जसवंत नगर, एवं आसपास का प्रभावित क्षेत्र। भूरा विकास विहार, अयोध्या नगर, ललारपुरा के आसपास क्षेत्र।

## राष्ट्रीय शक्ति मंच का मातृ शक्ति सम्मेलन 21 को



**जयपुर (मसं)।** प्रदेश और राजधानी में बढ़ती लव जिहाद की घटनाओं के प्रति हिंदू समाज की बेटियों को जागृत करने के लिए राष्ट्रीय शक्ति मंच की ओर से वैशालीनगर स्थित खंडेलवाल गर्ल्स कॉलेज में 21 सितंबर को अपराह्न चार बजे से मातृ शक्ति सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मुख्य वक्ता काजल हिंदुस्तानी होंगी। कार्यक्रम संयोजिका उर्मिला सिंह ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य लक्ष्य मातृ शक्ति का सनातन-वैदिक संस्कृति से जुड़ाव, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार पर विशेष बल देना, मातृ शक्ति का सशक्तिकरण और सम्मान, संस्कृति का संरक्षण, ज्ञान का आदान-प्रदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विचार-विमर्श, सामाजिक परिवर्तन, आत्मविश्वास का निर्माण करना है।

## मंदिर-अर्चक-पुरोहित आयाम का अभ्यास वर्ग संपन्न



**जयपुर (मसं)।** विश्व हिंदू परिषद जयपुर प्रांत के मंदिर एवं अर्चक, पुरोहित आयाम का अभ्यास वर्ग विश्व हिंदू परिषद के जयपुर स्थित कार्यालय भारत माता मंदिर में संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग में जयपुर प्रांत के 24 जिलों में से 14 जिलों के मंदिर एवं अर्चक पुरोहित आयाम प्रमुख एवं पांच जिलों के सह मंत्री उपस्थित रहे। प्रारंभिक सत्र में क्षेत्र संगठन मंत्री राजाराम ने विश्व हिंदू परिषद की जन्माष्टमी 1964 में स्थापना से अब तक किए गए प्रमुख कार्यों की विस्तार से चर्चा करते हुए मंदिर एवं अर्चक पुरोहित की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया। मुख्य बौद्धिककर्ता अरुण नेटके ने आयाम की स्पष्टता व्यक्त करते हुए करणीय कार्य एवं कार्य पद्धति पर ध्यान केंद्रित करते हुए अंतिम सत्र में जिज्ञासा एवं उनके समाधान द्वारा विषय स्पष्ट किया। प्रांत मंत्री राधेश्याम ने विहिप के वार्षिक उत्सवों का संक्षेप में वर्णन किया। अभ्यास वर्ग में संघ के वरिष्ठ प्रचारक जुगल किशोर का आशीर्वाद भी सभी को प्राप्त हुआ। जयपुर प्रांत प्रमुख राकेश पारीक ने 'संगठन में ही शक्ति है' सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए इस आयाम के लिए प्रखंड स्तर तक टीम के गठन का आह्वान किया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# गर्लफ्रेंड को इंप्रेस करने लग्जरी कार में पिस्टल लेकर घूमता नाबालिग

## फैमिली बिजनेस के लिए जाने वाला था दुबई, पुलिस ने ऑपरेशन आग के तहत आर्म्स एक्ट में किया गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विद्याधरनगर थाना इलाके में गर्लफ्रेंड को इंप्रेस करने के लिए 18 साल का नाबालिग लग्जरी कार बीएमडब्ल्यू में अवैध पिस्टल लेकर घूम रहा था। उसने ये अवैध पिस्टल इंस्टाग्राम के जरिए भरतपुर के एक युवक से 1 लाख रुपए में खरीदी थी। फैमिली बिजनेस के लिए वह जल्द ही दुबई जाने वाला था। विद्याधरनगर थाना पुलिस ने ऑपरेशन आग के तहत




चल रहे सर्च अभियान में ब्रह्मपुरी निवासी दक्ष रायचंदानी को पकड़ा है। पुलिस ने दक्ष की बीएमडब्ल्यू कार से अवैध पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस का कहना है कि सूचना मिली थी कि विद्याधर नगर थाना इलाके में पिछले कुछ दिनों से एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीएमडब्ल्यू कार को रोका। कार की तलाशी ली तो उसमें अवैध पिस्टल और कारतूस मिला। इसके बाद पुलिस ने दक्ष रायचंदानी को आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद जानकारी जुटाई तो सामने आया है कि आरोपी दक्ष के पास पिस्टल का लाइसेंस नहीं है। पूछताछ में उसने बताया कि गर्लफ्रेंड को इम्प्रेस करने के लिए उसने अवैध पिस्टल खरीदी थी। दक्ष ने पुलिस को बताया कि उसकी गर्लफ्रेंड ने उससे कहा कि पैसा और गाड़ी तो सबके पास होता है, हथियार हो तो कोई बात है। इसी बात को लेकर दक्ष ने अवैध पिस्टल खरीद ली।

### इंस्टाग्राम के जरिए भरतपुर के युवक से खरीदी

शुरुआती जांच में सामने आया है कि दक्ष ने इंस्टाग्राम पर अवैध हथियार को लेकर जानकारी जुटाई। इस दौरान भरतपुर के राकेश नाम के एक शख्स से उसका संपर्क हुआ। उसने कूकस में स्थित एक कॉलेज के पास दक्ष से एक लाख रुपए लेकर अवैध पिस्टल की डिलीवरी की। पुलिस को दक्ष रायचंदानी का कोई क्रिमिनल बैकग्राउंड नहीं मिला है। न ही उसके परिवार के किसी सदस्य का कोई क्रिमिनल बैकग्राउंड है। दक्ष ने 11वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। दो महीने पहले ही 18 साल का हुआ दक्ष फैमिली बिजनेस के सिलसिले में दुबई जाने वाला था।

### जलमहल के पास परिवार की है हैंडीक्राफ्ट शॉप

दक्ष के पिता हरीश रायचंदानी का निधन हो चुका है। मां और बड़ा भाई हैंडीक्राफ्ट का बिजनेस संभालते हैं। दक्ष के परिवार की जलमहल के पास हैंडीक्राफ्ट की शॉप भी है। दक्ष जो बीएमडब्ल्यू चला रहा था, वो उसके भाई के नाम पर है। गिरफ्तारी के बाद दक्ष को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस आरोपी दक्ष रायचंदानी द्वारा अवैध हथियार को लेकर बताई गई कहानी की सत्यता जांच रही है। पुलिस जरूरत पड़ने पर आरोपी दक्ष की गर्लफ्रेंड से भी पूछताछ कर सकती है।

## डी-मार्ट की पार्किंग से पलभर में लॉक तोड़कर उड़ाई बाइक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रताप नगर थाना इलाके में स्थित डी-मार्ट की पार्किंग से एक बाइक चोरी हो गई।

भीड़ में बदमाश लॉक तोड़कर केवल 58 सेकंड में बाइक चुराकर भाग गया। डी-मार्ट में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोर नजर आया है। इस पर पीड़ित ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। प्रताप नगर थाने के हैड कांस्टेबल बाबूलाल ने बताया कि पीड़ित जयकिशन की बाइक कुंभा मार्ग स्थित डी-मार्ट की पार्किंग से चोरी हुई है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर की पहचान कर तलाश की जा रही है।

बाइक चोरी की वारदात में शामिल संदिग्धों से भी इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। पीड़ित जयकिशन ने बताया कि वह डी-मार्ट में शॉपिंग करने के लिए गया था। सामान खरीदने के बाद बाहर आया तो पार्किंग में बाइक नहीं मिली।

इस पर डी-मार्ट में लगे सीसीटीवी को चेक किया। फुटेज में सफेद टी-शर्ट पहना एक व्यक्ति बाइक के पास आता दिखा। उसने बाइक का लॉक तोड़ा। इसके बाद बाइक के तारों को जोड़कर स्टार्ट कर ले गया। पार्किंग में मौजूद लोगों के सामने चोर बाइक लेकर चला गया।

# फर्जी कॉल सेंटर चलाते पुलिस के हत्थे चढ़ा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष

## पांच करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा, छह गिरफ्तार, किराए पर लेते थे स्टूडेंट्स के खाते

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की साउथ जिला पुलिस ने 5 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा किया है। मानसरोवर, शिप्रापथ व श्याम नगर से 6 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष भी है। आरोपियों से नकदी, लेपटॉप व एटीएम कार्ड बरामद किए गए है। डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने थाना सर्किल में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर पर दबिश दी। सन्नी मार्ट में संचालित जयपुर एप्स नाम से फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से म्यूचल अकाउंट में करोड़ों रुपए की साइबर ठगी का खुलासा हुआ। पुलिस ने कॉल सेंटर चलाने वाले और साइबर ठगों को बैंक खाता उपलब्ध करवाने वाले कुल 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस फर्जी कॉल सेंटर को बीआर





मिर्धा कॉलेज नागौर का पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुरेन्द्र दौतड़ चला रहा था। पकड़े गए चारों बदमाशों में सुरेंद्र दौतड़ पुत्र सामाराम जाट निवासी नागौर हाल मानसरोवर, चंद्र शेखर पुत्र जयंत निवासी बूंदी हाल शिप्रापथ, रितेश जांगिड़ पुत्र नौरंग जांगिड़ निवासी गांधी नगर चूरू और महेश स्वामी पुत्र अतुल स्वामी निवासी सरदारशहर हैं। शिप्रापथ इलाके में ऑनलाइन ठगी के लिए किराए पर बैंक के खाते उपलब्ध करवाने वाले यशवंत सिंह राजपूत निवासी अंता बारां को गिरफ्तार किया है। आरोपी पढ़ाई करने वाले बच्चों को पैसों का लालच देकर उनके खाते किराए पर लेता था।

### फ्लैट-दुकान किराए पर दिलाने के बहाने फंसाते

परिवादी विनायक कुमार जोशी ने श्याम नगर थाने में साइबर ठगी की रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि उनके फ्लैट को किराए पर देने के लिए एक पेपर में विज्ञापन दिया था। इसके बाद एक फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को रेंट ब्रोकर कंवरपाल सिंह बताया। फ्लैट का वीडियो बनाकर अपने वॉट्सएप मोबाइल पर मंगवाया। इसके बाद उसने कहा कि आपका फ्लैट बैंक में असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट को पसंद आया है। इनका ट्रांसफर अहमदाबाद से जयपुर जयपुर में हुआ है। कंवरपाल ने खुद को रेंट ब्रोकर बताया और कहा कि लीज एग्रीमेन्ट सीधे बैंक से 3 साल के लिए होगा। इसके बाद पीड़ित ने 36 हजार और 17668 के दो अमाउंट आरोपी के खाते में जमा करवा दिए, इसके बाद से आरोपी ने मोबाइल बंद कर लिया।

### अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर निकालते फ्रॉड राशि

आरोपी यशवंत साइबर पोर्टल 1930 पर होने वाली शिकायतों में राशि को होल्ड से बचाने के लिए साइबर फ्रॉड की राशि को अलग-अलग खातो में ट्रांसफर कर पैसे निकलवाने का काम कमीशन के आधार पर करता था। इस राशि को आरोपी एटीएम से निकाल लिया करता था। ठग के पास से 4.50 लाख रुपए, 1 लेपटॉप, 3 मोबाइल फोन, 23 सिम कार्ड, 1 चैक बुक, 1 पास बुक और 27 एटीएम कार्ड बरामद हुए है। डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने साइबर अपराधी परमिंदर सरदार को गिरफ्तार किया है। आरोपी जयपुर शहर में फ्लैट, दुकान, मॉल किराए पर दिलाने के नाम पर साइबर ठगी किया करता था। आरोपी के खिलाफ जयपुर शहर में लगभग 80 से 85 साइबर के मामले दर्ज हैं और अब तक 50 लाख रुपए की साइबर ठगी कर चुका है। आरोपी ऑनलाइन सट्टा खेलने का आदि है।

## खुद में आत्मा का भाव आने का ढोंग रचाकर देवर ने भाभी से की दरिंदगी

### अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने और पति से तलाक करवाने की देता धमकी

महानगर संवाददाता



**पाली।** कोतवाली थाना क्षेत्र में विवाहिता से उसके ही घर में रहने वाले देवर ने डरा-धमका कर कई बार दरिंदगी की। आरोपी खुद में बावजी की आत्मा का भाव आने का ढोंग रचता और विवाहिता से कहता कि मेरी खिदमत करो, जैसा कहा वैसा नहीं किया तो तुम्हारे पति से तलाक करवा दूंगा।

इसके बाद विवाहिता ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी। आरोप लगाया कि पिछले कुछ महीनों से आरोपी ने डरा- धमका कर कई बार रेप किया और अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल भी किया। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि वह संयुक्त परिवार में रहती है। चाचा ससुर का 27 साल का लड़का रिश्ते में उसका देवर लगता है, जो उसके ही घर पर रहता है। आरोपी खुद में बावजी की आत्मा का भाव आने की बात कहता है। उसके बाद खिदमत करने के लिए कहता था, ऐसा नहीं करने पर पति से तलाक करवाने की धमकी देता है। रिपोर्ट में बताया कि आरोपी देवर ने उसे डरा-धमका कर बीते कुछ महीनों में कई बार रेप किया। अश्लील फोटो-वीडियो भी बना लिए। उन्हें वायरल करने की धमकी देकर दरिंदगी करता था। साथ ही महिला के मोबाइल से दूसरे लड़कों को अश्लील मैसेज भेजकर उसे बदनाम करने की भी कोशिश की। रिपोर्ट में बताया कि आरोपी देवर ने उसे अपने कमरे में बुलाया। वहां उसके साथ फिर से जबर्दस्ती करने लगा। इस पर भागकर घर में दूसरे कमरे में मौजूद अपने सास-ससुर, जेठानी को सारी बात बताई। उन्होंने थाने में रिपोर्ट देने की बात कहीं, जिसके बाद पुलिस को रिपोर्ट सौंपी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसकी जेठानी पर भी बुरी नजर रखता है और उनके साथ भी कई बार गंदी हरकत की है। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

## जमाबंदी में नाम संशोधन के लिए दो हजार की घूस लेते पटवारी गिरफ्तार



महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 हजार की रिश्वत लेते रंग हाथों पटवारी को गिरफ्तार किया है। पटवारी ने जमाबंदी में परिवादी के पिता का नाम संशोधन की एवज में रिश्वत की डिमांड की थी।

फिलहाल एसीबी टीम आरोपी पटवारी से पूछताछ कर रही है। एसीबी एएसपी नरेंद्र इनखिया ने बताया कि परिवादी ने शिकायत की थी कि चौहटन तहसील के पटावार हल्का नवातला जेतमाल स्थित खेत में खातेदार (परिवादी के पिता) का नाम अलग दर्ज है, जबकि आधार कार्ड एवं अन्य सरकारी दस्तावेजों में नाम सही दर्ज है। नाम में अलग-अलग होने की वजह से पीएम सम्मान निधि शुरू नहीं हो रही थी। किसान सम्मान निधि के लिए पिता का नाम जमाबंदी में संशोधन करवाने के लिए नवातला पटवारी दिनेश कुमार के पास गया।

लेकिन पटवारी संशोधन के लिए आनाकानी कर रहा है। फिर संशोधन के लिए 4 हजार रुपए की डिमांड की। एसीबी ने शिकायत के बाद परिवादी का सत्यापन करवाया, परिवादी ने उसको तब 2 हजार रुपए दिए। परिवादी को बुधवार को रंगे हुए 2 हजार रुपए देकर उसके किराए के मकान में भेजा गया। वहां पर 2 हजार रुपए लेते ही एसीबी टीम ने उसको पकड़ लिया। फिलहाल एसीबी टीम उससे पूछताछ करने कर रही है। वहीं अन्य डॉक्यूमेंट को खंगाल रही है।

## हनीट्रैप गैंग की मास्टरमाइंड खुद को बताती थी समाजसेवी

### फेसबुक पर सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने के कई फोटो भी मौजूद

महानगर संवाददाता

**सीकर।** बुजुर्ग को हनीट्रैप के जाल में फंसाकर 12.90 लाख रुपए हड़पने वाली मास्टरमाइंड रेणुका चौधरी सोशल मीडिया पर खुद को समाजसेवी बताती है। उसके सोशल मीडिया पर हजारों फॉलोअर्स हैं। रेणुका चौधरी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर काफी एक्टिव रहती थी। सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने के उसके कई फोटो भी फेसबुक पर मौजूद हैं। कई नेताओं के स्वागत करने की पोस्ट भी उसके फेसबुक पेज पर हैं। गिरफ्तारी से 1 दिन पहले रेणुका चौधरी फेसबुक पेज पर लाइव आई थी। इस दौरान उसने कहा कि सीकर के मजीपुरा में एक फार्म हाउस पर बड़ा सेक्स रैकेट चल रहा है, जिससे कई बड़े नेता भी जुड़े हुए हैं। इस लाइव को 5 हजार से ज्यादा लोगों ने देखा था। धोद थानाधिकारी



राकेश कुमार मीणा ने बताया कि हनीट्रैप के मामले में मास्टरमाइंड रेणुका चौधरी पुत्री बजरंग लाल निवासी घस्सु का बास और उसकी सहयोगी सुबिता पत्नी सुरजाराम जाट निवासी रामपुरा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम जब दोनों को पकड़ने के लिए धोद चौराहे पर गई तो गिरफ्तारी से बचने के लिए रेणुका चौधरी बार-बार बेहोश होने का नाटक करती रही। कभी चलते-चलते नीचे गिर जाती और चिल्लाने लगती। महिला पुलिसकर्मियों ने बड़ी मशक्कत से उसे गिरफ्तार किया।

## पैसा डबल होने का झांसा देकर डिप्टी मैनेजर से ठगे 81.75 लाख

### वॉट्सएप ग्रुप में जोड़ा और ट्रेडिंग एप डाउनलोड करावाकर निकाले रुपए

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज किया है। पीड़ित को वॉट्सएप ग्रुप में आए एक लिंक पर क्लिक करने के बाद उसे ट्रेडिंग एप डाउनलोड करवाया गया। ठगों ने पैसा डबल होने की गारंटी देकर उससे 81 लाख 75 हजार रुपए ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर सांगानेर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ आईटी एक्ट की कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। सांगानेर सदर सीआई और जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि पीड़ित रणजीत सिंह निवासी बालाजी विहार वाटिका रोड ने साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि वह जीनस कंपनी में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उसके वॉट्सएप पर एक मैसेज आया, जिस पर क्लिक करने पर



वह एक ऑनलाइन ट्रेडिंग एप के ग्रुप के साथ जुड़ गया। कुछ दिनों में आरोपियों ने एप को डाउनलोड कर पैसा कमाने की नई-नई तरकीब बताई। पीड़ित की ओर से जल्द पैसा डबल करने का लालच दिया और वह आरोपियों को पैसा देता चला गया। कुछ समय बाद पीड़ित को बता चला कि उसके साथ ठगी हो रही है। पीड़ित ने जब पैसा वापस मांगा तो आरोपियों ने फोन बंद कर दिया और उसे ब्लॉक कर ग्रुप से भी हटा दिया। पीड़ित की शिकायत के बाद अब थाने की साइबर टीम इस एफआईआर पर काम कर ही हैं। साइबर क्राइम करने वाले लोग इस तरह से लोगों को पैसा डबल करने का लालच देकर अपने ग्रुप में जोड़ते हैं। ग्रुप के कुछ लोग जो ठगों के साथ मिले रहते हैं, वे लोग ग्रुप में उन्हें मिल रहे फायदों के बारे में बताते हैं, जिससे लोग इनके जाल में फंसकर अपना पैसा लगा देते हैं। पैसा मिलते ही ये लोग पीड़ित को ग्रुप से हटाकर अन्य शिकार की तलाश में निकल जाते हैं।

## मां ने मासूम बेटी को पहले चौपाटी घुमाया, फिर झील में फेंका

### पति से अलग होने के बाद बच्ची को लेकर लिव इन पार्टनर के तानों से परेशान थी महिला, गिरफ्तार

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** एक मां ने 3 साल की बेटी को पहले आनासागर की चौपाटी पर घुमाया और फिर झील में फेंक दिया। डूबने से मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने महिला को अरेस्ट कर लिया है। महिला लिव इन में रहती थी और पार्टनर बच्ची को लेकर उसे ताने मारता था। क्रिश्चियन गंज पुलिस ने बताया कि अंजली सिंह उर्फ प्रिया पत्नी राजू को गिरफ्तार किया गया है। महिला ने अपनी 3 साल की बेटी काव्या सिंह की हत्या की है। महिला बनारस यूपी की रहने वाली है। पति से अलग होने के बाद बेटी के साथ अजमेर आ गई थी। यहां एक युवक के साथ लिव-इन में रह रही थी। महिला अजमेर के एक होटल में रिसेप्शनिस्ट है। युवक भी उसी होटल में काम करता है। डीएसपी रुद्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि हैड कांस्टेबल गोविंद शर्मा गश्त के दौरान बुधवार अल सुबह वैशाली नगर से बजरंगगढ़ की तरफ जा रहे थे। तब एक युवक और महिला पैदल जाते दिखे। पुलिस ने दोनों को रुकवाकर पूछताछ की। युवक ने अपना नाम अल्केश गुप्ता और महिला ने अंजली सिंह उर्फ प्रिया बताया। महिला ने बताया कि वो अल्केश के साथ लिव-इन में रहती है। वह बेटी के साथ पैदल-पैदल अपने घर आ रही थी। रास्ते में सिटी हॉस्पिटल के पीछे नाले की पुलिया के पास बेटी अचानक गायब हो गई। उसकी रात भर तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

### अलग-अलग बयान देकर पुलिस को किया गुमराह

डीएसपी ने बताया कि बच्ची के गुम होने की जानकारी पर टीम का गठन कर तलाश शुरू की। लगातार सीसीटीवी फुटेज चेक किया जा रहे थे। फुटेज में महिला अपनी बेटी को गोद में लेकर आनासागर चौपाटी के आस-पास घूमती दिखाई दी। महिला के बयान और फुटेज में अलग-अलग बात होने पर तीनों को महिला पर शक हुआ। पुलिस टीम बच्ची की तलाश कर रही थी। इस बीच बुधवार सुबह आनासागर झील में बच्ची का शव नजर आया। महिला से सख्ती से पूछताछ की। उसने बताया कि बेटी को झील के किनारे पहले सुलाया। उसके बाद धक्का देकर फेंक दिया।

# सवारियों से भरी रोडवेज और निजी बस में भिड़ंत, सात घायल

महानगर संवाददाता

**जालोर।** रामसीन थाना क्षेत्र के मुडतरा के पास बुधवार सुबह रोडवेज और निजी बस की भिड़ंत हो गई। इस भीषण हादसे में ड्राइवर समेत 7 सवारियां घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। रामसीन थाना क्षेत्र के एएसआई अमरसिंह ने बताया कि सिरोही डिपो की बस भीनमाल से रवाना होकर रामसीन होते हुए सिरोही जा रही थी। इसी दौरान सुमेरपुर से रवाना होकर एक निजी बस भीनमाल जा रही थी। इस दौरान दोनों बसों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में निजी बस के ड्राइवर बहादुर सिंह समेत 7 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को रामसीन और भीनमाल के अस्पताल पहुंचाया, जहां से सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। हालांकि निजी बस के ड्राइवर बहादुर सिंह का रामसीन अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार दोनों बसों में करीब 40 से अधिक सवारियां मौजूद थी। पुलिस ने मौका रिपोर्ट बनाकर घटना की जांच शुरू की। हालांकि अभी तक किसी सवारी की ओर से कोई रिपोर्ट नहीं दी गई हैं।

# फैक्ट्रियों से कपड़ा चोरी करने वाली गैंग के तीन बदमाश दबोचे

### लाखों का माल और वारदात में यूज कार बरामद, तीनों पर कई केस दर्ज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुहाना थाने इलाके में फैक्ट्रियों से कपड़ा चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों बदमाशों से चोरी किया गया लाखों रुपए का कपड़ा और वारदात में



प्रयोग ली गई एक कार बरामद की है। गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसमें वे जेल जा चुके हैं। डीसीपी साउथ राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि मामले में राजू दास पुत्र कल्याणदास स्वामी निवासी ग्राम चैनपुरा टोंक हाल निवासी अनिता कॉलोनी मुहाना, निर्मल सिंह उर्फ कान्हा पुत्र पप्पू कोठारी निवासी ग्राम लुहारा टोंक हाल निवासी श्याम नगर बी मदरामपुरा जयपुर और महेंद्र मीना पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम निमेड़ा फागी हाल श्याम नगर बी मदरामपुरा को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी ने बताया कि पीड़ित मुकेश चौधरी ने एक रिपोर्ट थाने में दी, जिसमें बताया कि उसकी फैक्ट्री अशोक विहार डिग्गी मालपुरा रोड पर है। फैक्ट्री में तीन बदमाश टवेरा कार लेकर आए और कपड़ा चोरी कर ले गए। सीआई मुहाना गुर भूपेन्द्र सिंह के सुपरविजन में टीम ने जांच शुरू की। पुलिस टीम ने मुहाना इलाके में फैक्ट्रियों में कपड़ा चोरी की सभी वारदातों के फुटेज देखना शुरू किया। एक टीम क्राइम सीन पर पहुंची और बदमाशों के आने-जाने के रूट के कैमरे देखे। एक फुटेज में नजर आया कि तीन बदमाश एक टवेरा कार मेंआए। तीनों फैक्ट्री से कपड़े के 12 बोरे भरकर ले गए। बदमाशों के रूट के कैमरे देखने पर पता चला कि सभी प्रोफेशनल चोर है। बदमाश पुलिस की कार्यशैली से वाकिफ है, क्योंकि बदमाशों ने घटना में पुलिस से बचने के सारे हथकंडे अपनाए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

## दिनदहाड़े महिला का किडनैप, 6 माह पहले की थी लव मैरिज

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** खेरोदा थाना क्षेत्र के भटेवर गांव में बुधवार को 8-10 बदमाशों ने महिला को किडनैप कर लिया। महिला ने 6 महीने पहले लव मैरिज की थी। घटना से जुड़ा सीसीटीवी भी सामने आया है। फुटेज में दो गाड़ियों में बदमाश आते नजर आ रहे हैं और महिला को घसीटते हुए जबरदस्ती गाड़ी में डालकर ले जाते हैं। थानाधिकारी सुरेश बिश्नोई ने बताया कि महिला कोमल और पवन जणवा ने लव मैरिज की थी। महिला के परिजन लव मैरिज को लेकर नाराज चल रहे थे। वे एतराज भी जता चुके थे। शुरुआती जांच में सामने आया कि नाराजगी के चलते ही महिला का किडनैप किया गया है। एक कार का पता लगा लिया है, जो चित्तौडगढ़ की है। टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# 'सब झूठ है, मैं मुंह खोल दूंगी तो...', चहल को धोखा देने के आरोप पर धनश्री का तीखा जवाब







**डांसर और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा इन दिनों रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' में नजर आ रही हैं। शो में उनका सफर जितना मनोरंजक रहा है, उतना ही चर्चा का विषय भी बन गया है। वजह है उनके निजी जीवन से जुड़े वो किस्से, जिन पर वो पहली बार खुलकर बात कर रही हैं। खासकर अपने पूर्व पति और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से अलग होने के बाद उठी अफवाहों पर धनश्री ने जो जवाब दिया, उसने सबका ध्यान खींच लिया धनश्री और चहल का रिश्ता 2020 में शादी के बंधन में बंधा था, लेकिन कुछ ही वर्षों में दरार पड़ने लगीं और फरवरी 2025 में दोनों का तलाक आधिकारिक हो गया। लंबे समय तक इस रिश्ते को लेकर तरह-तरह की बातें होती रहीं। शो में जब इस मुद्दे पर सवाल आया, तो धनश्री ने कहा- 'लोग कहानियां गढ़ते हैं, लेकिन असलियत सिर्फ हम जानते हैं। मैंने इन सबको पीछे छोड़ दिया है।'**

## बेवफाई की अफवाहों पर तीखा जवाब

शो में हाल ही में कंटेस्टेंट अरबाज पटेल ने धनश्री से सवाल किया कि उन्होंने सुना था कि धनश्री ने चहल को चीट किया था। इस पर धनश्री ने गुस्से में कहा- 'ये सब झूठ है। उन्हें डर है कि अगर मैंने सच बता दिया तो बातें बाहर आ जाएंगी। मैं अगर सब कुछ खोलकर रख दूं तो यह शो भी छोटा लगने लगेगा।' उनके इस बयान ने यह साफ कर दिया कि रिश्ते में बहुत कुछ ऐसा हुआ, जिसे अब तक सामने नहीं लाया गया है।

## रिश्ते पर धनश्री ने तोड़ी चुप्पी

धनश्री ने तलाक के बाद चहल के बर्ताव को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, 'रिश्ते में रहते हुए सम्मान बनाए रखना सबसे जरूरी होता है। मैं चाहती तो उन्हें नीचा दिखा सकती थी, लेकिन मैंने हमेशा उनकी इज्जत की, क्योंकि वे मेरे पति थे। आज भी मैं उस रिश्ते की गरिमा समझती हूं।'

## नया रिश्ता बनाने से इनकार

धनश्री ने साफ किया कि फिलहाल उनका किसी रिश्ते में जाने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा- 'मैंने अपने रिश्ते में बहुत कुछ झेला है। अब मुझे किसी की जरूरत नहीं है। मैं इस इंडस्ट्री की फीमेल सलमान खान बनकर रहना चाहती हूं।

## राइज एंड फॉल में हो रहे खुलासे

गौरतलब है कि शो राइज एंड फॉल में धनश्री के अलावा कई जाने-माने चेहरे नजर आ रहे हैं। भोजपुरी स्टार पवन सिंह से लेकर टीवी एक्टर अर्जुन बिजलानी तक, शो में आए दिन कंटेस्टेंट्स अपनी जिंदगी से जुड़े कछ किस्सों को साझा कर सोशल मीडिया पर खूब लाइमलाइट बटोर रहे हैं।

# तान्या मित्तल का लाइफस्टाइल सच या सिर्फ शो के लिए? शो से बाहर हुईं नतालिया ने खोले राज



'**बिग बॉस** 19' के घर में तीन हफ्ते रहने के बाद हाल ही में एविक्ट हुईं पोलैंड की मॉडल नतालिया जानोसजेक ने इस बातचीत में उन्होंने अपने अनुभव, घर के अंदर की दोस्ती, ड्रामा और खासकर तान्या मित्तल के लाइफस्टाइल और असली रूप को लेकर अपनी बेबाक राय साझा की।

**बिग बॉस लाइफ का सफर कैसा रहा?:** सच कहूं तो ये मेरे जीवन का एक बेहतरीन एडवेंचर रहा। बिग बॉस जैसा शो इंडिया में सबसे बड़ा है और मुझे ये मौका देने के लिए चैनल का दिल से धन्यवाद। सलमान खान सर का भी आभार कि उन्होंने मुझे इस शो का हिस्सा बनाया। सब कुछ मेरे लिए नया था, फिर भी तीन हफ्तों का सफर बहुत मजेदार और स्पेशल रहा।

**घर में जाने से पहले आपके मन में क्या था? :** जब मैं शो में जा रही थी, तब मुझे बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि अंदर क्या होगा। बस कुछ क्लिप्स देखी थीं और सुना था कि बहुत ड्रामा होता है। लोगों ने कहा था कि नाम भी बनेगा और साथ ही नफरत भी मिल सकती है, लेकिन मैं बिना किसी डर के गई। मन में था- 'चलो देखते हैं क्या होता है। घर के अंदर मुझे कई रोल निभाने पड़े, खासकर क्योंकि मैं हिंदी इतनी फ्लुएंट नहीं बोलती। समझ लेती हूं, पर बोलते वक्त थोड़ा झिझकती थी। बाहर आते वक्त थोड़ा अजीब लगा, क्योंकि मैंने सबके साथ अच्छे रिश्ते बनाए थे। मुझे पता था कि लोग मुझे वोट से बाहर करेंगे, पर ये महसूस करना कि मेरी वजह से नहीं, बल्कि वोट की वजह से मैं गई, थोड़ी परेशान करने वाली बात थी। फिर भी मुझे लगता है कि मैंने अपना बेस्ट दिया, यही सबसे जरूरी है।'

**अगर मौका मिले तो दोबारा जॉइन करेंगी?:** देखिए, तीन हफ्ते ही काफी हैं। ये कोई आसान खेल नहीं है, खासकर मेरे जैसे विदेशी के लिए। फिनाले के बारे में जरूर सोचा, पर यहां टिकना ही बड़ी बात है। हां, थोड़ी उदासी भी है, क्योंकि अपने परिवार से दूर रहना आसान नहीं था, लेकिन इस दौरान मैंने अच्छे रिश्ते बनाए, खूब मस्ती की, ड्रामा भी देखा और साथ में ग्रो भी किया। सच कहूं तो अगर दोबारा मौका मिला तो मैं जरूर देखना चाहूंगी। कुछ दोस्त अभी बन ही रहे थे, कुछ बातें अधूरी थीं। मन में ये सवाल भी है, अगर मैं रहती तो आगे क्या होता?

**आपके हिसाब से कौन सबसे स्मार्ट खेल रहा है?:** मुझे लगता है कि मेरा दोस्त गौरव काफी समझदारी से खेल रहा है। ड्रामा में रहता है पर पूरी तरह उसमें उलझता नहीं। सब देखता है, बोलता है पर जरूरत से ज्यादा नहीं। ये बैलेंस रखना ही गेम है।





**तान्या मित्तल के बारे में आपका क्या कहना है?:** तान्या बहुत स्वीट है और पर्सनली काफी अच्छी हैं। कई बार तो वो मेरे लिए चीयरलीडर बन जाती थीं, लेकिन अब बात ये है कि अंदर जो दिखता है, वो असली है या बनावटी, ये तो बाहर आने के बाद ही पता चलेगा। तान्या कई बार अपने बड़े घर, पैसों और लाइफस्टाइल के किस्से सुनाती थी। सुनने में तो सब कुछ काफी ग्लैमरस लगता है, लेकिन मुझे पूरी तरह यकीन नहीं हुआ। कई बार लगता था, जैसे वो खुद को बड़ा दिखाने की कोशिश कर रही हो। कहीं ऐसा तो नहीं कि शो में कैमरे के लिए वो अपनी लाइफ को ज्यादा रंगीन बना कर बता रही हो? मैं इंतजार कर रही हूं कि जब वो बाहर आए तो देखूं क्या सच में वो वैसी है जैसी खुद को दिखाती है। अगर बुलाकर अपने घर, लाइफस्टाइल और असलियत दिखाएगी, तभी तो पता चलेगा कि वो असली है या बस शो का खेल। वरना फिलहाल तो मैं बस उसके बिहेवियर को देख रही हूं और दिमाग में एक ही सवाल घूम रहा है कि असली तान्या कौन है?


**आपके कॅरियर पर बिग बॉस का क्या असर पड़ेगा?:** सलमान सर के साथ काम करना मेरे लिए बड़ी बात है। मैं उन्हें दूर से देखती थी, उनकी फिल्म 'सुलतान' का सेट भी देखा था। वो सीधे, ईमानदार और बेहतरीन होस्ट हैं। उनकी अगली चाल क्या होगी, कोई नहीं जानता-यही शो को रोमांचक बनाता है।

मेरे कॅरियर की बात करें तो मैं चाहती हूं कि बिग बॉस मेरे लिए गेम चेंजर बने। मैं नहीं कह सकती कि मैं काफी थी या नहीं, ये दर्शक और मीडिया तय करें। आगे मेरे पास कुछ बड़े प्रोजेक्ट्स हैं-'मस्ती 4' में रितेश देशमुख के साथ और 2026 की शुरुआत में एक और फिल्म। साथ ही मैं म्यूजिक प्रोजेक्ट्स और आइटम नंबर पर भी काम कर रही हूं। टीवी शोज में भी दिलचस्पी है, जहां मैं सिर्फ ड्रामा नहीं, बल्कि अपनी स्किल्स दिखा सकूं, जैसे डांस, स्काइडाइविंग, स्नोबोर्डिंग या एडवेंचर स्पोर्ट्स। 'खतरों के खिलाड़ी' जैसा शो तो मेरे लिए परफेक्ट रहेगा।

**'बिग बॉस 19' में नॉमिनेशन:** गौरतलब है कि जहां एक तरफ पिछले हफ्ते घर से नतालिया और नगमा बाहर हो गईं, वहीं इस हफ्ते घर से बेघर होने के लिए कुल 5 कंटेस्टेंट्स नॉमिनेट हुए हैं। इनमें अभिषेक बजाज, प्रणित मोरे, अशनूर कौर, नेहल चुडासमा और बसीर अली।

# लाल साड़ी में छाईं त्रिशा कर मधु, 'बथाथा बथाथा' गाने पर किया धमाकेदार डांस





**भोजपुरी** सिनेमा की चर्चित एक्ट्रेस त्रिशा कर मधु सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। मंगलवार को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इस वीडियो में वह अपने नए गाने 'बथाथा बथाथा' पर लिप सिंक करती नजर आ रही हैं। वीडियो में त्रिशा कर मधु ने लाल रंग की खूबसूरत साड़ी पहन रखी है, जो उन पर बेहद सुंदर लग रही है। उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा है, जो उनके लुक को और भी आकर्षक बना रहा है। कैमरे के सामने वह गाने के हर एक बोल पर बखूबी लिप्सिंक करती दिख रही हैं। साथ ही बेहतरीन डांस मूव्स भी कर रही हैं। गाने की हर एक लाइन पर उनके एक्सप्रेशन्स दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं। त्रिशा कर ने पोस्ट के कैप्शन में गाने का नाम 'बथाथा बथाथा' लिखा।

अगर हम बात करें 'बथाथा बथाथा' गाने की, तो यह एक मजेदार भोजपुरी गाना है, जिसे राकेश मिश्रा और नेहा राज ने गाया है। इसके बोल बिट्टू मिश्रा ने लिखे हैं और संगीत विक्की वॉक्स ने दिया है। इस गाने में खुद त्रिशा कर मधु ने परफॉर्म किया है और वीडियो का निर्देशन पवन पाल ने किया है।

त्रिशा कर के इंस्टाग्राम वीडियो पर फैंस जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। किसी ने उन्हें 'गॉर्जियस' कहा, तो किसी ने उन्हें 'ब्यूटी क्वीन' का टैग दिया।

इससे पहले भी त्रिशा कर ने एक वीडियो पोस्ट की थी, जिसमें वह भोजपुरी गाने 'जवानी 4 दिन के' पर लिपसिंक कर नजर आईं। इस गाने को श्रृष्टि भारती ने गाया और इसके बोल इमरान भाई ने लिखे। गाने का संगीत अंकुश कुमार ने तैयार किया है और इसे डायरेक्ट आजाद खान ने किया है। इस वीडियो को भी फैंस ने जमकर प्यार दिया। एक्ट्रेस की बात करें तो वह 'ए दूल्हा महाराज', 'कमर धके झूलअ', 'नदी बीचे कमरिया डोले', 'पहिले से जुठ बा 'मन राखा मेहरारू के' और 'छोट बाटे लहंगा चोली' जैसे गानों के लिए मशहूर हैं।

# परेश रावल की 'द ताज स्टोरी' साबित होगी भारतीय सिनेमा के ऐतिहासिक कोर्ट रूम ड्रामा का लैंडमार्क




**सिनेमाई** कोर्टरूम हमेशा केवल कानूनी लड़ाई के मंच नहीं होते, ये ऐसे स्थान होते हैं, जहां नैतिकता, न्याय और सामाजिक चेतना एक साथ टकराती हैं और दर्शकों के सामने एक नई तस्वीर पेश करती हैं। इस 31 अक्टूबर को दर्शकों को साल के सबसे चुनौतीपूर्ण और प्रभावशाली कोर्टरूम ड्रामा 'द ताज स्टोरी' का सामना करने को मिलेगा।

इस फिल्म में प्रमुख भूमिका में हैं दिग्गज अभिनेता परेश रावल और इसमें जाकिर हुसैन, अमृता खानविलकर, स्नेहा वाघ और नामित दास जैसे कलाकारों का भी दमदार अभिनय देखने को मिलेगा। हालांकि 'द ताज स्टोरी' को खास बनाता है इसका साहसिक विषय, जिसमें इतिहास को अदालत के कटघरे में खड़ा किया गया है।

इस फिल्म में केंद्रीय प्रश्न उठाया गया है कि ताज महल का निर्माण किसने किया? यह फिल्म एक सशक्त सिनेमाई बहस के रूप में सामने आती है, जो इतिहास और न्याय के बीच के जटिल रिश्ते को उजागर करती है। ऐसे में आइए एक नजर डालते हैं उन कोर्ट रूम ड्रामा फिल्मों पर, जिन्होंने भारतीय सिनेमा को आकार दिया और गहरे सामाजिक संदेश दिए।

**दामिनीः** वर्ष 1993 में रिलीज हुई राजकुमार संतोषी की फिल्म 'दामिनी' 1990 के दशक की एक यादगार फिल्म बन चुकी है, जहां फिल्म का सबसे यादगार पल है सनी देओल का कोर्टरूम में 'तारीख पे तारीख' का गुस्से से भरा डायलॉग कहना। फिल्म की कहानी दामिनी (मीनाक्षी शेषाद्री) की है, जो अपने ससुरालवालों द्वारा एक घरेलू महिला के साथ हुए बलात्कार को देखकर चुप नहीं रहती। यह फिल्म न केवल महिलाओं के अधिकारों की बात करती है, बल्कि सत्य को दबाने के सामाजिक दबाव को भी उजागर करती है। दामिनी एक ऐसी क्लासिक फिल्म बन गई, जो भावनात्मक गहराई और एक ऐतिहासिक कोर्टरूम सीन को जोड़ती है।

**पिंकः** वर्ष 2016 में रिलीज हुई शुजित सरकार की 'पिंक' को केवल एक फिल्म के तौर पर नहीं देखा जा सकता, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन है, जहां अमिताभ बच्चन ने एक थके, किंतु तीव्र कानूनी दिग्गज की भूमिका निभाई थी, जो एक रात बाहर जाने के बाद झूठे आरोपों में फंसी तीन युवतियों का बचाव करते हैं। फिल्म का केंद्रीय विषय है सहमति और बच्चन का वह संवाद 'नो मिन्स नो' भारतीय समाज में लैंगिक समानता पर एक महत्वपूर्ण बयान बन चुका है। इस फिल्म का कोर्टरूम सीन यथार्थवादी और प्रभावशाली था, जिसने सभी पर अपनी छाप छोड़ी।

**मुल्कः** वर्ष 2018 में रिलीज हुई अनुभव सिन्हा की 'मुल्क' एक साहसी फिल्म है, जो धार्मिक भेदभाव और पहचान के मुद्दे को अदालत के कटघरे में लाती है। फिल्म में ऋषि कपूर ने एक मुस्लिम परिवार के प्रमुख की भूमिका निभाई है, जो आतंकवाद के आरोप में फंस जाता है। इस फिल्म में इस फिल्म में तापसी पन्नू ने उसकी हिन्दू बहू की भूमिका निभाई है, जो उनका बचाव करने के लिए अदालत में खड़ी होती है। यह फिल्म यह सवाल उठाती है कि क्या एक व्यक्ति की गलतियों के कारण पूरे समुदाय को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। 'मुल्क' ने बिना डरे हुए कहानी के साथ समाज के ज्वलंत मुद्दों को सामने रखा और आलोचकों से खूब सराहना प्राप्त की।

**ओ माय गॉडः** वर्ष 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'ओ माय गॉड!' परेश रावल और अक्षय कुमार द्वारा अभिनीत भले ही एक पारंपरिक कोर्टरूम ड्रामा न हो, लेकिन इस फिल्म में अदालत को एक मंच के रूप में उपयोग करते हुए धर्म और अंधविश्वास को जिस तरह चुनौती दी गई है, वो इस फिल्म को खास बनाती है। उमेश शुक्ला द्वारा निर्देशित यह फिल्म स्व-घोषित 'भगवानों' के खिलाफ अदालत में पेश किया गया ऐतिहासिक पन्ना है, जिसने भारत में धार्मिक संस्थाओं और अंधविश्वास के खिलाफ एक मजबूत सवाल उठाया। यह फिल्म सही मायनों में मनोरंजन के साथ-साथ विचारशील संदेश भी देती है।

**शाहिदः** वर्ष 2012 में रिलीज हुई हंसल मेहता की 'शाहिद' एक गहरे व्यक्तिगत कोर्टरूम ड्रामा का ज्वलंत उदाहरण है, जो असली जीवन के मानवाधिकार कार्यकर्ता शाहिद आजमी पर आधारित है। राजकुमार राव ने शाहिद की भूमिका निभाई, जिनके कोर्टरूम दृश्य बेहद सटीक और अप्रत्याशित थे। इस फिल्म में उन्होंने दिखाया है कि किस प्रकार न्याय अक्सर पक्षपाती बन जाता है। 'शाहिद' सिनेमा के लिए एक शक्ति शाली गवाही है, जो कानून और मानवता के बीच के रिश्ते को उजागर करता है।

**जॉली एलएलबीः** वर्ष 2013 में रिलीज हुई फिल्म 'जॉली एलएलबी' की खासियत यह है कि इस फिल्म में कोर्टरूम ड्रामा के साथ व्यंग्य और हंसी का समावेश बेहद खूबसूरती से किया गया है। इस फिल्म ने भारतीय न्याय प्रणाली के भ्रष्टाचार और खामियों पर तीखा कटाक्ष किया और साथ ही मनोरंजन का स्वाद भी दिया। अरशद वारसी ने इस फिल्म में जगदीश त्यागी के रूप में एक महत्वाकांक्षी वकील की भूमिका अदा की है, जो एक भ्रष्ट न्याय प्रणाली से लड़ने का प्रयास करता है। 'जॉली एलएलबी' ने यह साबित किया कि कोर्टरूम ड्रामा सिर्फ गंभीर नहीं, बल्कि व्यंग्य और मनोरंजन का भी अद्भुत मिश्रण हो सकता है। फिलहाल जैसे-जैसे 'द ताज स्टोरी' रिलीज के करीब आती जा रही है, यह देखना दिलचस्प होगा कि यह फिल्म भारतीय सिनेमा में कोर्टरूम ड्रामा की इस समृद्ध परंपरा में क्या नया जोड़ती है। हालांकि इसमें दो राय नहीं है कि परेश रावल की दमदार उपस्थिति और इसका साहसिक विषय दर्शकों को एक नए दृष्टिकोण से इतिहास और न्याय को देखने का अवसर प्रदान करेगा। यह फिल्म न केवल एक कानूनी लड़ाई की कथा होगी, बल्कि यह न्याय, सत्य और समाज के बीच के रिश्ते पर भी गहरी चर्चा करेगी।

## कृष्णा श्रॉफ का ट्रेडिशनल वॉर्डरोब ट्रांसफॉर्मेशन

# मुंबई की बेब से बमुलिया गांव की छोरी तक

**जहां** हम अक्सर कृष्णा श्रॉफ को उनके स्टाइलिश जिमवियर या फिल्मी पार्टियों और रेड कारपेट इवेंट्स में ग्लैमरस लुक में देखते आए हैं, वहीं 'छोरियां चली गांव' शो में उनका एक बिल्कुल नया रूप सामने आया है। इस रियलिटी शो में कृष्णा ने 'मुंबई शहर की फिटनेस आइकॉन और एंटरप्रेन्योर' की छवि को पीछे छोड़ते हुए एक सच्ची 'बमुलिया गांव की छोरी' की पहचान बनाई है। उन्होंने पारंपरिक भारतीय पहनावे को न सिर्फ अपनाया, बल्कि उसे पूरे आत्मविश्वास और सहजता से निभाया भी।

**सबसे प्यारे कान्हा की परफेक्ट यशोदा मांः** जन्माष्टमी स्पेशल एपिसोड में, कृष्णा ने न सिर्फ मंच पर परफॉर्म करने के डर को मात दी, बल्कि पूरे गांव के सामने अपनी परफॉर्मेंस और लुक से सभी का दिल जीत लिया। एक सच्ची गांव की राजकुमारी की तरह लग रहीं कृष्णा ने आइवरी और गोल्डन लहंगे के साथ पारंपरिक गहनों और फूलों की सजावट से अपना लुक पूरा किया। उनकी खूबसूरत कढ़ाई वाली ड्रेस, उनके आत्मविश्वास भरे हावभाव और साथ में सबसे प्यारे 'कान्हा' के साथ उनकी जोड़ी ने उस लुक को और भी खास बना दिया। यह लुक उनकी मॉडर्न मुंबई गर्ल से देसी गांव की संस्कृति की सच्ची प्रतिनिधि बनने की यात्रा को खूबसूरती से दर्शाता है।



**एमराल्ड साड़ी में शिक्षक जैसी शालीनताः** एक टास्क के तहत कृष्णा को गांव के किसी व्यक्ति को इंग्लिश सिखाना था। इस टास्क में उन्होंने न केवल जीत हासिल की, बल्कि अपने पहनावे और आत्मविश्वास से भी सबको प्रभावित किया। हरे रंग की साड़ी में वह बेहद आकर्षक लगीं और गांव के बुजुर्गों के साथ उनका शालीन व्यवहार यह दिखाता है कि वह स्थानीय रीति-रिवाजों और संस्कृति का पूरा सम्मान करती हैं। यह सादा मगर असरदार लुक साबित करता है कि कृष्णा ने गांव के माहौल को पूरी तरह समझा और अपनाया है।

**रंग-बिरंगे लहंगे में उत्सव की रौनकः** बमुलिया गांव के सबसे वृद्ध दंपती की शादी के अवसर पर, कृष्णा ने एक बेहद खूबसूरत, रंगीन और कढ़ाईदार लहंगा-चोली पहना, जिसमें पारंपरिक मिरर वर्क और ज्यामितीय डिजाइनों का अद्भुत संयोजन था। उन्होंने इस पोशाक को आत्मविश्वास भरे डांस मूव्स के साथ कैरी किया, जिसने यह सिद्ध किया कि उन्होंने गांव की संस्कृति को दिल से अपना लिया है। यह लुक उनकी ट्रांज़िशन का एक जीवंत उदाहरण बन गया, 'शहरी फैशन से लेकर पारंपरिक देसी अंदाज तक।'

**शाही नील साड़ी में गरिमा और आधुनिकता का संगमः** छोरियां चली गांव के गणेश चतुर्थी के विशेष एपिसोड में कृष्णा ने शाही नीले रंग की साड़ी में सबका मन मोह लिया। उन्होंने इसे स्टेटमेंट जूलरी और खुले बालों के साथ स्टाइल किया, जो परंपरा और आधुनिकता का खूबसूरत संगम प्रस्तुत करता है। इस लुक में वे इतनी सहज और सुंदर नजर आईं कि दर्शकों को यकीन हो गया कि कृष्णा हर पारंपरिक पोशाक को खूबसूरती और गर्मजोशी के साथ पहन सकती हैं।

'छोरियां चली गांव' में कृष्णा श्रॉफ की यात्रा बेहद प्रेरणादायक रही है। उनके पारंपरिक परिधानों का परिवर्तन तो बस उनकी संपूर्ण परिवर्तनशीलता का एक पहलू है। उन्होंने न केवल हर टास्क को पूरी लगन और सटीकता से पूरा किया, बल्कि अपने देसी लुक्स के माध्यम से गांव की आत्मा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कृष्णा ने न केवल बामुलिया गांव के लोगों का दिल जीता है, बल्कि अपनी प्रतिस्पर्धी भावना के लिए अपने सह-प्रतियोगियों से भी अपार सम्मान अर्जित किया है, साथ ही साथ उन्होंने देशभर के दर्शकों को प्रभावित किया है, जिसने उन्हें शो में और जनता की राय में एक स्पष्ट पसंदीदा बना दिया है। कृष्णा को छोरियां चली गांव जीतने के लिए सबसे मजबूत प्रतियोगियों में से एक के रूप में देखा जा रहा है। कृष्णा का यह देसी फैशन सफर उनके इस नए अध्याय को खूबसूरती से दर्शाता है और यह प्रमाणित करता है कि स्टाइल और संवेदना-दोनों साथ-साथ चल सकते हैं, फिर चाहे आप मुंबई के जिम में हों या बमुलिया जैसे गांव में।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्पष्ट संदेश, माइनिंग सेक्टर में राजस्थान बने अग्रणी प्रदेश

# लक्ष्य के अनुसार हो राजस्व का संग्रहण कोताही नहीं होगी बर्दाश्त : रविकांत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्य के खान एवं भूविज्ञान विभाग ने राजस्व वसूली की कवायद तेज करते हुए राजस्व संग्रहण पर खास फोकस किया है। प्रमुख सचिव खान एवं भूविज्ञान विभाग टी. रविकांत ने अधिकारियों से कहा है कि विभागीय राजस्व वसूली के ठोस प्रयास परिलक्षित होने के साथ ही बकाया राशि की भी समय पर वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पुरानी बकाया राशि की वसूली के लिए राज्य सरकार ने एमनेस्टी योजना लागू करते हुए आकर्षक रियायतें दी हैं। ऐसे में बकायादारों से समन्वय बनाते हुए वसूली के ठोस प्रयास करें। एमनेस्टी योजना की बकायादारों तक प्रभावी तरीके से जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्हें एमनेस्टी योजना का लाभ उठाने को प्रोत्साहित किया जाए।




प्रमुख सचिव टी. रविकांत बुधवार को उदयपुर के खनिज भवन में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने आरसीसी-ईआरसीसी ठेकों की मासिक किस्तों की भी माह के प्रथम सप्ताह में ही वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुरानी बकाया, चालू बकाया और अवैध खनन गतिविधियों पर कार्रवाई के दौरान लगाई गई जुर्माना राशि की शत-प्रतिशत राशि वसूली पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार द्वारा विभागीय राजस्व संग्रहण के लक्ष्यों में अधिक बढ़ोत्तरी की है, पर हमें समन्वित प्रयास करते हुए लक्ष्यों के अनुसार शत-प्रतिशत राजस्व संग्रहण करना होगा। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वसूली के ठोस प्रयास रिजल्ट के रूप में परिलक्षित होने चाहिए। रविकान्त ने मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में राजस्थान के पहले पायदान पर होने के लिए विभागीय अधिकारियों की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि हमें इस गति को बनाए रखने के साथ माइनर मिनरल प्लॉटों के ऑक्शन में भी तेजी लानी होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्पष्ट संदेश है कि खनिज सेक्टर में राजस्थान को देश में अग्रणी प्रदेश बनाना है और इसके लिए हमें ठोस प्रयास जारी रखने होंगे। उन्होंने विभागीय डीएमजीओएमएस सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाते हुए विभागीय कार्यों को पेपरलेस बनाने पर जोर दिया।

### माइनिंग सेक्टर में नए आयाम स्थापित करेगा विभाग

अतिरिक्त निदेशक मुख्यालय महेश माथुर ने विश्वास दिलाया कि विभाग मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार के निर्देशन व मार्गदर्शन में कार्य करते हुए माइनिंग सेक्टर में नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि विभाग के मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत किया जा रहा है, वहीं फील्ड अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए अन्य कार्यों सहित राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति के समन्वित प्रयास किए जाएंगे। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# डीजीपी ने मुनाबाव बॉर्डर पर बीएसएफ के अधिकारियों-जवानों से किया संवाद

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा राज्य में बेहतर पुलिसिंग और कानून-व्यवस्था की मजबूती को लेकर इन दिनों जोधपुर संभाग के दौरे पर हैं। इसी क्रम में उन्होंने बाड़मेर जिले के सीमावर्ती गडरा रोड थाना और मुनाबाव सीमा चौकी का दौरा किया।

भारत-पाकिस्तान सीमा से महज 5 किलोमीटर दूर स्थित गडरा रोड थाने पहुंचकर डीजीपी शर्मा ने ना केवल थाने का निरीक्षण किया, बल्कि अधिकारियों से कानून-व्यवस्था और क्षेत्र में अपराधों की प्रकृति की जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने थाने में संधारित अभिलेखों को देखा और पुलिस की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। डीजीपी ने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद पुलिस महानिदेशक ने थाने में तैनात जवानों से संवाद किया। जवानों की समस्याएं व अपेक्षाएं सुनते हुए उन्होंने उनके साथ रात्रि भोज भी किया।



### पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों से हुए रूबरू

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के कल्याण, उनकी समस्याओं के निस्तारण और पुलिस परिवार के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान करते हुए उनके प्रति संवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों से सीधे संवाद किया। पुलिस परिवार के सदस्यों ने पानी, बिजली और अन्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को डीजीपी के सामने रखा, जिस पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। डीजीपी शर्मा ने पुलिस परिवार के उन बच्चों को सम्मानित किया जिन्होंने शिक्षा, खेल और कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। इस दौरान डीजीपी के साथ महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज राजेश मीना, उप महानिरीक्षक पुलिस कुंवर राष्ट्रदीप और पुलिस अधीक्षक बाड़मेर नरेंद्र सिंह मीना सहित बाड़मेर के जिले के सभी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृत्त अधिकारी एवं थानाधिकारी मौजूद रहे।

### मुनाबाव बॉर्डर पहुंचे डीजीपी

गडरा रोड थाने के निरीक्षण के बाद डीजीपी शर्मा भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मुनाबाव चौकी पहुंचे, जहां उन्होंने बीएसएफ अधिकारियों और जवानों से मुलाकात की। डीजीपी ने सीमा पर तैनात बीएसएफ की गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी ली जानकारी। बीएसएफ के जवानों से संवाद दौरान पुलिस महानिदेशक ने उनके अनुशासन व साहसिक कार्यों की सराहना करते हुए विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किए गए पराक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस हमेशा बीएसएफ के सहयोग के लिए तत्पर है। सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस महानिदेशक का यह दौरा ना केवल सुरक्षा बलों के मनोबल को बढ़ाने वाला साबित हुआ है, बल्कि इससे पुलिस और बीएसएफ के बीच बेहतर तालमेल को भी मजबूती मिली है।

## आसनसोल पुलिस लाइन में विश्वकर्मा पूजा और वस्त्र वितरण




महानगर संवाददाता

**आसनसोल।** आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर सुनील कुमार चौधरी ने बुधवार को आसनसोल पुलिस लाइन में विश्वकर्मा पूजा का शुभारंभ किया। पूजा-अर्चना के बाद कमिश्नर चौधरी ने वंचित वर्ग के लोगों और वरिष्ठ नागरिकों के बीच वस्त्र वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था की रक्षा ही नहीं करती, बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ मिलकर आगे बढ़ने की जिम्मेदारी भी निभाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और संवेदनशीलता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, पुलिस जवानों के साथ स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे।

## राज्यपाल बागडे से तेलंगाना के राज्यपाल वर्मा ने की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर (मसं)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन में बुधवार को तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

## अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच नेपाल राष्ट्र में 72 शहीदों के परिवारों को देगा आर्थिक सहायता

महानगर संवाददाता

**जयपुर/काठमांडू।** नेपाल राष्ट्र में हाल ही हुए जेन-जी आंदोलन में शहीद हुए जवानों के परिवार को अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा विशेष आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी। मंच के बोर्ड सलाहकार सदस्य नीरज गोयल पदमपुर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो-नेपाल समरसता मंच के प्रमुख संरक्षक न्यायाधीश परमानंद झा प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल सरकार द्वारा भारत-नेपाल के सामाजिक रिश्तों को बढ़ाने तथा मंच में नेपाल राष्ट्र के प्रमुख लोगों का जुड़ाव होने से यह प्रस्ताव पारित किया गया है। जेन-जी आंदोलन में मृतक 72 लोगों को नेपाल सरकार ने शहीद का दर्जा दिया है। इन सभी शहीदों के परिवारों को मंच के सदस्यों के सहयोग से आर्थिक मदद दी जाएगी। मंच के मुख्य सलाहकार डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म नेपाल ने बताया की मंच की हाईपावर कमेटी के सदस्य सुभाष जैन नेपाल के अनुरोध पर मंच ने यह प्रस्ताव पास किया है कि जैसे-जैसे मंच के पास सहयोग प्राप्त होगा, मंच उन शहीद परिवारों को राशि भेंट करेगा। सहयोगदाता अपना सहयोग इंडो-नेपाल समरसता ऑर्गेनाइजेशन खाते में जमा करा सकते हैं। मंच द्वारा आर्थिक सहायता देने की घोषणा भारत में नेपाली राजदूत डॉ. शंकर शर्मा से प्रेरित होकर की गई है।






स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25